राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 137, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 02 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म में 'वर्चुअल दुनिया में डिज़ाइन और एडिटिंग के बढ़ते आयाम' .... पेज 03

अच्छादित पेंशनभोगियों का आयकर देयता विवरण न जमा करने की स्थिति में पेंशन हो .... पेज 05

भारत के दक्षिण अफ्रीकी दौर के लिए बीसीसीआई ने बनाये तीन कप्तान .... पेज 07

## मिजोरम में 3 की बजाय 4 दिसंबर को होगी काउंटिंग

### ईसाई समुदाय की मांग पर फैसला, कहा था- रविवार को चर्च जाना जरूरी



नई दिल्ली। मिजोरम में 3 दिसंबर की जगह 4 दिसंबर को मतगणना होगी। चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी है। राज्य की 40 सीटों पर 7 नवंबर को वोटिंग हुई थी, काउंटिंग 3 दिसंबर यानी रविवार को होनी थी। 3 दिसंबर को काउंटिंग के विरोध में एनजीओ कॉर्डिनेशन कमेटी , सेंट्रल यंग मिजो एसोसिएशन और मिजो जिरलाई पॉल जैसे संगठन प्रदर्शन कर रहे थे।

दरअसल, मिजोरम में बड़ी संख्या में क्रिश्चियन समुदाय के लोग रहते हैं। रविवार ईसाइयों के लिए पवित्र दिन है, और ईसाई समुदाय कई धार्मिक कार्यक्रम करता है। काउंटिंग के कारण इनमें बदलाव करना पड़ेगा, इसलिए मांग की जा रही थी कि इस दिन राज्य में वोट काउंटिंग न कराई जाए। राज्य की कुल आबादी करीब 11 लाख इनमें से 9.56 लाख ईसाई हैं। लगातार चल रहा था विरोध प्रदर्शन काउंटिंग डे बदलने के लिए कई दिनों से विरोध प्रदर्शन चल रहा था। शुक्रवार (1 दिसंबर) को इन लोगों ने राजभवन के पास एक रैली की। जिसमें NGOCC के चेयरमैन लालह्म छुआना ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि पॉलिटिकल पार्टी, चर्चों और NGO ने चुनाव आयोग से कई बार काउंटिंग की तारीख बदलने की अपील की, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों पर 7 नवंबर को वोटिंग हुई थी। राज्य में 77.04 प्रतिशत मतदान हुआ था। सेरछिप में सबसे ज्यादा 77.78 प्रतिशत तो सियाहा में सबसे कम 52.02 प्रतिशत मतदान हुआ। आइजोल में 65.06 प्रतिशत वोटिंग हुई। मिजोरम में 2018 के विधानसभा चुनाव में 81.61 प्रतिशत वोट पड़े थे।

#### मिजोरम का एग्जिट पोल

सत्ताधारी मिजो नेशनल फ्रंट , जोरम पीपुल्स मूवमेंट और कांग्रेस ने सभी 40 सीटों पर चुनाव लड़ा। वहीं, भाजपा ने 23 और आम आदमी पार्टी ने 4 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। 27 लोगों ने निर्दलीय चुनाव लड़ा। नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे।

**COP 28**



दुबई में COP28 के दौरान विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचने पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधान मंत्री और आंतरिक मंत्री सैफ बिन जायद अल नाहयान द्वारा स्वागत किया गया।

## सीबीएसई बोर्ड एग्जाम का ग्रेडिंग सिस्टम बदला

### अब 10वीं, 12वीं की मार्कशीट में परसेंटेज नहीं, सिर्फ ग्रेड पॉइंट्स मिलेंगे




नई दिल्ली। सीबीएई (सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन) अब 10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम के रिजल्ट में परसेंटेज यानी एग्रीगेट मार्क्स जारी नहीं करेगा। इसके अलावा अगले साल से रिजल्ट के साथ डिवीजन (फर्स्ट, सेकंड या थर्ड डिवीजन) और डिस्टिंक्शन भी जारी नहीं की जाएगी। अब रिजल्ट में सिर्फ सीजीपीए(कम्युलेटिव ग्रेड पॉइंट एवरेज) यानी ग्रेड पॉइंट्स ही मिलेंगे। रिजल्ट से परसेंटेज हटाए जाने के फैसले पर सीबीएसई के एग्जामिनेशन कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने कहा कि ऐसा करने से ट्रेडिशनल ग्रेडिंग सिस्टम खत्म होगा। अब हम सभी सब्जेक्ट्स के मार्क्स को जोड़कर परसेंटेज निकालकर रिजल्ट कैलकुलेट करने की बजाय हर सब्जेक्ट में स्टूडेंट ने कैसा परफॉर्म किया है इस पर फोकस करना चाहते हैं। इसका मतलब ये है कि ओवरऑल परसेंटेज की बजाय अब हर सब्जेक्ट के लिए अलग-अलग ग्रेड दिए जाएंगे और उनके एवरेज से ष्ठत्नक्क कैलकुलेट किया जाएगा। एक जैसे ग्रेडिंग सिस्टम होने से एडमिशन देने वाले इंस्टीट्यूट्स को आसानी होगी। किसी भी इंस्टीट्यूट को मेरिट लिस्ट तैयार करने के लिए परसेंटेज को किसी भी और यूनिट में बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## दिल्ली हाईकोर्ट में यूसीसी से जुड़ी याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार (1 दिसंबर) को यूसीसी को लेकर लगाई गई सभी याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। इनमें समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने और उसे समय पर लागू करने के लिए केंद्र और विधि आयोग को निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मिनी पुष्करणा ने दलीलें सुनने के बाद कहा- भारत का विधि आयोग पहले से ही इससे निपट रहा है और हम संसद को इसके लिए अलग से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकते। इससे पहले भी दिल्ली हाईकोर्ट ने 21 नवंबर को एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कहा था- मार्च में सुप्रीम कोर्ट इस पर सुनवाई से इनकार कर चुका है। अब हम कुछ नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट में वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने जेंडर न्यूट्रल और रिलीजन न्यूट्रल कानूनों के लिए याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वालों में भी उपाध्याय शामिल हैं। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि किसी कानून को बनाना या न बनाना विधायिका का काम है। यह जनता के निर्वाचित प्रतिनिधि तय करते हैं।

## बेंगलुरु के 48 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु के 48 प्राइवेट स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी शुक्रवार 1 दिसंबर को ई-मेल के जरिए दी गई। सभी स्कूलों को एक साथ ई-मेल आया, जिसमें दावा किया गया कि स्कूलों के अंदर बम रखे गए हैं। स्कूल प्रशासन ने पुलिस को तुरंत इसकी सूचना दी। पुलिस ने स्कूलों से स्टूडेंट्स और स्टाफ को बाहर निकाला और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मौके पर बम डिफ्यूजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और एंटी सैबोटाज टीम भी पहुंची। बम की सूचना पर पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों को लेने आ गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने ई-मेल को अफवाह बताया। उन्होंने कहा- घबराने की जरूरत नहीं है। हम 24 घंटे में आरोपियों को पकड़ लेंगे। पुलिस ने बताया कि सर्च ऑपरेशन लगभग खत्म हो चुका है। अब तक किसी भी स्कूल से कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है। इस मामले में एफआईआर दर्ज की जाएगी। बम की सूचना पर डिप्टी ष्टरूडीके शिवकुमार एक स्कूल पहुंचे, जहां ई-मेल आया था। उन्होंने कहा- मैंने टीवी पर स्कूलों में बम की खबर देखी तो घबरा गया।

## 5 राज्यों में बारिश का अलर्ट

### कश्मीर के कुपवाड़ा में एवलॉन्च की चेतावनी



नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और कर्नाटक में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवात के कारण तमिलनाडु में भी बारिश का अलर्ट है।

उधर, जम्मू-कश्मीर डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने राज्य के कुपवाड़ा में अगले 24 घंटों में एवलॉन्च की चेतावनी भी जारी की है।

प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट ने केरल में भी हल्की बारिश की संभावना जताई है। साथ ही हिमालयी राज्यों में बारिश के साथ बर्फबारी भी हो सकती है।

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी हो रही है। हिमाचल के लाहौल स्पीति में बर्फबारी के बाद 35 सड़कें और बिजली के 45 ट्रांसफॉर्मर ठप हैं। ह॥-3 पर सोलंगनाला से अटल टनल तक और ह॥ 305 जलोड़ी जोत सड़क को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

जम्मू-कश्मीर बर्फबारी के बाद कुपवाड़ा से तंगधार केरन मार्ग बंद हो गया है। राजौरी और पुंछ से कश्मीर को जोड़ने वाली मुगल रोड भी बंद है। गुरुवार 30 नवंबर को मुगल रोड पर पोशाना से पीर की गली तक ढाई फीट बर्फ जमी हुई है।

#### हिमाचल के कई शहरों में तापमान 5 डिग्री पहुंचा

हिमाचल में बारिश-बर्फबारी से शीत लहर का प्रकोप बढ़ गया है। अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। कई शहरों का न्यनूतम तापमान भी 5 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गया है। शिमला के नारकंडा के हाटू माता मंदिर और चांशल में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है।

अगले 24 घंटों के दौरान शिमला, कुल्लू, किन्नौर, मंडी, चंबा, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और सिरमौर की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग ने 3 दिसंबर तक प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

#### दिसंबर में नहीं पड़ेगी कड़ाके की ठंड

मौसम विभाग का अनुमान है कि जिस तरह नवंबर बहुत कम सर्दियों में बीत गया, दिसंबर भी कुछ ऐसा ही रहेगा। राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों को छोड़कर पूरे भारत में इस महीने दिन का तापमान सामान्य से एक या दो डिग्री ज्यादा रहने की संभावना है।

इसकी दो वजह हैं। पहला- उत्तरी हिमालयी क्षेत्र से एक पश्चिमी विक्षोभ गुजर रहा है। दूसरा- बंगाल की खाड़ी में एक डिप्रेशन क्षेत्र बना है, जो अगले दो-तीन दिन में समुद्री तूफान में बदल सकता है। इन दोनों की तरफ से नमी के साथ आ रही हवाएं मध्य भारत में टकरा रही हैं। इससे अगले दो-तीन दिन मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है। ऐसे में दिसंबर के शुरुआती तीन-चार दिन बारिश में बीतने के आसार हैं। इसके बाद दो हफ्ते दक्षिण भारत को छोड़कर बाकी देश में मौसम साफ रहेगा। इस कारण उत्तर, पश्चिम से लेकर पूर्व व मध्य भारत तक के राज्यों में दिन का तापमान 18 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। यह सामान्य से एक से दो डिग्री ज्यादा है।

## 7 हजार फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने वाले 3 अरेस्ट

### विदेशी घुसपैठियों का बना देते थे बर्थ सर्टिफिकेट: देशभर में 436 फ्रेंचाइजी से चल रहा था फर्जीवाड़ा



गाजियाबाद। यूपी एसटीएफ ने फर्जी सर्टिफिकेट बनाने वाले बड़े गैंग का शुक्रवार को भंडाफोड़ किया है। गाजियाबाद से 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। यह गैंग अलग-अलग सॉफ्टवेयर और वेबसाइट के जरिए अब तक करीब 7 हजार फर्जी सर्टिफिकेट बना चुका है।

इन सर्टिफिकेट में प्रमुख रूप से कोविड वैक्सीन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शामिल हैं। इतना ही नहीं, इस गैंग ने पूरे देश में 436 फ्रेंचाइजी भी बांट दी थीं, जो फर्जीवाड़ा कर रही थीं।

#### फर्जी सर्टिफिकेट और डिजिटल सिग्नेचर बरामद

एसटीएफ ने बताया, पकड़े गए आरोपी मोहम्मद साहिल, मोहम्मद जुबैर और रियाजुद्दीन हैं। तीनों गाजियाबाद के रहने वाले हैं। मोहम्मद साहिल मास्टरमाइंड है। इसमें दो आरोपियों को दौलतनगर गांव और तीसरे को ट्रोनिका सिटी तिराहे से पकड़ा गया है। इनसे एक प्रिंटर, लैमिनेशन मशीन, लैपटॉप, थंब स्कैनर, वेबकैम, 30 केवाईसी फॉर्म, 15 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, अलग-अलग हॉस्पिटल के 8 फर्जी डिजिटल सिग्नेचर, नगर पंचायतों के 7 फर्जी डिजिटल सिग्नेचर आदि सामान बरामद किया गया है।

#### घुसपैठियों के भी सर्टिफिकेट बनाने की बात कबूली

एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम सिंह ने बताया, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए सरकारी वेबसाइट www.crsorgi.gov.in है। इस गैंग ने इसी से मिलती-जुलती कई फर्जी वेबसाइट बना लीं। पूछताछ में मास्टरमाइंड साहिल ने बताया कि हम इन फर्जी वेबसाइट को कई राज्यों में सॉफ्टवेयर डेवलपर के जरिए चलवाते हैं। बाकायदा इसके लिए फ्रेंचाइजी बेचते हैं।

आरोपियों ने कबूल किया कि वे विदेशों से घुसपैठ करने वाले नागरिकों के भी भारतीय जन्म प्रमाण पत्र बनाते हैं। जिसके आधार पर वे भारत का निवास प्रमाण पत्र हासिल करते हैं। फिर उसी से आधार कार्ड भी बन जाता है।

#### वॉट्सऐप-टेलीग्राम से कस्टमर से करते थे संपर्क

एसटीएफ का दावा है कि ये गैंग अब तक 6675 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और 224 मृत्यु प्रमाण पत्र बना चुका है। दूसरे आरोपी मोहम्मद जुबैर ने बताया, वॉट्सऐप, टेलीग्राम और अन्य वेबसाइट से लोगों से संपर्क किया जाता था।

#### आधार कार्ड भी फर्जी बनाने की आशंका

एसएसपी ने बताया, जन्म प्रमाण पत्रों के आधार पर आधार कार्ड भी फर्जी बनाए जाने की आशंका है। इसलिए UIADI से इसकी जानकारी हासिल की जा रही है। ये गैंग इन प्रमाण पत्रों का इस्तेमाल विभिन्न सरकारी योजनाओं का फायदा पाने, बीमा कंपनियों से क्लेम लेने में भी करता था। गैंग से जो इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए हैं, उन्हें फोरेंसिक लैब जांच के लिए भेजा जाएगा। इस संबंध में गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## पारादीप बंदरगाह पर 220 करोड़ मूल्य की 20 किलो कोकीन जब्त

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को पारादीप बंदरगाह पर खड़े एक जहाज से लगभग 220 करोड़ रुपये मूल्य की 20 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की। भुवनेश्वर सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्तालय ने 30 नवंबर और 1 दिसंबर की मध्यरात्रि को पारादीप अंतर्राष्ट्रीय कार्गो टर्मिनल, पारादीप पर खड़े पनामा पंजीकृत जहाज एमवी देबी की तलाशी ली थी। यह तलाशी एक खुफिया सूचना के आधार पर की गई थी कि इंडोनेशिया के ग्रेसिक बंदरगाह से आए जहाज में गिट्टी में कुछ संदिग्ध पैकेट छुपाए गए हैं, जो संभवत: नारकोटिक्स दवाएं हैं। तलाशी के दौरान, जहाज के क्रेन से कुल 22 पैकेट बरामद किए गए, जिनमें कठोर लेकिन भंगुर सफेद पदार्थ था, जिसके मादक पदार्थ होने का संदेह था।

## कांग्रेस ने रक्षा मंत्रालय पर लगाया आरोप

### कहा- राहुल गांधी के विमान को नौसेना हवाई अड्डे पर उतरने की नहीं दी अनुमति

कोच्चि। कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय पर आरोप लगाया है कि राहुल गांधी जिस विमान में सफर कर रहे थे, उसे नौसेना हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया है। एर्नाकुलम डीसीसी के अध्यक्ष मोहम्मद शियास ने आरोप लगाया कि मंत्रालय ने शुरू में नौसेना सुविधा में विमान की लैंडिंग की अनुमति दी थी, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया गया।

एर्नाकुलम डीसीसी के अध्यक्ष मोहम्मद शियास ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि रक्षा मंत्रालय के इस आदेश के बाद कन्नूर से राहुल गांधी को ले जा रहे विमान को नेदुंबेसरी में कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की ओर मोड़ा गया। एक आधिकारिक सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि नौसेना स्टेशन पर निजी जेट विमानों की लैंडिंग की अनुमति देने का निर्णय रक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया था। हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। केरल दौरे पर चल रहे राहुल गांधी के शुक्रवार को कोच्चि में दो कार्यक्रम निर्धारित हैं। वायनाड सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को केरल के कलपेट्टा में वायनाड मेडिकल कॉलेज की एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग विस्तार परियोजना की समीक्षा बैठक में भी भाग लिया।

## दिनदहाड़े बैंक से लूटे 18 करोड़ रुपये

### नकाब पहनकर आए बदमाश, स्टॉफ को बाथरूम में बंद किया; कैशियर से खुलवाया ताला



इंफाल। मणिपुर में पंजाब नेशनल बैंक चेस्ट से बदमाशों ने 18.80 करोड़ रुपये कैश लूट लिए। सभी लुटेरे नकाब पहनकर आए थे। उन्होंने स्टॉफ को बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद कैशियर से तिजोरी का ताला खुलवाकर पैसे लेकर भाग गए।

यह घटना गुरुवार को उखरुल जिले में हुई।

पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है।

#### राजधानी इंफाल से लगभग 80 किमी दूर है बैंक

पीएनबी बैंक चेस्ट राजधानी इंफाल से लगभग 80 किमी दूर उखरूल शहर में स्थित है। यहां से बैंक और ञ्जरूमें पैसे भेजे जाते हैं। जिसकी वजह से काफी कैश रखा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया, 30 नवंबर को दोपहर अत्याधुनिक हथियारों से लैस कुछ लुटेरे बैंक पहुंचे। उन्होंने बैंक के गार्ड्स को अपने कब्जे में ले लिया और स्टॉफ को बंदूक दिखाकर धमकाया।

अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों में से कुछ ने कैमोफ्लॉज ड्रेस पहनी थी। उन्होंने बैंक के कैशियर को बंदूक की नोक पर तिजोरी खोलने के लिए कहा और पैसे लूट लिए। फिलहाल उखरूल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है।

#### मणिपुर में 3 मई से हिंसा, 187 की मौत

मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा के बाद अब तक 187 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 1 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए।

**वायु प्रदूषण**

**दुनियाभर में मौत का आंकड़ा कर देगा हैरान**

## भारत में बाहरी वायु प्रदूषण से प्रतिवर्ष 21 लाख से अधिक मौतें

नई दिल्ली। भारत में सभी स्रोतों से होने वाले बाहरी वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष 21 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है।

'द बीएमजे' (द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल) में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार बाहरी वायु प्रदूषण भारत में प्रति वर्ष 21 लाख 80 हजार लोगों की जिंदगी छीन लेता है। इस मामले में चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर है।

#### दुनियाभर में प्रतिवर्ष 51 लाख लोगों की मौत होती है

शोध के अनुसार उद्योग, बिजली उत्पादन और परिवहन में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से होने वाले वायु प्रदूषण के कारण दुनियाभर में प्रतिवर्ष 51 लाख लोगों की मौत होती है। इन मौतों को स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा का इस्तेमाल करके कम किया जा सकता है।

जर्मनी के 'मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फार केमिस्ट्री' के शोधकर्ताओं सहित टीम ने वायु प्रदूषण के सभी कारणों और विशेष तौर पर जीवाश्म ईंधन के कारण होने वाली मौतों का अनुमान लगाने और जीवाश्म ईंधन को स्वच्छ, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बदलने वाली नीतियों से संभावित स्वास्थ्य लाभों का आकलन करने को नए मॉडल का उपयोग किया।



#### वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों का आकलन चार परिदृश्यों में किया

शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों का आकलन चार परिदृश्यों में किया। पहले परिदृश्य में माना गया कि जीवाश्म ईंधन के सभी उत्सर्जन स्रोत चरणबद्ध तरीके से समाप्त हो गए हैं। दूसरे और तीसरे परिदृश्य में यह माना गया है कि जीवाश्म चरण समाप्त होने की दिशा में 25 प्रतिशत और 50 प्रतिशत कमी दर्ज की गई है।

चौथा परिदृश्य में माना गया कि रेगिस्तानी धूल और प्राकृतिक जंगल की आग जैसे प्राकृतिक स्रोतों को छोड़कर वायु प्रदूषण के सभी मानवजनित स्रोतों को हटा दिया गया है। परिणामों से पता चलता है कि 2019 में दुनियाभर में 83 लाख मौतें वायु में सूक्ष्म कणों (पीएम2.5) और ओजोन (ओ3) के कारण हुईं, जिनमें से 61 प्रतिशत (51 लाख) जीवाश्म ईंधन से जुड़ी थीं। यह वायु प्रदूषण से होने वाली अधिकतम मौतों का 82 प्रतिशत है, जिसे सभी मानवजनित उत्सर्जन को नियंत्रित करके रोका जा सकता है।

#### भारत में 21.80 लाख लोगों की वायु प्रदूषण से मौतें हुईं

वायु प्रदूषण के कारण होने वाली मौतें दक्षिण और पूर्वी एशिया में सबसे अधिक थीं। प्रतिवर्ष चीन में 24.40 लाख और भारत में 21.80 लाख लोगों की वायु प्रदूषण से मौतें हुईं। इसमें से 30 प्रतिशत हृदय रोग, 16 प्रतिशत स्ट्रोक, 16 प्रतिशत फेफड़े की बीमारी और छह प्रतिशत मधुमेह से संबंधित थीं।

## शार्ट न्यूज

### अमित शाह व खड़गे ने 59वें स्थापना दिवस पर बीएसएफ को बधाई दी

**नई दिल्ली।** (पीएमए) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 59वें स्थापना दिवस पर जवानों को बधाई दी। एक्स पर एक पोस्ट में, शाह ने कहा मैं बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस पर बल के सभी सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देता हूं। देश को बीएसएफ पर गर्व है जो अपनी बहादुरी से हमारे देश की सीमाओं को अभेद्य रखता है। शाह ने कहा, मैं बीएसएफ के वीर शहीदों को सलाम करता हूं, देश आपके बलिदान का हमेशा ऋणी रहेगा। शाह शुक्रवार को झारखंड के हजारीबाग में आयोजित 59वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीमा बल का सबसे पुराना प्रशिक्षण केंद्र हज़ारीबाग़ के मेरू में स्थित है जहां पहली बार समारोह आयोजित किया जाएगा। एक्स पर एक पोस्ट में, खड़गे ने कहा : सीमा सुरक्षा बल के महिला और पुरुष कर्मियों को हमारा सलाम और आभार, जो रक्षा की पहली पंक्ति के रूप में देश की सीमाओं की रक्षा करने के 58 साल पूरे होने का जश्न मनाता है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, एक राष्ट्र के रूप में, हम आपके अदम्य साहस, प्रेरक बलिदान, धैर्य, दृढ़ संकल्प और वीरता पर हमेशा ऋणी और बेहद गर्व महसूस करते हैं।

### हल्द्वानी नगर निगम ने बिना भूमि गौशाला के लिये जारी किया टेंडर

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय में शुक्रवार को हल्द्वानी नगर निगम का अजीबोगरीब मामला सामने आया। निगम ने बिना भूमि की व्यवस्था किये गौशाला के लिये निविदा जारी कर दी। यह मामला उच्च न्यायालय में उस वक्त खुला जब कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता वाली पीठ में हल्द्वानी में आवारा मवेशियों के मामले में अधिवक्ता चंद्रशेखर जोशी की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही थी। दरअसल अदालत ने आज नगर आयुक्त को अदालत में व्यक्तिगत रूप से तलब किया था। उन्होंने अदालत को बताया कि सरकार की ओर से आवारा मवेशियों के लिये गौशाला के निर्माण के लिये संस्तुति दे दी गयी है। इसके लिये 20 करोड़ से अधिक बजट का आवंटन भी किया गया है। निगम ने गौशाला के निविदा जारी कर दी है लेकिन जब यह पूछा गया कि कहां पर गौशाला का निर्माण किया जा रहा है तो उनके पास कोई जवाब नहीं था। अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त को दो सप्ताह में आवारा पशुओं के लिये वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश जारी कर दिये। इस मामले में अगली सुनवाई 12 दिसंबर को होगी।

### लाखों की लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

रूद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले की नानकमत्ता पुलिस ने छह लाख रुपये की लूट के मामले का चौबीस घंटे में खुलासा किया है। साथ ही तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टीएस मंजूनाथ के अनुसार गुरुवार को नानकमत्ता थाना क्षेत्र में चीकाघाट पुल के पास दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने बिचपुरी खैराना निवासी मन्नु सिंह राना से रुपयों से भरा बैग लूट लिया था। बैग में 594000 रुपये थे। पीड़ित ने घटना की जानकारी तत्काल नानकमत्ता पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर छेवीं पातशाही गेट से आगे घटना में शामिल दोनों बदमाशों को पकड़ने में कामयाबी हासिल कर ली। आरोपी कुलविंदर सिंह निवासी वार्ड नंबर-06 ग्राम पंडरी, सितारगंज, ऊधमसिंह नगर और बलजिंदर सिंह निवासी सिद्धानवदिया, नानकमत्ता शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के पास से 475000 रुपये की रकम भी बरामद कर ली है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने पीड़ित को बैंक ऑफ बड़ौदा की सितारगंज शाखा से पैसे निकालते हुए देख लिया था। आरोपी उसके पीछे-पीछे लग गये।

### तेलंगाना कांग्रेस ने की तीन विधानसभा क्षेत्रों में दोबारा मतदान कराने की मांग

हैदराबाद। तेलंगाना कांग्रेस ने हैदराबाद के पुराने शहर के तीन विधानसभा क्षेत्रों चंद्रयानगुट्टा, चारमीनार और बहादुरपुरा में 30 नवंबर को हुए मतदान के दौरान ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसल्मीन (एआईएमआईएम) के कार्यकर्ताओं पर शुक्रवार को धांधली और फर्जी मतदान करने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग से पुनर्मतदान का आग्रह किया। चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग समन्वय समिति के अध्यक्ष जी. निरंजन ने आयोग से यह पता लगाने के लिए वेब और सीसी कैमरों की जांच पूरी होने तक तीन विधानसभा क्षेत्रों में वोटों की गिनती को रोकने का अनुरोध किया है। इन विधानसभा क्षेत्रों में एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं पर धांधली और फर्जी मतदान करने का आरोप लगाया गया है। एएमआईएम नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं पर हमला करने का भी आरोप है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदान के दौरान तनावपूर्ण माहौल बनाया गया और एएमआईएम को छोड़कर किसी भी अन्य पार्टी एजेंट को मतदान केंद्रों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य दलों के एजेंट की अनुपस्थिति के दौरान एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने जमकर फर्जी मतदान और धांधली की थी।

### जयपुर जिले की 19 विधानसभा सीटों की मतगणना के लिए की गई विशेष व्यवस्था

जयपुर। राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव के तहत जयपुर जिले की 19 विधानसभा सीटों की मतगणना रविवार सुबह आठ बजे से जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में शुरू होगी जहां विशेष व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि मतगणना स्थल में प्रवेश एवं पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके तहत तय मार्ग से ही चुनाव प्रत्याशियों, मतदानकर्मियों, अधिकारियों, मतगणना अभिकर्ताओं का मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा साथ ही राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में विधानसभावार वाहन पार्किंग व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज के गेट नम्बर चार से वाहन सहित प्रवेश करेगें। राजस्थान कॉलेज में वाहन पार्किंग व्यवस्था झालाना रोड से विवेकानन्द हॉस्टल के सामने से राजस्थान कॉलेज के खेल मैदान में की गई है। मतगणना स्थल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य जरुरी व्यवस्था की गई है।

### मोबाइल ऐप के उपयोग से भोपाल मंडल को मिला 21 लाख का राजस्व

भोपाल। रेलवे में अनारक्षित रेल टिकट बुकिंग के लिए यूटीएस मोबाइल ऐप की उपयोगिता बढ़ने से भोपाल रेल मंडल को नवंबर माह में 21 लाख रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। पश्चिम मध्य रेल जोन के भोपाल मंडल के एक प्रवक्ता ने आज बताया कि रेलवे द्वारा अनारक्षित टिकट यात्रियों की लाइन में लगकर टिकट लेने की झंझट को खत्म करने के उद्देश्य से वाणिज्य रेल कर्मचारियों द्वारा नवंबर माह में एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान रेल यात्रियों को यूटीएस मोबाइल एप का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के दौरान भोपाल रेल मंडल में मोबाइल ऐप के माध्यम से एक लाख आठ हजार से अधिक यात्रियों ने अपने टिकट बुक किए, जिससे रेलवे को 21 लाख 45 हजार से अधिक रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि भोपाल मंडल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन अनारक्षित रेल टिकट बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा उपलब्ध है। इस ऐप को शुरू करने का उद्देश्य डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करना और सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देना है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया ने अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों से अपील की है कि वे मोबाइल टिकटिंग ऐप पर यूटीएस के उपयोग को बढ़ावा दें।

## पांच राज्यों की सत्ता को लेकर लग रहा करोड़ों का सट्टा, जानिए कहां किसकी सरकार बनने का है अनुमान

नई दिल्ली 1 दिसम्बर (पीएमए) पांच राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में मतदाताओं ने तो उम्मीदवारों के भाग्य को ई.वी.एम. में लॉक कर दिया है और इन राज्यों में किसकी सरकार बनेगी ? इसका फैसला 3 दिसम्बर को गणना के बाद सबके सामने होगा। राजस्थान में राज बदलेगा या रिवाज, छत्तीसगढ़ में क्या भूपेश बघेल की फिर से बनेगी सरकार या एम.पी. में मामा शिवराज पास होंगे या फेल ? इसे लेकर सट्टा बाजार ने अपनी ओर से फिलहाल भविष्यवाणी कर दी है। यही नहीं इस बाजार द्वारा घोषित की जा रही इस भविष्यवाणी के आधार पर लोग इस सियासत के सट्टे पर करोड़ों के दांव भी लगा रहे हैं।

एक अहम तथ्य ये भी है कि इस बाजार का आंकलन अब तक के चुनावों पर सटीक ही रहा है और जैसे ही गुरुवार को तेलंगाना की सभी 119 सीटों पर मतदान पूरा हो गया तो एकाएक बाजार के भावों में भी तब्दीली शुरू हो गई।

हालांकि सट्टा बाजार राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सियासत को लेकर खासा सक्रिय है और फिलहाल इन्हीं तीनों राज्यों की सियासत पर ही ज्यादा सट्टा लगाया जा रहा है मगर कुछेक सट्टोरिए मिजोरम और तेलंगाना को लेकर भी अपना आंकलन तैयार करके इस पर भी दांव लगवा रहे हैं।

इस बाजार की भविष्यवाणी फिलहाल ये है कि इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन प्रदेशों में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया है, मगर इस बात का जिक्र करना यहां जरूरी हो जाता है ये आंकलन सट्टा बाजार का ही है और जो स्थिति मसलन भाव आज हैं, वे गणना के दौरान ऊपर-नीचे भी हो सकते हैं।

फिलहाल के भावों में तस्वीर यही है कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश को लेकर बाजार अपने भाव जारी किए हुए है लेकिन तेलंगाना में जहां कांग्रेस और बी.आर.एस. के बीच कांटे का मुकाबला बताया जा रहा है तो वहीं इसी बाजार की मानें तो मिजोरम में किसी को भी स्पष्ट बहुमत मिलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, मगर इसमें कोई दोराय नहीं है कि सियासत के इस सट्टा बाजार पर राजनीतिक दलों से लेकर दांव के प्रति दिलचस्पी रखने वालों ने अपनी निगाहें गढ़ा ली है और हर पल जारी भाव के अनुसार दांव भी लगा रहे हैं।

### ऐसे लगते हैं दांव

दरअसल, सियासत पर सट्टे का बाजार फलौदी, गुजरात, दिल्ली, भिवानी और सिरसा में बड़े पैमाने पर सजता है। हर राज्य के चुनाव पर इस बाजार से जुड़े लोग स्थिति को भांपते हुए यानी अपने सर्वेक्षण के अनुसार हार-जीत का पैमाना तय करते हुए भाव जारी करते हैं। इन भावों पर दिलचस्पी रखने वाले लोग अपने अपने आंकलन के मद्देनजर मोटा दांव लगाते हैं। ये सभी सौदे मोबाइल फोन पर किए जाते हैं। विशेष बात ये है कि ये दांव केवलमात्र कुल सीटों पर ही नहीं लग रहे बल्कि कुछ हॉट सीटों पर प्रत्याशियों की व्यक्तिगत हार जीत के साथ साथ कुल हासिल होने वाले वोटों को लेकर भी लगाए जाते हैं।

उदाहरण के तौर पर यदि राजस्थान के विधानसभा चुनाव की बात की जाए तो इस समय नोहर, हनुमानगढ़, गंगानगर, सूरतगढ़, संगरिया, भादरा, तारानगर व चुरु सहित कई ऐसी सीटें हैं जहां व्यक्तिगत उम्मीदवारों पर हार-जीत के साथ साथ जीतों के अंतर तक पर मोटे दांव लग रहे हैं। कमोबेश ऐसा ही मध्यप्रदेश की ऐसी सीटों पर भी दांव लग रहा हैं जहां बड़े चेहरे चुनावी मैदान में हैं। सट्टा बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि वे एक सर्वेक्षण के लिहाज से ही दांव लगवाते हैं लेकिन गणना के दौरान इन भावों में बदलाव आ सकता है।

### सट्टा बाजार की ये है भविष्यवाणी

बेशक पांचों राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम, तेलंगाना व राजस्थान में हुए चुनावों का परिणाम 3 दिसम्बर को सबके सामने होगा मगर सट्टा बाजार ने अपनी ओर से भविष्यवाणी करते हुए ये इशारा कर दिया है कि किस प्रदेश में कौन सा राजनीतिक दल फिलहाल भारी है। इस बाजार की भविष्यवाणी के अनुसार राजस्थान में भाजपा, मध्यप्रदेश में कांग्रेस, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का पलड़ा भारी है तो वहीं तेलंगाना में कांग्रेस और बी.आर.एस. के बीच कड़ी टक्कर है और मिजोरम में त्रिशंकु विधानसभा बनने के आसार हैं।

इस बाजार द्वारा जारी किए गए भावों के अनुसार राजस्थान में 114-116 सीटें भाजपा, 68-70 कांग्रेस व 16-18 निर्दलीयों के जीतने का अनुमान है और इसी अनुमान के आधार पर बाजार ने अपने भाव जारी किए हुए हैं।

इसी प्रकार मध्य प्रदेश में 116-118 कांग्रेस, 107-109 भाजपा का भाव है। यानी यहां कांग्रेस काफी मजबूत स्थिति में है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस के पक्ष में बाजार ने 52-54 सीटों का भाव घोषित किया हुआ है तो यहां ये बाजार भाजपा के खाते में 35-37 सीटें मान रहा है।

## पांच साल में तैयार होगा सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन मेट्रो कॉरिडोर

**दिल्ली मेट्रो ने सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन मेट्रो कॉरिडोर की संशोधित डीपीआर एनएमआरसी को सौंपी**

नोएडा। एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार कर नोएडा सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन तक का 11.56 किमी लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनाया जागा। पांच साल में बनकर तैयार होने वाले कॉरिडोर की लागत करीब 2254.35 करोड़ होगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) ने इसकी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) को सौंप दी है। अब इस कॉरिडोर के आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। डीपीआर के मुताबिक इस कॉरिडोर से नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत दिल्ली मेट्रो के नेटवर्क यानी एक्वा लाइन, ब्लू लाइन और मजेंटा लाइन आपस में जुड़ जाएंगे। इससे नोएडा-ग्रेटर नोएडा से दिल्ली-एनसीआर के किसी भी कोने में जाने में सहूलियत होगी।

### कॉरिडोर पर आठ स्टेशन होंगे

इस मेट्रो कॉरिडोर पर बोटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108, नोएडा सेक्टर-93, और पंचशील



बालक इंटर कॉलेज स्टेशन बनाए जाएंगे। कॉरिडोर का आखिरी स्टेशन सेक्टर-142 होगा जो कि पहले ही बनकर तैयार है।

### बोटेनिकल गार्डन बनेगा और बड़ा इंटरचेंज स्टेशन

बोटेनिकल गार्डन इन लाइनों के लिए और बड़े इंटरचेंज स्टेशन के तौर पर काम करेगा। सबसे पहले यह ब्लू लाइन के एक स्टेशन के तौर पर तैयार किया गया था। इसके बाद यहां से मजेंटा लाइन जुड़ गई। इससे ओखला पक्षी अभ्यारण्य स्टेशन होते हुए दिल्ली की ओर कॉरिडोर तैयार किया गया। इसके साथ ही यह इंटरचेंज स्टेशन के तौर पर जाना जाने लगा। अब यहां से एक्वा लाइन विस्तार के कॉरिडोर को भी जोड़ने की योजना तैयार हो गई है। लिहाजा यहां से रिकॉर्ड यात्री अलग-अलग कॉरिडोर में जाने के लिए मेट्रो ले सकेंगे।

### नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को भेजी जाएगी डीपीआर

एनएमआरसी की ओर से नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से मंजूरी के लिए डीपीआर भेजी जाएगी। यहां से मंजूरी के बाद इसे एनएमआरसी के बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड से मंजूरी के बाद इसे यूपी और केंद्र सरकार से मंजूर कराना होगा।

### एक साल मंजूरी और चार साल निर्माण में लगेगा

एनएमआरसी के अधिकारियों के मुताबिक डीपीआर तैयार होने के बाद इसकी मंजूरी में करीब एक वर्ष का समय लगेगा। इसके बाद सबकुछ ठीक रहा तो कॉरिडोर निर्माण के लिए टेंडर निकाले जाएंगे। फिर एजेंसी चयन के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। इसमें करीब चार वर्ष लगेंगे। ऐसे में कॉरिडोर का काम पूरा होने तक करीब पांच वर्ष का समय लगेगा।

### नोएडा से ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की ओर बांयी तरफ होगा कॉरिडोर

यह मेट्रो कॉरिडोर नोएडा से ग्रेटर नोएडा की ओर जाने के क्रम में बांयी ओर होगा। हालांकि एक्सप्रेसवे के दूसरे ओर के लोगों को सुविधा दिलाने के लिए फुटओवर ब्रिज आदि तैयार करने की योजना है। इसके माध्यम से दोनों ओर के रिहायशी, ऑफिस एरिया, स्कूल और कॉलेज जोड़े जाएंगे। इसकी मदद से आवागमन आसान करने की कोशिश होगी।

### मेट्रो स्टेशनों के आसपास होगी पार्किंग

योजना के मुताबिक मेट्रो स्टेशनों और आसपास पार्किंग की व्यवस्था होगी ताकि यहां आने वाले लोगों को वाहन पार्किंग की सहूलियत मिल सके। एक्वा लाइन कॉरिडोर की गलतियों से सबक लेते हुए इसमें सुधार आदि किया जाएगा। कोशिश यह होगी कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्किंग की सुविधा मिल सके।

## एड्स पीड़ित बच्चों के लिए अगले बजट में नई योजना आएगी : सुक्खू

**शिमला।** विश्व एड्स दिवस पर शिमला के पीटरहॉफ में स्वास्थ्य विभाग, राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि एड्स पीड़ित बच्चों के लिए सरकार आगामी बजट में अलग योजना लेकर आएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एड्स जागरूकता रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर श्री सुक्खू ने कहा कि एड्स की बीमारी छुपानी नहीं चाहिए। इस बीमारी के इलाज से उम्र को बढ़ाया जा सकता है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एड्स पीड़ित बच्चों के लिए आगामी बजट में अलग योजना लेकर



आने की बात कही। योजना में बच्चों की पढ़ाई और उनके जीवन स्तर के उत्थान के लिए सरकार प्रयास करेगी। वहीं इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पूछे गए सवाल में कहा कि जैसे ही हाई कमान की तरफ से उनको निर्देश होंगे उसके अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार किया जाएगा। वहीं सरकार के एक साल का कार्यकाल भी पूरा होने को है, जिसको लेकर सरकार एक बड़ा कार्यक्रम कांगड़ा के चंबी में आयोजित करने को लेकर विचार कर रही है।

### केजीपी पर हादसे में दो युवकों की मौत

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत जिले में कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) पेरिफेरल-वे गुरुवार देर रात हुये एक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई तथा एक अन्य गम्भीर रूप घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त दिल्ली के नरेला स्थित बांकनेर गांव निवासी पंकज (25) और उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी गौरव (24) के रूप में की गई है। इस हादसे में गाजियाबाद के सोहटी गांव निवासी सुरेंद्र (29) गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे नागरिक अस्पताल सोनीपत से पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। तीनों दिल्ली के पूठ गांव स्थित महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में गार्ड की नौकरी करते थे। पुलिस के अनुसार तीनों युवक मोटरसाइकिल पर बांकनेर से गाजियाबाद जा रहे थे। आधी रात के करीब केजीपी पर जाखौली टोल प्लाजा से आगे पहुंचे तो उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वे सड़क पर गिर गये।

## पुलवामा मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी ढेर

एजेंसी

**श्रीनगर।** दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने पुलवामा के अरिहाल गांव में गुरुवार को घेराबंदी और तलाश अभियान छेड़ा था। इसी दौरान वहो छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायी। दोनों पक्षों के बीच चली मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने बताया कि मृत आतंकवादी की पहचान पिंजूरा शोपियां निवासी मोहम्मद अयूब अली के बेटे किफायत अयूब अली के रूप में हुई है, जो प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। पुलिस रिकॉर्ड में शोपियां में उसके खिलाफ कई अपराधों में उसके संलिप्त होने के मामले दर्ज हैं। सुरक्षा बलों ने मौके पर एक पिस्तौल, दो मैगजीन, पांच आरडीएस और दो ग्रेनेड सहित हथियार और गोला-बारूद के साथ आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है।

## ग्रेटर नोएडा में तालाबों को स्वच्छ बनाने की पहल

**पानी के खराब बैक्टीरिया को खत्म कर ऑक्सीजन बढ़ाने की कोशिश**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य तेजी से चल रहा है। अब प्राधिकरण तकनीकों का इस्तेमाल कर इन तालाबों के पानी को स्वच्छ बनाने की कोशिश में जुट गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पांच तालाबों को चिहिंत कर काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को लड़पुरा स्थित दो तालाबों का निरीक्षण किया। इन तालाबों से ही इस मुहिम की शुरुआत की जाएगी।



### तालाबों के पानी को स्वच्छ बनाने की कोशिश की जाएगी

एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के सभी तालाबों की सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। एक तरफ तालाबों में गंदगी को साफ किया जा रहा है तो दूसरी तरफ गंदगी को तालाबों में जाने से रोकने पर भी काम चल रहा है।

इसके साथ ही अब इन तालाबों के पानी को स्वच्छ बनाने के लिए भी प्लान तैयार किया जा रहा है। इन सीटू वेटलैंड, ओजोमाइजेशन, फ्लोटिन आइलैंड व एरिएशन तकनीकों का इस्तेमाल कर तालाबों के पानी को स्वच्छ बनाने की कोशिश की जाएगी। इन तकनीकों के इस्तेमाल से पानी के खराब बैक्टीरिया को खत्म किया जाएगा। ऑक्सीजन लेवल को बढ़ाया जाएगा। तालाबों के चारों ओर पौधा रोपण भी किया जाएगा। इस काम में ग्रेटर नोएडा के पर्यावरणविद् की भी मदद ली जाएगी।

एसीईओ ने बताया कि इसी सिलसिले में वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार और प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान के साथ बृहस्पतिवार को तालाबों का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पांच तालाबों को चिहिंत कर जल्द काम शुरू कराया जाएगा।

## मतगणना में मात्र दो दिन शेष, ढाई हजार से ज्यादा प्रत्याशियों की किस्मत का होगा फैसला

एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत तीन दिसंबर को मतगणना के साथ ही राज्य के लगभग ढाई हजार से ज्यादा प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो जाएगा।

मतगणना में अब महज 48 घंटे से भी कम समय शेष रहने के बीच निर्वाचन आयोग और प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। तीन दिसंबर को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरु होगी, जिसके बाद पूर्वान्ह से ही प्रत्याशियों के भाग्य से जुड़े रुझान सामने आने लगेंगे। दोपहर बाद तक राज्य में सरकार को लेकर स्थिति लगभग साफ होने लगेगी।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार तीन दिसंबर को सुबह आठ बजे से सभी 52 जिला मुख्यालयों में स्थापित केंद्रों में मतगणना शुरु होगी। मतगणना के हर राउंड के परिणाम प्रदर्शित किए जाएंगे। सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती शुरु होगी, उसके आधे घंटे बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गणना होगी। पोस्टल बैलेट की गणना समाप्त होने के बाद हर उम्मीदवार को मिले डाक मतों की घोषणा की जाएगी।

मतगणना के परिणाम भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट रिजल्ट्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन और वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से देखे जा सकेंगे। मतगणना के परिणाम सीईओमध्यप्रदेश डॉट एनआईसी डॉट इन पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

राज्य की सभी 230 सीटों पर 17 नवंबर को एक साथ मतदान हुआ था। लगभग पांच करोड़ 60 लाख से अधिक मतदाताओं में से 76.22 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले। राज्य विधानसभा चुनाव के इतिहास में इस बार सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 75.63 प्रतिशत और वर्ष 2013 के चुनाव में 72.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इससे अधिक मतदान राज्य विधानसभा चुनाव में कभी नहीं हुआ।

राज्य में सोलहवीं विधानसभा के गठन के लिए हो रहे चुनाव में कुल दो हजार 533 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें दो हजार 280 पुरुष, 252 महिलाएं और एक अन्य (थर्ड जेंडर) प्रत्याशी शामिल हैं। मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान बुधनी से, पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ छिंदवाड़ा से और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर दिमनी से, प्रहलाद पटेल नरसिंहपुर से और फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला जिले के निवास से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### मुर्मु ने सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज को राष्ट्रपति का निशान प्रदान किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को पुणे स्थित सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज को प्रेसिडेंट कलर यानी राष्ट्रपति का निशान प्रदान किया। मुर्मु ने सशस्त्र बल केंद्र 'प्रज्ना' का भी वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि पुणे मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सा शिक्षा में उच्चतम मानक वाले संस्थान के रूप में प्रतिष्ठा हासिल की है। इस संस्थान के स्नातकों ने युद्ध, उग्रवाद विरोधी अभियानों, प्राकृतिक आपदाओं और महामारी का सामना करने में, देश के भीतर और बाहर अपनी समर्पित सेवा के माध्यम से देश को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एएफएमसी से स्नातक करने वाली कई महिला कैडेटों ने सशस्त्र बल चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उच्च पदों पर कार्य किया है।

## पराली प्रबंधन को लेकर किसान व सरकार में दुविधा का माहौल

सिरसा। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में पराली का प्रबंधन किसान और सरकार के लिए दुविधा पैदा किए हुए है। जहां किसान पराली को अगली फसल की बुआई के लिए मजबूरी में जलाता है वहीं सरकार के नाकाफी प्रबंध पराली को जलाने से रोक नहीं पा रहे। इस दुविधापूर्ण माहौल के बीच देश के उच्चतम न्यायालय ने प्रदेश की पुलिस को हस्तक्षेप करते हुए पराली के जलाने पर रोक लगाने के लिए पाबंद किया है। शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद हरियाणा, राजस्थान, यूपी और पंजाब में पुलिस अफसरों के हाथ-पांव फूले हुए हैं।

कृषि विभाग के उपनिदेशक सुखदेव सिंह बताते हैं कि हरियाणा के अकेले सिरसा जिला में पराली जलाने वाले 15 किसानों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पराली न जलाने की एवज में गांवों में एक लाख्ख रुपए प्रोत्साहन राशि देने के अलावा गौशालाओं में पराली भेजने के लिए 100 रुपए प्रति ट्रॉली देने की व्यवस्था भी की है। राज्य सरकार किसानों को खड़ी पराली में अगली फसल बोने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले सुपर सीडर पर 1.5 लाख रुपए जबकि बेलर पर छह लाख रुपए सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष कृषि विभाग को पराली आगजनी की 305 शिकायतें मिली थीं जबकि अबकी बार 161 मामले सामने आए हैं।

हरियाणा किसान मंच के प्रदेशाध्यक्ष प्रहलाद सिंह भारूखेड़ा ने बताया कि सरकार किसानों को पराली न जलाने के प्रति पाबंद तो कर रही है लेकिन सरकार विकल्प के तौर पर समुचित उपकरण मुहैया नहीं करवा पा रही। उन्होंने बताया कि धान की फसल के बाद किसानों को गेहूं की बुआई करनी होती है।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म में 'वर्चुअल दुनिया में डिज़ाइन और एडिटिंग के बढ़ते आयाम' पर कार्यशाला सह प्रतियोगिता आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म द्वारा 'वर्चुअल दुनिया में डिज़ाइन और एडिटिंग के बढ़ते आयाम के विषय पर संस्थान के निदेशक प्रो. जे पी दुबे की अध्यक्षता में एक संगोष्टि सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस संगोष्टि सह चर्चा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता किरोड़ीमल कॉलेज के आदर्श सचान थे। उन्होंने इस विषय पर कहा %ग्राफ़िक डिज़ाइन एक कला है, और जो इसमें गहन रुचि रखते हैं। उन्हें निरन्तर सीखते रहने और नए-नए प्रयोग करते रहना चाहिए। आज के समय से कृत्रिम- बुद्धिमता से इस तकनीक को काफी गतिशीलता मिली है। वक्ता ने इस पर जोर दिया कि वर्तमान समय में इन तकनीकी कला को सीखने और समझ विकसित करने के लिए इंटरनेट और खासकर यूट्यूब काफी सहायक है। इस विषय पर चर्चा से एक दूसरे के डिज़ाइन और एडिटिंग की तकनीकी समझ से उपस्थित छात्र- छात्राओं ने काफी कुछ सीखा। कार्यक्रम के अगले चरण में इसी विषय से सम्बंधित एक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रथम विजेता प्रियांशु सागर द्वितीय और तृतीय देविका राजेश व नुसरत फातिमा क्रमश : । विजेताओं को मेडल व सर्टिफिकेट से पुरस्कृत किया गया।

### 6 स्पा सेंटरों में चले रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

गाजियाबाद। गाजियाबाद में स्पा सेंटरों की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छह स्पा सेंटरों से 59 युवक-युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा है। इनकी संख्या ज्यादा होने के कारण थाने भेजने के लिए पुलिस को बस बुलानी पड़ी। मामला इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित आदित्य मॉल और राजहंस प्लाजा का है। डीसीपी (ट्रांस हिंडन) शुभम पटेल ने बताया कि कुछ स्पा सेंटरों के अवैध तरीके से संचालित होने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीमों ने शुक्रवार शाम छापेमारी की है। तो पता चला कि यहां जिस्मफरोशी का धंधा किया जा रहा है। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए स्पा सेंटरों के 2 मालिकों और 4 मैनेजर्स को गिरफ्तार किया है। युवतियों की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है कि उनके साथ जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। स्पा सेंटरों से आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली हैं। जिससे ये स्पष्ट हो रहा है कि यहां स्पा की आड़ में देह व्यापार भी हो रहा था। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, आज शाम करीब छह बजे सूचना मिली थी कि आदित्य मॉल में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का धंधा चल रहा है। इस मामले में मेरे नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए वहां छापेमारी की गई। टीम ने कुल छह स्पा सेंटरों पर छापे मारे हैं। जिसमें कुल 44 महिलाएं और 21 पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले हैं।

### डॉक्टर बताकर की शादी, निकला डिलीवरी बॉय

गाजियाबाद। डिलीवरी बॉय का काम करने वाले युवक ने पेशे से वकील युवती की आंखों में धूल झोंककर उससे शादी कर ली। युवती का आरोप है कि युवक ने खुद को एमबीबीएस डॉक्टर बताया था। धोखा देने के लिए उसने मेट्रोमोनियल साइट पर अपना फोटो डॉक्टर की यूनिफार्म में ही डाल रखा था। इसमें उसके गले में स्टेथोस्कोप भी था। इसे देखकर ही वह धोखा खा गई। परिजनों ने शादी पर 15 लाख रुपये खर्च कर दिए। शादी के बाद पता चला कि वह बहुत कम पढ़ा-लिखा है और जोमेटो में डिलीवरी बॉय का काम करता है। युवती ने वन स्टॉप सेंटर में शिकायत करके बताया कि उसकी हकीकत सामने आने के बाद भी दिल पर पत्थर रखकर धोखे को भी अपनी किस्मत का लिखा मानकर इसे बर्दाश्त करने का प्रयास किया। लेकिन, जब उसकी पोल खुल गई तो उसने अपना असली रंग भी दिखा दिया। युवती का आरोप है कि वह जरा-जरा सी बात पर उसे पीटने लगा। दोनों के बीच कई बार झगड़ा हुआ। पानी जब सिर से ऊपर जाने लगा तो उसे वन स्टॉप सेंटर में आकर शिकायत करनी पड़ी। काउंसलर अंजना चौहान ने बताया कि युवती की शादी वर्ष 2021 में हुई थी। दो साल तक लगातार उसकी पिटाई और झगड़े झेलती रही। चार काउंसिलिंग के बाद भी जब समझौते की गुंजाइश नहीं दिखी तब विजयनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### साइबर ठगों ने महिला को दिया ऑनलाइन काम करने का झांसा, तीन लाख रुपये की ठगी की

गुरुग्राम। साइबर ठगों ने एक महिला को ऑनलाइन काम देने के बहाने एक ग्रुप में जोड़ कर तीन लाख रुपये की ठगी की है। साइबर थाना पुलिस ने पांच माह पहले हुई वारदात में अब मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सेक्टर 37 सी निवासी रीतिका चोपड़ा ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि उनके पास 17 मार्च को व्हाट्सएप पर नौकरी के लिए संदेश आया। इसके बाद उन्हें टेलीग्राम पर एक ग्रुप से जोड़ दिया गया। ठगों ने शुरुआत में उन्हें टास्क के लिए पैसे दिए। इसके बाद निवेश के नाम पर कई बार में तीन लाख रुपये ले लिए। वापस मांगने पर ठगों ने और पैसे मांगे। साइबर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। ऑनलाइन पार्ट टाइम नौकरी देने के नाम पर साइबर ठगों ने युवक से साढ़े तीन लाख रुपये ठग लिया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना वेस्ट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अशोक विहार फेस दो निवासी हिमांशु गर्ग ने बताया कि उन्होंने बीते दिनों व्हाट्सएप पर आनलाइन नौकरी के लिए एक मैसेज मिला। जब उन्होंने मैसेज का रिप्लाई किया तो उन्हें टेलीग्राम पर एक ग्रुप से जोड़ दिया गया। शुरुआत में उन्हें टास्क के नाम पर रुपये दिए गए। फिर निवेश के नाम पर रुपये जमा कराने लगे। ठगों ने हिमांशु से चार बार में तीन लाख 53 हजार रुपये जमा करा लिए।

### युवती की फोटो से छेड़छाड कर किया वायरल

गुरुग्राम। एक माह पहले साइबर वेस्ट थाना पुलिस ने एक युवती की फोटो से छेड़छाड़ करने की शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर वेस्ट थाना पुलिस ने छानबीन के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। विपिन अहलावत सहायक पुलिस आयुक्त, साइबर अपराध ने बताया कि टीम ने तकनीकी की सहायता से उपरोक्त अभियोग में युवती की इंस्टाग्राम आईडी को अवैध तरीके से लॉगिन करके अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने वाले आरोपी को बुधवार को पालम विहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान इरशाद अली निवासी जिला गाजियाबाद, उत्तर-प्रदेश के रूप में हुई। आरोपी से पुलिस पूछताछ से ज्ञात हुआ कि आरोपी ने शिकायतकर्ता की इंस्टाग्राम आईडी को अपने फोन मे लॉगिन करके इसकी फोटो को एडिट करके अश्लील बनाकर कर वायरल किया था। आरोपी ने उपरोक्त अभियोग में शिकायतकर्ता को परेशान करने के लिए इसकी फोटो को एडिट करके अश्लील बनाया ताकि वह बात करने के लिए पीड़ित पर दबाव बना सके। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग की 01 मोबाइल व 02 सिम कार्ड बरामद की गयी है।

### मोनू मानेसर की अदालत में हुई पेशी

**गुरुग्राम।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जसवीर सिंह की अदालत में हत्या के प्रयास मामले में आरोपी मोनू मानेसर की सुनवाई बृहस्पतिवार को हुई। इस मामले में भोंडसी जिला जेल में बंद आरोपी मोहित उर्फ मोनू मानेसर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी कराई गई। अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं से जरूरी औपचारिकताएं भी पूरी कराई गई। इस मामले में अगली सुनवाई अब 8 जनवरी 2024 को होगी। आरोपी मोनू मानेसर के अधिवक्ता एलएन पाराशर व कुलभूषण भारद्वाज के अनुसार पटौदी पुलिस थाना क्षेत्र में 6 फरवरी को पटौदी के बब्बर शाह मोहल्ले में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में मोहीन की कमर में गोली लगी थी। मोहीन के पिता मुबीन खान ने मोहित उर्फ मोनू मानेसर के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया था। मोनू मानेसर को नूंह पुलिस ने भड़काऊ भाषण के मामले में गिरफ्तार किया था। उसी दिन राजस्थान पुलिस मोनू मानेसर को नासिर-जुनैद हत्याकांड में प्रोडक्शन वारंट पर ले गई थी। इसके बाद ही पटौदी थाना पुलिस इस मामले में मोनू को राजस्थान से लेकर आई थी। तभी से भोंडसी जिला जेल में बंद है। पटौदी थाना पुलिस ने मोनू मानेसर के खिलाफ अदालत में भादंस की धारा 307, 147, 148, 149 व 120बी के तहत आरोपी मानते हुए पटौदी अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

# आम आदमी पार्टी का 'मैं भी केजरीवाल' हस्ताक्षर अभियान शुरू

**आप दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने अभियान के तहत लक्ष्मी नगर में किया डोर टू डोर कैम्पेन**



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार दिल्ली में 'मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। आप दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं केंद्रीय मंत्री गोपाल राय ने इस अभियान के तहत लक्ष्मी नगर में डोर टू डोर कैम्पेन किया। कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार की डर से भाजपा सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का षड्यंत्र रच रही है। हमने डोर टू डोर कैम्पेन कर लोगों से पूछा कि अगर गिरफ्तारी होती है तो सीएम अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए या जेल से सरकार चलानी चाहिए। जनता का कहना है कि अरविंद केजरीवाल ने जनता के लिए बहुत काम किया है। इसलिए उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए और जेल से सरकार चलानी चाहिए। लोगों ने यह भी कहा कि ये सारी गिरफ्तारियां एक मकसद के तहत हो रही हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। गोपाल राय ने कहा कि 1 से 20 दिसंबर तक सभी 2600 पोलिंग स्टेशन पर डोर टू डोर कम्पेन करेंगे और 21 से 24 दिसंबर तक सभी 250 वॉर्डों में जनसभा करेंगे। अंत में जनता की जो भी राय होगी उसे हम सीएम अरविंद केजरीवाल को सौंप देंगे।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने हस्ताक्षर अभियान के दौरान कहा कि आज से मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली के सभी 2600 पोलिंग स्टेशन पर घर-घर जाएंगे। जिस तरह से आम आदमी पार्टी के नेताओं को फर्जी केस में अंदर डाला जा रहा है, पहले सत्येंद्र जैन फिर मनीष सिसोदिया और फिर संजय सिंह जी को गिरफ्तार किया गया। अब अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ्तार करने का षड्यंत्र चल रहा है। ऐसे में हम घर-घर जाकर लोगों से पूछ रहे हैं कि अगर अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो क्या उन्हें इस्तीफा देना चाहिए या जेल से सरकार चलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पहले दिन हमने लक्ष्मी नगर विधानसभा में डोर टू डोर कम्पेन कर लोगों से बात की है। अभी तक जितने लोगों से बात हुई है, उनका कहना है कि अरविंद केजरीवाल ने जनता के लिए बहुत काम किया है। उन्होंने मुफ्त बिजली, पानी, इलाज, शिक्षा, महिलाओं के लिए बस यात्रा और तीर्थ यात्रा की सुविधा दी इसलिए उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए और जेल से सरकार चलानी चाहिए। जनता ने यह भी कहा कि यह जो गिरफ्तारियां हो रही हैं, यह एक मकसद के तहत हो रही हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज से डोर टू डोर अभियान शुरू हो रहा है जो 20 दिसंबर तक चलेगा। इसके बाद 21-24 दिसंबर तक सभी 250 वॉर्डों में सभा के माध्यम से जनसंवाद किया जाएगा और जनता की राय ली जाएगी। जनता की जो भी राय होगी, इसकी रिपोर्ट हम अरविंद केजरीवाल जी को सौंप देंगे। भाजपा यह सारी गिरफ्तारियां लोकसभा चुनाव में हार के डर में कर रही है। हमारा काम जनता को जागरुक करना है। जनता के पास अवसर है कि वह लोकसभा चुनाव में इसका जवाब दे।

# गौतम बुद्ध नगर में गो तस्करों से पुलिस की मुठभेड़

**पुलिस ने पैर में गोली मारकर पकड़ा, दूसरा साथी मौका पाकर फरार**

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया तो वहीं दूसरा तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। मुठभेड़ में घायल हुए तस्कर को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

दरसअल शुक्रवार तड़के बादलपुर थाना पुलिस अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री के पास में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध पुलिस को आते हुए दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने रोकने का इशारा किया लेकिन उन लोगों ने मोटरसाइकिल को रोकने की बजाय तेजी से दौड़ा दिया। जब पुलिस ने उन लोगों का पीछा करने की कोशिश की तो उन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी।

इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा करते हुए जवाबी फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस जवाबी फायरिंग के दौरान वह मोटरसाइकिल छोड़कर जंगल की तरफ भागने लगे। इसी दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया। बदमाश को पुलिस ने घायल अवस्था में पकड़ लिया।

#### कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद

मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश की पहचान हापुड़ के जमील उर्फ जालिम के रूप में हुई है। घायल बदमाश को आनन फानन में उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया। इस बदमाश के कब्जे से तमंचा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। यह एक बड़े ही शातिर किस्म का गौ तस्कर है। इसके फरार साथी की पुलिस तलाश कर रही है।

#### एक आरोपी मौका पाकर फरार

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कुमार ने बताया कि तड़के बादलपुर पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया है जबकि एक फरार हो गया है। फरार बदमाश के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है। उसे तलाश किया जा रहा है ।घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। इन बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

## साहित्य अकादमी पुस्तक मेला 'पुस्तकायन' आरंभ

नयी दिल्ली। साहित्य अकादमी का वार्षिक पुस्तक मेला 'पुस्तकायन' शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में आरंभ हो गया जो नौ दिसंबर तक चलेगा। यह पुस्तक मेला साहित्य अकादमी परिसर में नौ दिसंबर तक खुला रहेगा। इस बार पुस्तक मेले में 40 से अधिक महत्वपूर्ण प्रकाशक शामिल हो रहे हैं। 'पुस्तकायन' पुस्तक मेले में अनेक साहित्यिक कार्यक्रमों के साथ ही कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रतिदिन प्रस्तुत किए जाएँगे। मेले में विभिन्न भारतीय भाषाओं के लगभग 50 लेखक, कलाकार शामिल हो रहे हैं। मेले के दौरान आयोजित साहित्यिक कार्यक्रमों में मुशायरा, कवि सम्मिलन, युवा साहिती, बहुभाषी रचना-पाठ, पैनल चर्चा एवं अपने प्रिय साहित्यकार से मिलिए जैसे अनेक कार्यक्रम रखे गए हैं। मेले में बच्चों के लिए भी कार्टून कार्यशाला एवं उनके प्रिय बाल लेखकों से मिलने के कार्यक्रम रखे गए हैं। पुस्तक मेले के दौरान शामिल होने वाले कुछ मुख्य लेखक ममता कालिया, अनामिका, बलदेव सिंह, चंद्रभान ख़याल, ख़ालिद जावेद, प्रकाश मनु, बुद्धिनाथ मिश्र, ज्ञानप्रकाश विवेक, ख़ालिद महमूद, महुआ माजी, माधव जोशी, इरशाद खान सिकंदर आदि हैं। मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्राचीन काल से अबतक पुस्तकों का महत्त्व कम नहीं हुआ है। मुद्रित पुस्तकों का महत्व हमेशा बना रहेगा। मुद्रित पुस्तकें संस्कार और चरित्र निर्माण में सहायक होती हैं और सकारात्मक निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करती हैं।

## गाजियाबाद में कैंटर में लगी भीषण आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद में नेशनल हाईवे 9 पर शुक्रवार को चलते कैंटर में आग लग गई। आग लगने पर ड्राइवर और कंडक्टर ने कैंटर से कूदकर जान बचाई। देखते ही देखते आग ने रौद्र रूप ले लिया। जिससे कैंटर धूं-धूकर जल गया। आग लगने की घटना मसूरी थाना क्षेत्र के बांके बिहारी डेंटल कॉलेज के पास लगी। मसूरी के नेशनल हाईवे-9 पर बांके बिहारी डेंटल कॉलेज के पास सड़क पर चलते कैंटर में आग लग गई। आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चला है, लेकिन आग इतनी भीषण थी की कुछ सैकंड में ही कैंटर धु-धु करके जलने लगा।

# विदेशी नागरिकों के खिलाफ विशेष अभियान

**दिल्ली में बीते माह पकड़े गए 28, ठगी और नशे के कारोबार में थे लिप्त**

एजेंसी

नई दिल्ली। द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। नवंबर माह में चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने दो दर्जन से अधिक विदेशी नागरिकों को निर्वासित करने की प्रक्रिया की है। सभी विदेशी नागरिक वीजा अवधि खत्म होने के बावजूद यहां रह रहे थे। इनके पास से कोई वैध कागजात नहीं मिले हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के उत्तम नगर, मोहन गार्डन सहित कई इलाकों में भारी संख्या में अफ्रीकी देश के नागरिक रहते हैं। अकसर देखा जाता है कि यहां रहने वाले ज्यादातर विदेशी नागरिक ठगी और नशे के कारोबार में लिप्त हैं। ऐसे में द्वारका जिला पुलिस इन नागरिकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर इन्हें उनके देश में निर्वासित करने की प्रक्रिया करती है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि नवंबर माह में पुलिस ने इनके खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान 28 नागरिक पकड़े गए। सभी वीजा के बिना भारत में अधिक समय तक रुके हुए पाए गए। पूछताछ में सभी नागरिक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने इन नागरिकों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के सामने पेश किया। जहां से इन्हें निर्वासन का आदेश दिया गया। इसके बाद इन नागरिकों को डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए नागरिकों की वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद अवैध रूप से राजधानी में रह रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन नागरिकों के खिलाफ द्वारका जिले की नारकोटिक्स सेल, वाहन चोरी निरोधक शाखा, मोहन गार्डन थाना पुलिस ने कार्रवाई की है।

# डीयू में एनईपी 2020 पर फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित

**इस पृथ्वी पर सबसे बढ़िया व्यवसाय है शिक्षण : प्रो. योगेश सिंह**



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि इस पृथ्वी पर शिक्षण सबसे बढ़िया व्यवसाय है। प्रो. योगेश सिंह नवनियुक्त शिक्षकों के लिए आयोजित फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी 2020- पेडागोजिकल इम्पेराटिवस फॉर हायर एजुकेशन विषय पर एक फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। विश्वविद्यालय के खेल परिसर के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। इस अवसर पर नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क की राष्ट्रीय संचालन समिति के अध्यक्ष पद्म विभूषण डॉ. के. कस्तूरीरंगन (पूर्व अध्यक्ष, इसरो और पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षा नीति समिति) बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। डॉ. के. कस्तूरीरंगन ने अपने संबोधन में कहा कि एनईपी 2020 समग्र शिक्षा को पूर्ण करने वाली है। इसके माध्यम से जीवन के हर पक्ष को समग्र तरीके से समृद्ध किया जा सकता है।

कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि एक साल में डीयू में शिक्षकों की नई नियुक्तियों का आंकड़ा 3500 से अधिक है। यह किसी विश्वविद्यालय में इतने समय में नियुक्तियों का सबसे बड़ा आंकड़ा है। उन्होंने बताया कि हमारे पास कुल 5200 रिक्तियां थी जिनमें से अभी 1700 बची हुई है। कुलपति ने नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका योगदान, प्रतिबद्धता, समर्पण और आचरण संस्थान को भविष्य में सर्वोत्तम बनाएगा। कुलपति ने नियुक्तियों में सहयोग के लिए विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद और अकादमिक परिषद का भी आभार जताया। उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में शिक्षण का सर्वोत्तम सुअवसर मिल चुका है, अब आपको दूसरों के लिए सर्वोत्तम करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल देता है। शिक्षक संस्कार, संस्कृति, पढ़ाई, खुशी, सकारात्मकता और मौलिकता देता है।

उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से आह्वान किया कि वे रोने वाले और नारे लगाने वाले न बनें। शिक्षक नारे लगाते हुए अच्छे नहीं लगते। कुलपति ने कहा कि 18वीं-19वीं सदी की इस परंपरा को बदलें, क्योंकि समाज इसे अच्छा नहीं मानता। आप अच्छा करेंगे तो लोग अनुसरण करेंगे और अगर आप नारे लगाएंगे तो दूसरी जगह भी वह अनुसरण किया जाएगा।

## 35वें विश्व एड्स दिवस पर अतिरिक्त सावधानियां बरतने का आह्वान किया




नई दिल्ली। नेशनल एजुकेशनल मीडिया नेटवर्क और नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज ट्रस्ट के मुख्यालय बरवाला में 35वें विश्व एड्स दिवस पर एचआईवी एड्स से बचाव के लिए चिकित्सा सेवाओं में संलग्न चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों से अनुरोध किया है कि वह सामान्य रोगियों के इलाज के समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। वत्स ने कहा कि ब्लड बैंक रक्तदान करने वाले रक्तदाता के खून में एचआईवी संक्रमण की जांच हर हालत में सुनिश्चित कर लें ताकि किसी भी मरीज को संक्रमित खून चढ़ाने से बचाया जा सके। इंजेक्शन लगाते समय एक ही सूई का प्रयोग करने से बचा जाए। यह जागरूकता निश्चित ही एड्स से बचाव में कारगर होगी। एड्स रोकथाम में ब्लड बैंकों की भूमिका अहम होती है। इसलिए सभी ब्लड बैंकों को चाहिए कि वह अपने यहां संक्रमित रक्त ना रखें। वत्स ने कहा कि 2023 की थीम है लैट्स कम्युनिटीज लीड। जन-जागरूकता से ही हम लोगों को एड्स से बचा सकते हैं। एकाधिक यौन संबंधों से बचें। समय रहते चिकित्सा अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्या बताएं। यह जानकारी पूर्णतः गोपनीय होती है। नौजवान युवा पीढ़ी एड्स से बचाव के लिए लोगों का नेतृत्व कर सकती है।

## 'सुरंग अभियान' को सफल बनाने वाले श्रमिकों से मिले केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सुरंग अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े श्रमवीरों से मुलाकात की।

केजरीवाल ने शुक्रवार को अपने आवास पर सभी श्रमवीरों का स्वागत और सम्मान किया। उन्होंने कहा कि इन श्रमवीरों ने सुरंग में फंसे लोगों तक पहुंचने में आ रही सबसे मुश्किल बाधा को पार किया था।

यह सभी लोग दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में रहते हैं और पिछले कई वर्षों से दिल्ली जल बोर्ड से जुड़कर काम कर रहे हैं। कोई 17 दिनों से सुरंग में फंसे 41 लोगों को निकालने के प्रयास में जब अमेरिकन ऑगर मशीन फेल हो गई तो इन श्रमवीरों को दिल्ली से एयर लिफ्ट करके उत्तराखंड ले जाया गया। इस मुश्किल वक्त में इन्होंने करीब 36 घंटे तक बिना सोए काम किया और सुरंग में फंसे लोगों की जान बचाई।

उन्होंने सभी श्रमवीरों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आपने अपनी जान की बाजी लगाकर बिना सोए रात-दिन मेहनत करके सुरंग में फंसे 41 लोगों की जिंदगी बचा ली। आप लोगों ने जो बहादुरी का काम किया है, उसकी पूरे देश में चर्चा हो रही है।

दिल्लीवालों के लिए भी यह बहुत फक्र की बात है कि आप सभी लोग दिल्ली में रहते हैं और दिल्ली जल बोर्ड में हमारे साथ कई वर्षों से काम कर रहे हैं।

इस दौरान मौजूद दिल्ली जल बोर्ड की चेयरमैन एवं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि सुरंग की खुदाई कर उसमें फंसे 41 लोगों को सकुशल बाहर निकालने वाले 15 लोग दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह बड़ी बात है कि एक मुश्किल मौके पर जब बड़े-बड़े लोग सही निर्णय नहीं ले पाते हैं, वहां पर आम लोगों ने अपनी जान की बाजी लगाकर लोगों की जान बचाई।

## गाजियाबाद में कैंटर से कुचलकर बच्चे की मौत

गाजियाबाद। हाईस्पीड दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर घूम रहे एक बच्चे को कैंटर ने कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। एक अन्य हादसे में एक्सप्रेस-वे पर ही कई गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। हालांकि उसमें सवार कोई व्यक्ति ज्यादा चोटिल नहीं हुआ। इस हादसे की वजह से कुछ देर के लिए एक्सप्रेस-वे पर यातायात प्रभावित जरूर हुआ। इसके बाद सभी वाहन चालक वहां से निकल गए। गाजियाबाद के अपर पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक) रामानंद कुशवाहा ने बताया, ये हादसा एक दिसंबर की सुबह 9 बजे एक्सप्रेस-वे पर मसूरी थाना क्षेत्र में सिकरोड़ा गांव के पास हुआ। कंट्रोल रूम को मिली सूचना के बाद पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पहचान 10 वर्षीय समद के रूप में हुई। वो गांव सिकरोड़ा का ही रहने वाला था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि समद अपने एक दोस्त संग एक्सप्रेस-वे पर घूम रहा था।

# नोएडा में छात्र से ऑनलाइन ठगी

**गेम का लिंक भेजकर खाते से उड़ाए 40 हजार रुपए**

एजेंसी




जेवर। नोएडा में दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक यूनिवर्सिटी के छात्र को व्हाट्सएप पर गेम का लिंक भेजकर अज्ञात आरोपी ने उसके खाते से 40 हजार रुपये की रकम उड़ा दी। इस संबंध में पीड़ित ने शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर साइबर सेल में आरोपी के खिलाफ शिकायत की है। बिहार निवासी सत्यम क्षेत्र में स्थित एक यूनिवर्सिटी में एमबीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने कहा कि गुरुवार रात को उनके फोन पर एक अज्ञात आरोपी ने व्हाट्सएप पर गेम का लिंक भेज दिया। इसके बाद आरोपी ने उसको ओपन करने के लिए पीड़ित को कई तरीके बताएं। जिसके आधार पर पीड़ित ने ऐसे ही किया।

कुछ देर बाद पीड़ित के बैंक खाते से 40 हजार रुपये कटने का मैसेज मिला। जिसके बाद पीड़ित ने आरोपी से संपर्क किया तो आरोपी ने अपना फोन ऑफ कर लिया। पीड़ित का कहना है कि लिंक के माध्यम से ही उसकी खाते से यह रकम निकाली गई है। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की है।

पुलिस का कहना है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति का भेजा गया लिंक ओपन नहीं करना चाहिए। साथ ही किसी को भी अपना ओटीपी समेत और बैंक से संबंधित कोई भी पर्सनल जानकारी नहीं देनी चाहिए। क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों में कई ऐसी घटनाएं यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों के साथ हो चुकी है।

कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि पीड़ित की शिकायत ले ली गई है। जिसके आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दनकौर कस्बा निवासी एक व्यक्ति को व्हाट्सएप पर लिंक भेज कर एक अज्ञात आरोपी ने 10 हजार रुपये उड़ा दिए।

इस संबंध में पीड़ित ने कोतवाली की साइबर सेल में मामले की शिकायत की है। पीड़ित शिवम सिंह का कहना है कि वह नोएडा में स्थित कंपनी में जॉब करते हैं। उन्होंने बताया कि करीब 3 दिन पहले उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात आरोपी ने एक लिंक भेजा।

जिसको पीड़ित ने ओपन कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी के कहने पर लिंक में अन्य कई जरूरी जानकारी भर दी। जिसके बाद पीड़ित के खाते से 10 हजार रुपये की रकम उड़ गई। जिसके बाद से आरोपी पीड़ित का फोन भी रिसीव नहीं कर रहा है।

नई दिल्ली
शनिवार 02 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## डिजिटल धोखाधड़ी

डिजिटल युग में तेजी से बदलती तकनीक ने समृद्धि और सुविधा का संकेत दिया है, लेकिन इसके साथ ही एक नया खतरा भी उत्पन्न हुआ है, जो है डिजिटल धोखाधड़ी। इस नई आपदा ने सामाजिक और आर्थिक पहलुओं को बाधित किया है और लोगों को धोखा देने वालों के शिकार बना रहा है। इस लेख में, हम डिजिटल धोखाधड़ी के परिप्रेक्ष्य में चर्चा करेंगे और इससे बचाव के उपायों पर विचार करेंगे।

डिजिटल धोखाधड़ी एक तकनीकी युग में एक नया जीवन शैली है जो लोगों को धोखा देने का साधन बना रही है। इसमें विभिन्न रूपों में धोखाधड़ी शामिल है, जैसे कि ऑनलाइन धारा प्रदूषण, धन की लूट, इंटरनेट फ्रॉड, फिशिंग, रैंसमवेयर, और सोशल इंजीनियरिंग। ये तकनीकी चुनौतियों ने सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को खतरे में डाला है और लोगों को संतुष्टि के स्थान पर सतर्क रहने की आवश्यकता को उत्तेजित किया है।

### डिजिटल धोखाधड़ी के प्रकार

**ऑनलाइन धारा प्रदूषण :** यह धोखाधड़ी का प्रमुख रूप है, जिसमें लोगों को विभिन्न तरीकों से धोखा दिया जाता है, जैसे कि नकली वेबसाइट्स, वायरस और मैलवेयर के माध्यम से।

**फिशिंग :** इसमें लोगों को धोखा देने के लिए विशेषज्ञता से तैयार किए गए भ्रांतिपूर्ण आदान-प्रदानों का उपयोग किया जाता है।

**रैंसमवेयर :** यह एक प्रकार का कंप्यूटर वायरस है जो आपके डेटा और फ़ाइलों को लॉक कर देता है और फिर रिलीज के लिए रिश्वत मांगता है।

**सोशल इंजीनियरिंग :** इसमें हमें धोखा देने वाले व्यक्ति खुद को हमारे विशेषज्ञ या जाने-पहचाने व्यक्ति के रूप में पेश करके हमसे विशेष जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।

### डिजिटल धोखाधड़ी के कारण

**अनवांछित लाभ के लिए :** धोखाधड़ीकर्ताओं का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत या वित्तीय लाभ होता है। वे लोगों की जानकारी, पैसे, या अन्य आपसी जुड़ों को लूटने का प्रयास करते हैं।

**तकनीकी सक्षमता :** तकनीक के सुधारने के साथ, धोखाधड़ीकर्ताओं की तकनीकी सक्षमता में भी वृद्धि हो रही है। इससे उन्हें नई और नई तकनीकों का उपयोग करने का अवसर मिल रहा है।

**बौद्धिक चुनौतियां :** धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों के पास बौद्धिक चुनौतियों का सामना करने की क्षमता होती है, जिससे वे नए और नए तरीकों से लोगों को धोखा दे सकते हैं।

डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के लिए लोगों को ऑनलाइन सुरक्षित रहने के लिए सतर्क रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे अपनी ऑनलाइन सक्रियता को सतर्कता और जागरूकता के साथ संचित कर सकते हैं। सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करना और नियमित अंतराल से उन्हें बदलना एक सुरक्षित डिजिटल जीवन का कदम है।



# कॉप-28 जलवायु नियंत्रित करने के लिये कमर कसे




धरती की पर्यावरण चिंताओं पर विचार और समस्याओं के समाधान के लिए दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) में आयोजित हो रहा संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन-कॉप-28 बहुत महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हमारे जीवन पर साफ-साफ दिखने लगा है। 2021 में हुए पेरिस समझौते में दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने की बात की गई थी, इस साल 38 से भी अधिक दिन ऐसे रहे हैं जिनमें तापमान औसत से डेढ़ डिग्री ज्यादा रहा था। इस साल तापमान में वृद्धि, महासागर की गर्मी, अंटार्कटिका की बर्फ का घटना आदि ने ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को चिन्ताजनक स्तर तक पहुंचा दिया है। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है, बार-बार बाढ़, सूखा एवं भुस्खलन हो रहा है। इसलिए, विकसित देशों को अपना कार्बन उत्सर्जन कम करने और ग्रीन एनर्जी में निवेश करने की आवश्यकता है। पर्यावरण के बिगड़ते मिजाज एवं जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों ने जीवन को जटिल बना दिया है।

वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा। रोम में सम्पन्न हुए जी-20 सम्मेलन में सभी देश धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस कम करने पर राजी हुए हैं। इसके अलावा उत्सर्जन को नियंत्रण करने के तथ्य निर्धारित किये गए हैं। जी-20 ने तो शताब्दी के मध्य तक कार्बन न्यूट्रेलिटी तक पहुंचने का वादा भी किया है। कहीं बाढ़, कहीं सूखा तो कहीं बेमौसम बरसात के चलते 2023 को दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक एक ऐसा वर्ष मान रहे हैं, जहां से पृथ्वी का पर्यावरण एक अज्ञात क्षेत्र यानी संकटकालीन परिवेश में प्रवेश कर रहा है। जाहिर है कि कॉप-28 में अब निर्णायक एवं कार्यकारी स्तर पहुंचना होगा, सिर्फ लुभावनी योजनाओं एवं भाषणों से काम नहीं चलने वाला, जैसा कि अभी इसमें शामिल 198 देश और उनके प्रतिनिधि कोरी खानापूर्ति करते आए हैं। कॉप की बैठकें भले ही अच्छे भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिए आयोजित होती रही हों, लेकिन एक पेरिस समझौते को छोड़ दें तो अभी तक इसमें समस्या के समाधान के लिये बहुत काम नहीं हो पाया है। सभी प्रतिनिधि देशों को इस विकराल एवं ज्वलंत समस्या से निजात पाने के लिये न केवल कमर कसनी होगी, बल्कि आर्थिक सहयोग भी करना होगा।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कॉप-28 में भाग लेने दुबई पहुंच गये हैं। उन्होंने ग्लासगो में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन (सीओपी 26) में बढ़ते पर्यावरण संकट में पिछड़े देशों की मदद की वकालत की ताकि गरीब आबादी सुरक्षित जीवन जी सके। मोदी ने अमीर देशों को स्पष्ट संदेश दिया कि धरती को बचाना उनकी प्राथमिकता होनी ही चाहिए, वे अपनी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। जलवायु संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैया को लेकर भारत की चिंता गैरवाजिब नहीं है। दुनिया को जलवायु परिवर्तन की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा और इसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। अभी तक अपने स्वार्थ की वजह से दुनिया के कई देश इस दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते, खासतौर पर अमीर देश। दरअसल, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रीन एनर्जी में भारी-भरकम निवेश करना होगा और प्रदूषण फैलाने वाले ईंधनों का इस्तेमाल घटाना होगा। लेकिन इससे कुछ समय के लिए आर्थिक ग्रोथ में कमी आ सकती है। इस वजह से भी एक हिचक कई देशों में दिखती है, जिसके कारण आने वाली पीढ़ियों एवं धरती पर पर्यावरण का भविष्य खराब हो सकता है।

भारत में ग्लोबल तापमान के चलते होने वाला विस्थापन अनुमान से कहीं अधिक है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्राथमिक आपदाओं की तीव्रता आई हुई है। भारत में जलवायु परिवर्तन पर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार एनवायरमेंट एंड डवलपमेंट की जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़-सूखे के चलते फसलों की तबाही और चक्रवातों के कारण मछली पालन में गिरावट आ रही है। देश के भीतर भू-स्खलन से अनेक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भू-स्खलन उत्तराखंड एवं हिमाचल जैसे दो राज्यों तक सीमित नहीं बल्कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम और पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों में भी भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के चलते लोगों की जानें गई हैं, इन प्राकृतिक आपदाओं के शिकार गरीब ही अधिक होते हैं, गरीब लोग प्राथमिक विपदाओं का दंश नहीं झेल पा रहे और अपनी जमीनों से उखड़ रहे हैं। गरीब लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर चुके हैं। विस्थापन लगातार बढ़ रहा है। महानगर और घनी आबादी वाले शहर गंभीर प्रदूषण के शिकार हैं, जहां जीवन जटिल से जटिलतर होता जा रहा है।

भारत में नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर कई राज्यों की सरकारें आपस में उलझी हैं। किसी और को अपना पानी किसी भी हाल में न देने या किसी और से हर सूरत में पानी छीन लाने के नाम पर चुनाव लड़े और जीते जा रहे हैं। लेकिन नदियों की हालत कैसे सुधरे, उनका पानी कैसे बढ़ाया जाए और उन्हें कचरे का ढेर बनने से कैसे रोका जाए, यह बात राजनीति तो क्या नागरिक समाज के अजेंडे से भी बाहर है। एक आधुनिक कहावत है कि अपने ग्रह के साथ हम ऐसे खिलवाड़ कर रहे हैं, जैसे इसके विकल्प के रूप में कोई और ग्रह हमने बक्से में बंद कर रखा हो- यह बिगड़ जाएगा तो क्या हुआ, उससे खेल लेंगे!

अमेरिका की नैशनल इंटेलिजेंस इस्टीमेट रिपोर्ट में भारत को पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित उन 11 देशों में शामिल किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चिंताजनक श्रेणी में माने गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये ऐसे देश हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता के लिहाज से खासे कमजोर हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आने वाले समय में विश्व तापमान की दशा तय करने में चीन और भारत की अहम भूमिका रहने वाली है। आखिर चीन दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश है। भारत भले चौथे नंबर पर है, लेकिन चीन के साथ जुड़ इसलिए जाता है क्योंकि इन दोनों ही देशों में उत्सर्जन की मात्रा साल-दर-साल बढ़ रही है।

यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जलवायु संकट एवं बढ़ते तापमान के कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है।

जरूरत है कि कॉप-28 अमीर राष्ट्रों को संवेदनशील एवं उदार होने के साथ-साथ प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने एवं उसके प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित करें, ताकि हम जलवायु महासंकट से मुक्ति पा जाये एवं 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। ग्लोबल वार्मिंग का खतरनाक प्रभाव ही है कि गर्मियां आग उगलने लगी हैं और सर्दियों में गर्मी का अहसास होने लगा है। इसकी वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। पर्यावरण के निरंतर बदलते स्वरूप ने नि:संदेह बढ़ते दुष्परिणामों पर सोचने पर मजबूर किया है। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है। उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व मानवता के प्रति बड़ा अपराध होगा।

# आंतरिक तथा बाह्य सुरक्षा से सतर्क रहें भारत

भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रपतियों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक संवेदनहीन,लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। इसी तरह इसराइल हमास युद्ध में इसराइल को खुला समर्थन देकर अमेरिका ने विस्तारवाद तथा साम्राज्यवाद की आग को हवा देने का काम किया है और लगभग 2 हजार लोगों की जान को जिंदगी से वंचित कर दिया है। दूसरी तरफ भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है।

भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक सामाजिक आर्थिक विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है।

जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है और भारत की सीमाएं 7 जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष एवं शांति, सद्भावना की रही है। भारत के साथ पड़ोसी देशों में भूटान,बांग्लादेश श्रीलंका ,मालदीव ,सदैव भारत के साथ मित्रवत रहे हैं किंतु चीन तथा पाकिस्तान ने हमेशा भारत के हितों का नुकसान की चाहा है भूटान, बांग्लादेश, और बांग्लादेश ने भारत से अपने संबंध अपने हितों से जोड़कर कई संधियों में हस्ताक्षर किए ,जिसके कारण दोनों देशों ने मिलकर कई पावर प्लांट, पावर ट्रांसमिशन लाइन,1 बंदरगाह की विकास रेल लाइन निर्माण आदि में एक दूसरे का साथ दिया है।

मालदीव एक एसा देश है जिसका दक्षिण तथा अरब सागर में सामरिक महत्व है, इसलिए भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।




## नफरती बयानों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सख्त

राजनीतिक दलों के जिम्मेदार माने जाने वाले नेता भी सार्वजनिक मंचों से ऐसे भड़काऊ और समाज में नफरत पैदा करने वाले बयान देते देखे गए हैं।

नफरती बयानों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर सख्ती दिखाई है। चार राज्यों को नोटिस जारी कर पूछा है कि उन्होंने अपने यहां इस संबंध में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की है या नहीं। दरअसल, इस साल अगस्त में नफरती बयानों पर रोक लगाने संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सख्त टिप्पणी की थी कि इस तरह के बयान देने वाले चाहे जो हों, उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए।

इसके लिए अदालत ने राज्य सरकारों को अपने यहां नोडल अधिकारी नियुक्त करने का आदेश दिया था, जो नफरती भाषणों का संज्ञान लेकर मामले दर्ज और उन पर कार्रवाई करेंगे। उसी संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से बताया गया कि अट्ठाईस राज्यों ने नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी है, मगर पांच राज्यों- गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल और नगालैंड ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं उपलब्ध कराई है। हालांकि बाद में पश्चिम बंगाल ने कहा कि उसने भी नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी है। विचित्र है कि सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती और चार महीने बीत जाने के बाद भी चार राज्यों ने इस मामले पर गंभीरत नहीं दिखाई है।

सर्वोच्च न्यायालय कई बार केंद्र और राज्य सरकारों को नफरती भाषणों पर रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाने का निर्देश दे चुका था, मगर जब उसके सकारात्मक नतीजे नहीं आए तब उसने खुद एक दिशा-निर्देश जारी कर राज्य सरकारों की जवाबदेही तय की थी। उसी के तहत नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जानी थी।

छिपी बात नहीं है कि नफरती बयानों के चलते पिछले कुछ सालों में किस तरह सामाजिक ताना-बाना कमजोर हुआ है। समाज में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण बना है और कई जगहों पर इसके गंभीर नतीजे भी सामने आए हैं। सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने की कोशिशें की जाती हैं। इसमें अक्सर राज्य प्रशासन की लापरवाही और पक्षपातपूर्ण रवैया उपद्रवियों तथा समाज में तनाव पैदा करने की कोशिश करने वालों का मनोबल बढ़ाता रहा है।


जबकि वैमनस्यता फैलाने के खिलाफ कड़े कानून हैं, मगर कई मौकों पर राज्य प्रशासन आंखें मूंदे नजर आया है। कुछ राज्यों में धर्म संसद का आयोजन कर समुदाय विशेष के प्रति नफरत बोने की कोशश की गई, तो कुछ राज्यों में इसकी प्रतिक्रया में वैसे ही नफरती बोल बोले गए। दोनों ही समुदायों को राजनीतिक समर्थन मिलता देखा गया।


ऐसी कोशिशों को रोकना राज्य सरकारों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मगर जिस तरह समुदायों में नफरत पैदा कर राजनीतिक लाभ उठाने की प्रवृत्ति बढ़ी है, उसमें सरकारें अपने कर्तव्य से विमुख नजर आई, तो हैरानी की बात नहीं। सर्वोच्च न्यायालय के कड़े आदेश के बाद भी हरियाणा के नूंह में नफरती हरकतें खुल कर सामने आईं और प्रशासन लंबे समय तक निष्क्रिय नजर आया। इससे यही पता चलता है कि राज्य सरकारें खुद इस मामले में गंभीर नहीं हैं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय उनके कर्तव्यों की याद दिलाता रहता है, मगर शायद उन्हें अपने सियासी नफे-नुकसान से ऊपर उठ कर सामाजिक ताने-बाने की सुरक्षा के संवैधानिक दायित्व की चिंता नहीं है। यह भी अकारण नहीं माना जा सकता कि कुछ राजनीतिक दलों के जिम्मेदार माने जाने वाले नेता भी सार्वजनिक मंचों से ऐसे भड़काऊ और समाज में नफरत पैदा करने वाले बयान देते देखे गए हैं। राज्य सरकारों के साथ-साथ इस मामले में राजनीतिक दलों से भी मर्यादा, संयम, अनुशासन और संवैधानिक मूल्यों के प्रति गंभीरता की अपेक्षा की जाती है।

# दुनियाँ की सबसे बड़ी औद्धोगिक त्रासदी भोपाल गैस त्रासदी के हुए 39 साल



श्याम कुमार कोलारे





दुनिया की सबसे बड़ा व भयानक ओद्धोगिक त्रासदी जिसने चंद घंटों में ही हजारो लोगो की जान लील दिया था, कहने को तो आज इस घटना के 39 वर्ष हो हो चुके है परन्तु इस भयानक मंजर को याद करें तो आज भी सभी का दिल दहल जाता है द्य 2-3 दिसम्बर 1984 की रात लोगों के लिए एक मौत का मंजर लेकर आया था उस रात हवा में मौत बह रही है जो उस हवा के संपर्क में आये मौत उसे पल में आपने आगोश में लेने को आतुर थी । आज भी वह खौफनाक रात को याद कर सिहर जाते है लोग ! जी हाँ मैं उस त्रासदी के बारे में ही बताने जा रहा हूँ दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी के रूप में इतिहास के पन्नो में दफन है । इस मंजर को याद करने से लगता है जैसे उस रात मौत का कहर लोगो को ग्रास बनाने के लिए लोगो के पीछे दौड़ रहा था । किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि क्या करें, कहाँ जाए किससे सहायता मांगें। बस लोग अपनी जान बचाने के लिए दौड़े जा रहे थे और जहरीली गैस की चपेट में आकर अपना दम तोड़ते जा रहे थे । उस काली रात ने लोगो के जीवन की साँसे छीन ली थी, जिधर देखो उधर लाशो का ढ़ेर नजर आ रहा था । पशु-पक्षी, मनुष्य सब के सब लाशो के ढेर के रूप में दिखाई दे रहे थे । ऐसा लग रहा था जैसे यहाँ मौत का तांडव चल रहा हो। उस रात जहरीली हवा के संपर्क में आने वाला कोई भी इस कहर से अछूता न रह पाया । सब के सब किसी न किसी प्रकार से उसके प्रभाव में आये हुए थे । मौत के इस हवा ने यूनियन कार्बाइड नामक फैक्ट्री के पास की झुग्गी-बस्ती को सबसे पहले अपना शिकार बनाई, यहाँ काम की तलाश में दूर-दराज गांव से आकर लोग रह रहे थे। इन झुग्गी-बस्तियों में रह रहे कुछ लोग तो नींद में ही मौत का ग्रास बन गये । जब गैस धीरे-धीरे लोगों को घरों में घुसने लगी, तो लोग घबराकर बाहर आए, लेकिन यहां तो हालात और भी ज्यादा खराब थे। किसी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, तो कोई हांफते-हांफते ही मर गया। कोई इस तरह के मंजर से डरकर ही अपनी जगह से उठ नहीं पाए, कोई भी इस तरह के हादसे के लिए कोई तैयार नहीं था। जैसे-जैसे रात बीत रही थी, अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही थी, लेकिन डॉक्टरों को ये मालूम नहीं था कि हुआ क्या है ? और इसका इलाज कैसे करना है ? उस समय किसी की आंखों के सामने अंधेरा छा रहा था, तो किसी का सिर चकरा रहा था और सांस की तकलीफ तो सभी को थी। जबकि, कइयों की लाशें तो सड़कों पर ही पड़ी थीं। रेल्वे स्टेशन एवं बस स्टैंड में लोगो का ढेर लगा हुआ था । किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था की क्या करें।

इस गैस त्रासदी को 39 साल हो चुके हैं, आइये जानते है क्या हुआ उस भयंकर काली रात को जिसने हजारों लोगों को पल में मौत का ग्रास बना डाला । भोपाल में 2-3 दिसम्बर 1984 यानी आज से 39 साल पहले दर्दनाक हादसा हुआ था । इतिहास में यह भोपाल गैस कांड या भोपाल गैस त्रासदी के नाम से दफन है है, भोपाल गैस त्रासदी दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक दुर्घटना मानी जाती है ।2-3 दिसंबर 1984 की रात भोपाल स्थित कीटनाशक बनाने वाली यूनियन कार्बाइड नामक कंपनी के कारखाने से एक जहरीली गैस मिथाइल आइसोसायनाइड का रिसाव हुआ, दरअसल यहां पर प्लांट को ठंडा रखने के लिए मिथाइल आइसोसायनाइड नाम की गैस को पानी के साथ मिलाया जाता था लेकिन उस रात इसके कॉन्बिनेशन में गड़बड़ी हो गई और पानी लीक होकर टैंक में पहुंच गया। इसके बर्फ प्लांट के 610 नंबर टैंक में तापमान के साथ प्रेशर बढ़ गया। इसके बाद गैस रिसाव तेजी से होने लगा। देखते ही देखते हालात बेकाबू हो गए और जहरीले के पूरे भोपाल शहर में फैल गई। यह गैस हवा के साथ मिलकर आसपास के इलाकों में फैल रही थी। इसके बाद भोपाल में लाशों के ढेर लग गए ।

अस्पतालों पर मरीजों की लंबी लाइन लग गई। बताते हैं कि उस समय फैक्ट्री का अलार्म सिस्टम भी घंटों तक बंद रहा था, जबकि उसे बिना किसी देरी के ही बजना था। जैसे-जैसे रात बीत रही थी, अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही थी, लेकिन डॉक्टरों को ये मालूम नहीं था कि हुआ क्या है ? और इसका इलाज कैसे करना है ?

एक अनुमान के मुताबिक, सिर्फ दो दिन में ही 50 हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए पहुंचे थे। जिससे लगभग 15,000 लोगों की जान गई और कई लोग अनेक तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए, जो आज भी त्रासदी की मार झेल रहे हैं । सरकारी आंकड़ों के अनुसार भोपाल गैस त्रासदी में कुल 3787 मौतें हुई थीं।

लेकिन गैस कांड के अगले तीन-चार दिन में हुए अंतिम संस्कारों के आंकड़े कुछ और ही कहानी कहते नजर आते हैं। गैस कांड के बाद वन विभाग के डिपो से दाह संस्कारों के लिए इतनी लकडियां गई थीं जिनसे पांच हजार से अधिक अंतिम संस्कार कर दिए जाएं। यह संख्या तो केवल दाह संस्कारों की है, इसके अतिरिक्त अन्य तरीकों से हुए शवों के अंतिम संस्कारों को जोड़ दें तो यह आंकड़ा सरकारी आंकड़ों से दोगुने से कहीं ज्यादा नजर आता है । इस हादसे का मुख्य आरोपी था वॉरेन एंडरसन, जो इस कंपनी का सीईओ था। 6 दिसंबर 1984 को एंडरसन को गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन अगले ही दिन 7 दिसंबर को उन्हें सरकारी विमान से दिल्ली भेजा गया और वहां से वो अमेरिका चले गए। इसके बाद एंडरसन कभी भारत लौटकर नहीं आए। कोर्ट ने उन्हें फरार घोषित कर दिया था।


गैस लीक होने के 8 घंटे बाद भोपाल को जहरीली गैस के असर से मुक्त मान लिया गया था, लेकिन 1984 में हुई इस दुर्घटना से मिले जख्म 39 साल बाद भी भरे नहीं हैं। इस फाइल को भी किसी रद्दी कागजों की फाइल में किसी कोने में दफना दिया गया होगा । किन्तु आज भी उस हादसे के प्रभाव में आये लोग जो किसी तरह बच गए थे आज भी पथराई आँखों से न्याय का इंतजार कर रहे है और इस प्रकार का हादसा भविष्य में कभी न हो, इसका उचित प्रबंध किया जाये एवं गैर जिम्मेदारों पर शिकंजा कसा जाये।

बेशक यह एक बहुत बड़ा औद्योगिक हादसा था, लेकिन जिस तरह का वायु प्रदूषण और उसके भीषण प्रभाव उसने भोपाल के पर्यावरण पर छोड़ा । यह गैस भोपाल के तालाबों के पानी और वहां की हवा में लंबे समय तक मिली रही और आज 39 साल बाद भी इसका असर दिखाई देता है ।

उस हादसे में बचे लोगों की सेहत पर ऐसे असर हुए और उन्हें कैंसर और अन्य तरह की ऐसी बीमारियां हुई जिसकी वजह से उनका इलाज मरते दम तक चला और आज बचे लोगों का इलाज आज भी चल रहा है ।

# योगी ने विपक्ष पर कसा तंज

## जिन्होंने रात में बेखौफ बस्तियां लूटीं, वही नसीब के मारों की बात करते हैं...



लखनऊ, 1 दिसंबर- नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पर शायराना अंदाज में नेता विरोधी दल पर हमला बोलते हुए कहा कि बड़ा हसीन है उनकी जबान का जादू, लगा के आग बहारों की बात करते हैं, जिन्होंने रात में बेखौफ बस्तियां लूटीं, वही नसीब के मारों की बात करते हैं... ।मुझे अफसोस हो रहा था कि नेता विरोधी दल लीक से हटकर आजकल बोलने के आदी हो चुके हैं। ये बीमारी केवल यहीं पर नहीं आई है, जो बीमारी बिहार में देखने को मिल रही है, वही यहां देखने को मिल रही है। यूपी विधानमंडल में पिछले 6-7 वर्षों में चर्चा परिचर्चा का माहौल बना है। वर्ष 2022 के बाद सकारात्मक पहल हुई है। इसमें विरोधी पक्ष के लोग खूब तैयारी करके आना चाहते हैं। ईश्वर करे ये हमेशा विपक्ष में बैठे रहें।

नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष प्रदेश में 2012 से 2017 के बीच मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। कई बार सांसद में भी रहे हैं। ऐसे में, उन्हें सप्लीमेंट्री डिमांड के बारे में थोड़ी और जानकारी कर लेनी चाहिये थी। वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश अराजकता, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और पहचान के संकट वाला प्रदेश बन चुका था। वहीं, वर्ष 2017 के बाद वाला यूपी डबल इंजन की ताकत से आगे बढ़ रहा है। आज यूपी के बारे में लोगों की धारणा बदली है। उन्हें सम्मान की दृष्टि से लोग देखते हैं। ये नये भारत का नया यूपी है। दुनिया में जिस तरह भारत के लिए दृष्टिकोण बदला है, वैसे ही देश में यूपी को लेकर लोगों की धारणा बदली है। ये बदला परसेप्शन ही यूपी की सबसे बड़ी पहचान है। सरकार वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। इससे विरोधी दल के सदस्यों को प्रसन्नता होनी चाहिए, क्योंकि प्रदेश आगे बढ़ेगा तो हर व्यक्ति को उसका लाभ मिलेगा।

### आज रेवेन्यू सरप्लस के लिए जाना जा रहा है यूपी

नेता सदन सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2016-17 में यूपी की जीएसडीपी लगभग 13 लाख करोड़ थी। वहीं, वर्ष 2023-24 में लगभग साढ़े 24 लाख करोड़ की ओर पहुंच रही है। ऐसे में, हम लगभग दोगुने की ओर बढ़ चुके हैं।

उत्तर प्रदेश की वर्ष 2015-16 में पर कैपिटा इनकम 43 हजार के आसपास थी, वह वर्ष 2022-23 में बढ़कर दोगुने से अधिक लगभग 83 हजार हो चुकी है। वर्ष 2023-24 के आंकड़े आएंगे तो इसमें और भी वृद्धि होगी। ऐसे में, बजट का आकार भी बढ़ा है। देश की 16 फीसदी यानी 25 करोड़ की आबादी यूपी में निवास करती है। यूपी में 2012 और 17 के बीच औसत बजट 2 लाख 70 हजार करोड़ के आस पास था। वहीं, 2022-23 का औसत 5 लाख 23 हजार करोड़ हुआ है। हमारा मूल बजट 6 लाख 90 हजार करोड़ है जबकि 28 हजार करोड़ के अनुपूरक बजट के साथ ये 7 लाख 19 हजार करोड़ का अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जिसे सरकार लेकर आई है। सरकार इस बजट के साथ प्रदेश के सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ रही है। नेता सदन ने कहा कि जब सरकार अपना बजट लाती है तो इस बात का ध्यान रखती है कि सोर्स ऑफ इनकम है या नहीं। आय और व्यय के संतुलन को ध्यान में रखना होता है।

# ऊंचाहार एनटीपीसी की एक और दो नंबर इकाई से विद्युत उत्पादन शुरु




**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के ऊंचाहार में स्थापित नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) की 210 मेगावाट की पांच नम्बर इकाई दस दिनों से भी अधिक समय से बन्द चल रही है जबकि एक व दो नम्बर इकाई से विद्युत उत्पादन शुरू हो चुका है।

एनटीपीसी की प्रवक्ता कोमल शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि यहाँ की एक इकाई अभी भी मांग न होने के कारण बन्द है जबकि एक व दो नम्बर की इकाई से विद्युत उत्पादन शुरु हो चुका है।

गौरतलब है कि ऊंचाहार स्थित एनटीपीसी का विद्युत उत्पादन उत्तरी क्षेत्र लोड डिस्पैच सेंटर (एनआरएलडीसी) के निर्देश पर ऊंचाहार परियोजना की यूनिट नं एक,दो व पांच को रिज़र्व शट डाउन में को करीब 10 दिनों से भी अधिक समय पहले से बंद किया गया था।

उन्होंने बताया कि एनआरएलडीसी के निर्देश मिलने के बाद एक व दो नम्बर की विद्युत इकाईयों से फिर से उत्पादन शुरू कर दिया गया था जबकि अभी तक पांच नंबर की इकाई से उत्पादन करने के निर्देश नही मिले हैं। उन्होंने बताया कि 210 मेगावाट की तीन इकाईयोंसे दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब को वितरण किया जाता है।

इन इकाइयों से दो इकाइयों से विद्युत उत्पादन को दुरुस्त किया जा चुका है जबकि पांच नंबर इकाई से विधुत उत्पादन अभी प्रभावित है। बता दें कि रिजर्व शट डाउन में बिजली का 630 मेगावाट बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ था, जिसमे से अब केवल 210 मेगावाट विद्युत उत्पादन मांग न होने के कारण प्रभावित है। ऊंचाहार परियोजना की कुल उत्पादन क्षमता 1550 मेगावाट है।

## शार्ट न्यूज

### आप की लोकतंत्र बचाओ रैली आज मेरठ में

**लखनऊ।** (पी एम ए) मोदी सरकार से लोकतंत्र बचाने की कवायद को लेकर आम आदमी पार्टी प्रदेश के कई हिस्सों में लोकतंत्र बचाओ रैली कर रही है. जिसकी शुरुआत 23 नवंबर को मुरादाबाद से हो चुकी है . अगली लोकतंत्र बचाओ रैली 2 दिसंबर को मेरठ में होगी जिसमें दिल्ली सरकार के विधायक दिलीप पाण्डेय और हाजी यूनुस मौजूद रहेंगे. यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने दी. प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा मोदी सरकार देश में लोकतंत्र खत्म करने की साजिश कर रही है सवाल उठाने वालों को जेल में डाला जा रहा है.पर्चा अभियान के साथ-साथ आम आदमी पार्टी लोकतंत्र बचाने के लिए आगामी 23 नवंबर से एक महीने के भीतर प्रदेश के अलग अलग अलग हिस्सों में रैलिया कर रही है. प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी राजनीतिक दुर्भावना के कारण की गई, अडानी के भ्रष्टाचार, महंगाई,बेरोजगारी और मोदी सरकार पर सवाल उठाने की वजह से उनकी गिरफ्तारी की गई. मोदी सरकार ने उनके सवालों के जवाब देने की बजाय ईडी से फर्जी तरीके से उनको गिरफ्तार करा दिया।

### मतदाता सूची में यदि कोई त्रुटि संज्ञान में आए तो इसकी सूचना एडीएम प्रशासन को दें

आजमगढ़ । (पीएमए) जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कल देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि बूथ लेवल एजेण्ट के माध्यम से जो फार्म 6, 7, 8 प्राप्त हो गये हैं, उसे 08 दिसम्बर 2023 तक संबंधित बीएलओ या एआरओ को उपलब्ध करा दें। उन्होने यह भी कहा कि मतदाता सूची में यदि कोई त्रुटि संज्ञान में आ रही है, तो इसकी सूचना अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करायें। उन्होने कहा कि 18 से 21 वर्ष तक के मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में नही है, उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वायें एवं अधिक से अधिक महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल विश्वकर्मा ने बताया कि पुनरीक्षण अवधि 27 अक्टूबर 2023 से 29 नवम्बर 2023 तक फार्म-6 के 34486, प्रारूप-7 के 20205 एवं फार्म-8 के 2989 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### अच्छादित पेंशनभोगियों का आयकर देयता विवरण न जमा करने की स्थिति में पेंशन हो जायेगा बाधित

गाजीपुर । (पीएमए) वरिष्ठ कोषाधिकारी गाजीपुर ने जनपद के पेंशन आहरित कर रहें समस्त पेंशनभोगी को सूचित किया है कि आयकर विभाग द्वारा निर्गत गाइड लाइन के दृष्टिगत ऐसे पेंशनभोगी जो प्रतिमाह रूपया 60000 से अधिक पेंशन भुगतान प्राप्त कर रहे है, वे नियमानुसार आनुपातिक रूप से पेंान पर देय आयकर देयता की कटौती प्रतिमाह नियमित पेंशन से अवश्य रूप से कटौती कराना सुनिश्चित करें। उन्होने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति तक की आयकर देयता विवरण दिनांक 11.02.2024 से दिनांक 25.02.2024 के मध्य तक प्रत्येक दशा में कोषागार कार्यालय में अपने पैन कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ अवश्य जमा कर देवें। उक्त आयकर परिधि से अच्छादित पेंशनभोगियों का आयकर देयता विवरण न जमा करने की स्थिति में माह फरवरी-2024 से पेंशन स्वत: बाधित हो जायेगा।

### अमरोहा में मर्डर के आरोपी ने किया सुसाइड

अमरोहा। अमरोहा के नौगांवा सादात थाना इलाके में चार दिन पहले दोस्त का मर्डर कर और घटना को हमलावरों द्वारा अंजाम देने की झूठी कहानी गढ़ने वाले आरोपी ने सुसाइड कर लिया है। बीती रात जिला अस्पताल में आरोपी ने फांसी का फंदा लगा लिया। घटना के वक्त आरोपी का बहनोई उसके पास मौजूद था। मर्डर के आरोपी द्वारा सुसाइड करने की बात जब पुलिस को लगी तो पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही आज सुबह मृतक के शव का दो डॉक्टरों के पैनल से पीएम कराया गया। आपको बता दें कि चार दिन पहले नौगांवा सादात थाना इलाके में नगर पंचायत कर्मी मौहम्मद निहाल के बेटे मौहम्मद फाजिल की उसके ही दोस्त मुस्लिम अब्बास ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। साथ ही घटना को अंजाम देकर मुस्लिम अब्बास खुद को लहूलुहान कर घर पहुंचा था और दोनो दोस्तों पर अज्ञात हमलावरों द्वारा हमला करने की बात कही थी। जिसके बाद परिजनों ने मुस्लिम अब्बास को अस्पताल में भर्ती कराया था।

### दहेज हत्या में ट्रेनी इंस्पेक्टर के पिता अरेस्ट

सहारनपुर। सहारनपुर में 30 नवंबर को ट्रेनी इंस्पेक्टर की पत्नी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। पुलिस इंस्पेक्टर के पिता समेत परिवार के चार लोगों पर दहेज हत्या और मानसिक उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना नागल के गांव कपासा का है। थाना नागल के गांव कपास में 30 नवंबर को ससुराल में नेहा (25) का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। युवती के पिता विरेंद्र ने युवक के पिता देशराज, दो भाई और बहन के खिलाफ दहेज हत्या, मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने ट्रेनी इंस्पेक्टर विपिन सैनी के पिता देशराज को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना बड़गांव के गांव सिमोना जमालपुर के रहने वाले वीरेंद्र की बेटी नेहा (25) की शादी 9 दिसंबर 2022 को थाना नागल के कपासा के रहने वाली विपिन सैनी के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग 5 लाख रुपए दहेज और 20 लाख रुपए की गाड़ी की डिमांड की थी। मांग पूरी न होने पर शादी से मना कर दिया था। लेकिन विपिन ने अपनी इच्छा से शादी कर ली।

### फतेहपुर में 15 साल की लड़की से रेप

फतेहपुर। यूपी के फतेहपुर में मामा के घर आये युवक ने पड़ोस की रहने वाली एक 15 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर डेढ़ माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फतेहपुर जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 23 अक्टूबर की सुबह घर के सभी लोग शहर में ही रिश्तेदारी में गए थे। घर पर उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी अकेली थी। दोपहर में करीब 11बजे वापस घर लौटे तो लड़की घर से लापता थी। लड़की को घर में न देख आस पड़ोस में खोजबीन शुरू की तो पता चला कि रोहन निवासी बेरा गढ़ीवा थाना हुसैनगंज पड़ोस में रहने वाले युवक मेरे घर के बगल में रहने वाले अपने मामा अविनाश पासवान के घर आया था। पिता का आरोप है कि रोहन उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया ।पीड़ित पिता के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने 363,366,376 और पॉस्को एक्ट का मुकदमा दर्ज कर किया था। कोतवाली प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवती का शव

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में अयोध्या-प्रयागराज रेलवे ट्रैक पर युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। कूरेभार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की और शव की शिनाख्त कराने में जुटी है। मामला प्रेम-प्रसंग में धोखा खाने से आहत होकर आत्महत्या का सामने आ रहा है। हालांकि, पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। घटना कूरेभार थाना क्षेत्र क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या-प्रयागराज रेल मार्ग पर फूलपुर गांव की है। यहां शुक्रवार को अज्ञात युवती का शव रेलवे ट्रैक पर पाई गई। ट्रेन की टक्कर से उसकी मौत हुई है। ऐसा कहा जा रहा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर कूरेभार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना को लेकर संशय बरकार है कि ये आत्महत्या है फिर दुर्घटना पुलिस इस पहलू पर जांच कर रही है। वहीं, स्थानीय लोगों की मानें तो घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर पुलिस को एक फटी हुई डायरी पेड़ के नीचे से मिली है, जिस पर किसी शुभम नाम के लड़के का नाम लिखा है। धोखा शब्द का भी उल्लेख डायरी पर है।

# जिलाधिकारी ने की इको प्रोटेक्शन इंजीनियर्स के कार्यों की समीक्षा

**आजमगढ़** । (पीएमए) जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा एजेन्सी एलसी इन्फ्रा, जीए बाबा, गाजा, सुधाकरन, विक्रान, इको प्रोटेक्शन इंजीनियर्स के कार्यो की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा फेज-2 के अन्तर्गत एजेन्सी एलसी इन्फ्रा द्वारा पम्प लोवरिंग के निर्माण में कम प्रगति पाये जाने पर निर्देश दिया गया कि सबसे पहले पम्प लोवरिंग कराते हुए उसका ट्रायल रन तत्काल करायें। फेज-3 के अन्तर्गत एलसी इन्फ्रा एवं जीए बाबा को निर्देश दिये कि अभी तक जितने भी पम्प हाउसों में पम्प लोवरिंग करायी गयी है, उसका जल्द से जल्द ट्रायल कर कराकर एफएचटीसी के माध्यम से सभी घरों में पानी सप्लाई कराना सुनिश्चित करें। इसी के साथ ही फेज-5 के अन्तर्गत एजेन्सी सुधारकरन, विक्रान, गाजा एवं इको प्रोटेक्शन इंजीनियर्स द्वारा पम्प लोवरिंग, ट्रायल रन एवं ओवर हेड टैंक की प्रगति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इसे जल्द से जल्द लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ण करायें।

# प्रतापगढ़ में सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत, 5 घायल

## सुलतानपुर से आ रहा था परिवार, कार और बस की आमने-सामने हुई टक्कर

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में गुरुवार की शाम रोडवेज बस और कार में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पिता और पुत्री की मौत हो गई। जबकि एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना जेठवारा थाना क्षेत्र के सराय आना देव के पास की है।

सुलतानपुर से पूरा परिवार कार से प्रतापगढ़ आ रहा था। सायन देव के




पास रोडवेज बस और कार में जोरदार टक्कर हो। सूचना के बाद अपर पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की सूचना मिलने पर जिला अधिकारी संजीव रंजन और पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। सुलतानपुर के गभडिया निवासी मोहम्मद इमरान (40) अपने परिवार के साथ कार से ससुराल जेठवारा के लोकापुर जा रहे थे। जेठवारा-प्रतापगढ़ मार्ग पर सराय आनादेव के पास कानपुर से आ रही रोडवेज ने इमरान की कार को टक्कर मार दी। इससे कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार सवार सभी लोगों को मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डॉक्टरों ने इमरान और उनकी 5 साल की बेटी आयशा को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि अर्सलान (10), फरहान (7), खुशनुमा (8), जिब्राइल (11) और सरताज (30) को भर्ती किया गया है। जहां पर उनका इलाज जारी है।

### सूचना मिलने पर पहुंचे डीएम

हादसे की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे डीएम संजीव रंजन ने बताया कि रोडवेज बस और कार में टक्कर हुई है। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है। पांच गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का मेडिकल कालेज में इलाज जारी है।

# तेज हवाओं के साथ अगले 5 दिन बारिश होने की संभावना

कानपुर। (पीएमए) मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले पांच दिनों के मध्य आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण 01 दिसम्बर को तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। कानपुर में 2.8 मिलीमीटर बारिश का रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

गुरुवार शाम यह जानकारी चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि कानपुर मंडल के आस—पास गुरुवार दिन का अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस था और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सापेक्षिक आर्द्रता की बात की जाए तो अधिकतम 92 प्रतिशत रहा और न्यूनतम आर्द्रता 75 प्रतिशत रहा।

हवा की औसत गति 2.6 किलोमीटर प्रति घंटा रही और हवा का रुख दक्षिण पूर्व रही और कानपुर 2.8 मिलीमीटर बारिश का रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

### देश भर में मौसम प्रणाली

कृषि मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि श्रीलंका और आसपास के इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व और निकटवर्ती दक्षिण अंडमान सागर पर एक स्पष्ट निम्न दबाव 30 नवंबर की शाम तक एक दबाव में बदल सकता है। इसके बाद, इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और दक्षिण-पश्चिम और निकटवर्ती दक्षिण-पूर्व खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है।

### बलिया में युवक ने किया सुसाइड

**बलिया।** बलिया के नगर पंचायत मनियर उतर टोला में शुक्रवार की दोपहर एक युवक का शव उसके कमरे में झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनियर कस्बा के उतर टोला वार्ड न. 6 निवासी बब्बन तुरहा (30) पुत्र मलू तुरहा का शव उसके घर के कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। घटना के वक्त उसकी पत्नी छत पर कपड़ा फैलाने गई थी। वापस लौटकर कमरे में गई तो देखा कि उसका पति फांसी के फंदे पर लटका है। उसके रोने की आवाज सुनकर परिजन सहित आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और उसको फांसी के फंदे से उतारकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बच्चे की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

## कौशांबी में 10 साल के बच्चे का किया था अपहरण

एजेंसी

**कौशांबी।** कौशांबी में अपर जिला जज (सप्तम) शरीन जैदी की कोर्ट ने बच्चे के अपहरण के बाद हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 55 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। हत्या का मामला 8 साल पुराना बताया जा रहा है।

पूरब शरीरा गांव के एक राजेश सरोज नाम के व्यक्ति ने पड़ोसी राम सवारे से विवाद होने के बाद उसके 10 साल के बेटे को गायब कर उसकी हत्या कर खेत में दफन कर दिया था। पश्चिम शरीरा पुलिस ने मामले में जांच के बाद आरोपी के घर से हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल और बच्चे के खून से सने कपड़े बरामद किए थे।

पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा गांव में रहने वाले राम सवारे का 10 वर्षीय बेटे राधेश्याम उर्फ धुन्नू 19 जुलाई 2015 को अचानक घर से खेलते हुए लापता हो गया था। पीड़ित ने स्थानीय थाना पुलिस में अपहरण का मुक़दमा पड़ोसी राजेश सरोज पुत्र साधू के खिलाफ दर्ज कराया। आरोप लगाया गया कि राजेश सरोज ने मामूली विवाद में उसको हत्या करने की धमकी दी थी।

# 15 दिसंबर तक अयोध्या एयरपोर्ट से शुरू हो सकती उड़ान

अयोध्या। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार हो गया है। इसके रनवे का काम लगभग पूरा हो गया है जबकि टर्मिनल बिल्डिंग का कार्य 95 प्रतिशत पूरा है।

अगले माह दिसंबर के मध्य तक अयोध्या एयरपोर्ट से उड़ान शुरू हो सकती है। यहां से सबसे पहले अयोध्या से दिल्ली और अहमदाबाद के लिए उड़ान शुरू होगी।

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया, दिल्ली के लिए हफ्ते में सातों दिन और अहमदाबाद के लिए हफ्ते में तीन दिन के लिए उड़ान होगी। इंडिगो और स्पाइसजेट ने सर्वे किया है। जल्द ही दोनों कंपनियों का रूट निर्धारण हो जाएगा। अयोध्या एयरपोर्ट का गेट भव्य और खूबसूरत बनाया जा रहा है। एयरपोर्ट की लाइसेंस की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जल्द उड़ान के लिए लाइसेंस मिल जाएगा।

सीएम योगी के दौरे से पहले कमिश्नर गौरव दयाल व ड्डत्र प्रवीण कुमार ने एयरपोर्ट का निरीक्षण किया है। इसके कुछ देर बाद डीएम नीतिश कुमार और एसएसपी राजकरन नैय्यर ने भी निरीक्षण किया है।

# सपा विधायक इरफान के शस्त्र लाइसेंस निरस्त

## कानपुर डीएम ने राइफल और पिस्टल का लाइसेंस निरस्त किया; विधायक के खिलाफ 18 मुकदमे

एजेंसी

**कानपुर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। विधायक के नाम दर्ज राइफल और पिस्टल के लाइसेंस को निरस्त कर दिया गया है। कानपुर डीएम कोर्ट में सुनवाई के बाद लाइसेंस निरस्त करने का फैसला लिया गया है। विधायक को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया था। फिलहाल विधायक महाराजगंज जेल में बंद हैं।

विधायक की पत्नी नसीम सोलंकी 4



महीने पहले ही अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित के साथ जाजमऊ थाने में सरेंडर कर चुकी हैं। सुनवाई के बाद अब दोनों ही शस्त्रों को निरस्त करने का फैसला सुनाया गया है। डीएम विशाख जी के मुताबिक लाइसेंस निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। सुनवाई का पूरा मौका दिया गया था।

विधायक ने चकेरी थाना के अंतर्गत पते पर दोनों लाइसेंस बनवाए थे। रिपोर्ट में विधायक को अपराधी किस्म का बताया गया है। ये भी बताया गया है कि विधायक लाइसेंसी शस्त्र के दम पर मारपीट, झगड़ा फसाद, आगजनी, रंगदारी मांगना, हत्या का प्रयास, जमीनों पर अवैध कब्जा करने के अभ्यस्त अपराधी है। लाइसेंस निरस्त करने के लिए पुलिस ने डीएम को रिपोर्ट सौंपी थी। संयुक्त पुलिस आयुक्त की ओर से सपा विधायक के खिलाफ जो रिपोर्ट डीएम कोर्ट को भेजी गई थी, उसमें 18 मुकदमों का जिक्र है। इस रिपोर्ट के मुताबिक आगजनी प्रकरण से पहले सपा विधायक के खिलाफ छह नहीं बल्कि दस मुकदमे दर्ज हुए।

पहला मुकदमा वर्ष 2008 में उन्नाव के अचलगंज थाने में हत्या का प्रयास, बलवा, मारपीट, धमकी की धाराओं में दर्ज हुआ था। कानपुर में वर्ष 2010 में ग्वालटोली में पीआईएनएच एक्ट में पहला मुकदमा दर्ज हुआ था।

# प्रशासन ने खनन माफियाओं के खिलाफ शुरू किया अभियान

## एक हफ्ते में 25 से ज्यादा ओवरलोड ट्रक को पकड़कर किया सीज

अमरोहा। अमरोहा प्रशासन इन दिनों खनन माफियाओं के खिलाफ है। यही वजह है कि एक हफ्ते में 25 से ज्यादा खनन से लदे ओवरलोडेड ट्रकों को पकड़कर सीज किया गया है। लगातार खनन माफियाओं के विरुद्ध हो रही कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद भर में खनन माफियाओं के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।




जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह चाहल ने बताया कि कमिश्नर और जिलाधिकारी के आदेश पर जिले भर में खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान चल रहा है। साथ ही बताया कि कुछ बजरी - बजरपुट से लदे ट्रक उत्तराखंड से मुरादाबाद होते हुए अमरोहा की सीमा में प्रवेश करते हैं। ऐसे ट्रकों की चेकिंग की गई।

### एडीएम ने पकड़े नौ ट्रक, पांच सीज

चेकिंग के दौरान ट्रक सवार लोग रॉयल्टी समेत जरूरी कागज नहीं दिखा सके। जिससे हफ्ते भर में 25 से अधिक ऐसे ओवरलोडेड ट्रकों को सीज किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### महराजगंज में अवैध शराब पर छापेमारी

महराजगंज । महराजगंज में जंगल में कच्ची शराब के कारोबारियों पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग, आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने उत्तरी चौक रेंज व लक्ष्मीपुर रेंज के जंगलों में अवैध शराब के कारोबारियों के कई ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान अवैध शराब कारोबारी फरार हो गए। संयुक्त टीम के अचानक छापा मारने की दहशत से शराब के कारोबारियों में दहशत फैल गई है। नौतनवां तहसील क्षेत्र के उत्तरी चौक और लक्ष्मीपुर रेंज के कच्ची शराब के अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी महराजगंज अनुनय झा ने वन विभाग, आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग की एक संयुक्त टीम को बनाया है। संयुक्त टीम ने नौतनवां तहसील क्षेत्र के टेढ़ी घाट स्थित चरैया घाट, गुलरिया जंगल, शाहपुर घाट आदि क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर सघन जांच अभियान चलाया। हालांकि कहीं से कोई कारोबारी या सामाग्री बरामद नहीं हुई। छापेमारी करने वाली टीम में क्षेत्रीय वन अधिकारी आरके सिंह, डिप्टी रेंजर राकेश कुमार, फारेस्टर जितेन्द्र गोड, वन दरोगा रामानन्द मौर्या, कपिलमुनि मिश्रा सहित पुलिस व आबकारी विभाग की टीम मौजूद रही।

## शार्ट न्यूज

### रिजर्व बैंक और बैंक ऑफ इंग्लैंड की साझेदारी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) ने आज क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) के संबंध में सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान से संबंधित एक समझौता किया। रिजर्व बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन पर आज लंदन में उसके डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर और वित्तीय स्थिरता के लिए बीओई की डिप्टी गवर्नर सारा ब्रीडेन द्वारा हस्ताक्षर किए गए। यह करार ब्रिटेन की वित्तीय स्थिरता की सुरक्षा करते हुए आरबीआई की नियामक और पर्यवेक्षी गतिविधियों पर निर्भरता रखने के लिए बीओई के लिए एक रूपरेखा स्थापित करता है। करार अंतरराष्ट्रीय समाशोधन गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए सीमा पार सहयोग के महत्व और अन्य नियामकों के शासन के प्रति बीओई की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह समझौता अपने संबंधित कानूनों और विनियमों के अनुरूप सहयोग बढ़ाने में दोनों अधिकारियों के हितों की पुष्टि करता है। यह बीओई को तीसरे देश के सेंट्रल काउंटरपार्टी (सीसीपी) के रूप में मान्यता के लिए सीसीआईएल के आवेदन का आकलन करने में भी सक्षम करेगा, जो सीसीआईएल के माध्यम से लेनदेन को मंजूरी देने के लिए यूके स्थित बैंकों के लिए एक पूर्व-आवश्यकता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 597.94 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 24 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 597.94 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.08 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 595.4 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 24 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.14 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 528.53 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 29.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 46.34 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 8.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.23 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.4 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.85 अरब डॉलर हो गई।

### आईसीआईसीआई बैंक ने रुपे क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यूपीआई भुगतान शुरु की

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए भुगतान सुविधा को बढ़ाते हुए अपने रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई लेनदेन के साथ इंटीग्रेट कर दिया है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस इंटीग्रेशन के साथ आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहक पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) लेनदेन को ऑनलाइन करने के लिए अपने रूपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक कर सकते हैं। बैंक ने अपने रुपे क्रेडिट कार्ड पर यूपीआई लेनदेन को सक्षम करने के लिए नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के साथ सहयोग किया है। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक कोरल रुपे क्रेडिट कार्ड, आईसीआईसीआई बैंक एचपीसीएल सुपर सेवर रुपे क्रेडिट कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक रूबिक्स रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक कर सकते हैं। वे व्यापारी के क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं और आईमोबाइल पे सहित किसी भी यूपीआई भुगतान ऐप का उपयोग करके अपने रुपे क्रेडिट कार्ड से भुगतान कर सकते हैं।

### प्रमुख गेम डेवलपर इंडस ऐपस्टोर से जुड़े

नयी दिल्ली। भारत के अपने एंड्रॉइड-आधारित मोबाइल ऐप स्टोर इंडस ऐपस्टोर ने देश भर के यूजर के लिए गेमिंग अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाते हुए अग्रणी गेम डेवलपरों को अपने ऐप स्टोर पर शामिल करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि एक अभूतपूर्व कदम में ड्रीम11, नजारा टेक्नॉलाजीज, ए 23, एमपीएल, जुगल रुम्मी, ताज रुम्मी , रुम्मी पैंसन, रुममी क्लचर, रुम्मी टाइम और कार्ड बाजी ने इंडस ऐपस्टोर के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी लाखों यूजरों के लिए गेमिंग अनुभव को बढ़ाने का वादा करती है, जो विविधता और नवीनता के लिए इंडस ऐपस्टोर की प्रतिबद्धता के अनुरूप गुणवत्ता वाले गेम की एक विविध श्रृंखला प्रदान करती है। डेवलपरारें को सहयोग करने के लिए इंडस ऐपस्टोर की प्रतिबद्धता इन-ऐप भुगतान पर शून्य कमीशन रखा गया है जो कि 15-30 प्रतिशत तक की भारी फीस वसूलने वाले अन्य ऐप स्टोरों के बिल्कुल विपरीत है। यह क्रांतिकारी कदम डेवलपरों को वित्तीय बाधाओं के बिना बेहतर गेमिंग अनुभव तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाता है। इसके अतिरिक्त, प्लेटफ़ॉर्म की स्थानीयकरण सुविधा यह सुनिश्चित करती है कि ये गेम अब भारत के हर कोने तक पहुंच सकते हैं, जो यूजर की पसंद की भाषा में कंटेंट पेश करते हैं।

### दो हजार मूल्य के 9760 करोड़ रुपये अभी भी तंत्र में

मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक ने आज कहा कि गत 19 मई को प्रचलन से हटाये गये दो हजार रुपये के 9760 करोड़ रुपये के बैंक नोट तंत्र में है जबकि तीन लाख 46 हजार 240 करोड़ रुपये के बैंक नोट उसके पास वापस आ चुके हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। उसने कहा कि 19 मई 2023 को प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ था। 30 नवंबर 2023 को कारोबार समाप्त होने तक 2000 रुपये के 9,760 करोड़ रुपये के बैंक नोट वापस नहीं आये थे। इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों में से 97.26 प्रतिशत वापस आ गए हैं। आरबीआई द्वारा 2000 मूल्यवर्ग के बैंक नोटों की वापसी की स्थिति समय-समय पर प्रकाशित की जाती रही है। 2000 के बैंक नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा शुरुआत में 30 सितंबर, 2023 तक देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी, जिसे बाद में 07 अक्टूबर, 2023 तक बढ़ा दिया गया था। उसने कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के बैंक नोट अभी भी वैद्य है। 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों पर 2000 के नोट बदलने की सुविधा भी उपलब्ध थी। 09 अक्टूबर 2023 से रिजर्व बैंक के निर्गम कार्यालयों में दो हजार रुपये के बैंक नोट बदलने की सुविधा भी उपलब्ध थी। काउंटरों पर 2000 मूल्यवर्ग के बैंक नोट, व्यक्तियों/संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के बैंक नोट भी स्वीकार किए जा रहे हैं।

### विंक रीवाइंड 2023 के लिये भारत के फेवरेट म्यूजिक के साथ लाइव हुआ

नयी दिल्ली । विंक म्यूजिक ने अपना विंक रीवाइंड 2023 जारी किया है जिससे पता चला है कि स्ट्रीम में 2022 की तुलना में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा दिल्ली शीर्ष शहरों में रहे हैं। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इसमें भारतीय संगीत की दुनिया में इस साल के टॉप कलाकारों, एल्बम्स और गानों की घोषणा की गई है। विंक रीवाइंड 2023 एक साल विशेष के दौरान विंक म्यूजिक पर चलने वाले टॉप कलाकारों, एल्बम्स, गानों और प्लेलिस्ट्स की तुलना करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एल्गोरिदम के प्रभाव से यह यूजरों के संगीत सुनने के पैटर्न के बारे में बताता है और विंक यूजरों के लिये ऐप पर निजी अनुभव की पेशकश करता है। इसमें वह ट्रेंड्ज़ दिये जाते हैं, जो स्ट्रीम हुए कुल मिनटों, चहेते गानों और कलाकारों को सुनने के पैटर्न्स की की झलक देते हैं। इन सभी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जा सकता है। इस साल के रीवाइंड में खास फीचरों में म्यूजिकल ज़ोडियाक, जो फैन कंजम्पशन पर आधारित एक रिसीव एक्टिविटी है। इसके द्वारा प्रशंसकों की यह जानने में मदद की जाती है कि वे किसके सुपरफैन हैं। इसके अलावा, विंक के श्रोताओं को एक खास प्लेलिस्ट भी मिलेगी, जिसमें उनके सारे टॉप गाने और उनके चहेते कलाकार का एक खास मैसेज वीडियो भी होगा।

# 30 वर्षों से कम समय में अर्थव्यवस्था में 30 लाख करोड़ डॉलर जोड़ने का लक्ष्य : गोयल

नयी दिल्ली। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंद्धी पीयूष गोयल ने कहा है कि 30 की शक्ति भारत को प्रेरित कर रही है – 30 वर्ष से कम उम्र की आबादी के प्रयासों के साथ 30 वर्षों से कम समय में अर्थव्यवस्था में 30 लाख करोड़ डॉलर जोड़ने का हमारा सपना है।



गोयल ने आज द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के बहरीन चैप्टर को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निवेशकों के लिए वैश्विक रूप से एक उज्ज्वल स्थान है, जहां हमारा बाजार पूंजीकरण दो दिन पहले ही 4 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व के साथ आत्मविश्वास और अद्वितीय, अदम्य आत्मविश्वास की भावना के साथ सहयोग कर रहा है, न कि अहंकार के साथ।

उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जहां बंदरगाह क्षमता 10 वर्षों में दोगुनी हो गई है, जहां हवाई अड्डे के कार्यात्मक वाणिज्यिक हवाई अड्डे पिछले नौ वर्षों में 74 से दोगुना होकर 150 हो गए हैं और अगले पांच वर्षों में बढ़कर 225 होने की उम्मीद है, जहां आधुनिक उच्च गुणवत्ता वाले रेलवे और राजमार्गों के बड़े नेटवर्क की सहायता के लिए 140 नए अंतर्देशीय जलमार्ग शुरू किए गए हैं। जो सुंदर अवसंरचना हम दुनिया के अन्य हिस्सों में देखते हैं, उसका निर्माण अब भारत में भी किया जा रहा है।

उन्होंने लोगों से दिल्ली आकर कुछ समय व्यतीत करने और नए संसद भवन का अवलोकन करने या भारत मंडपम का दौरा करने का भी आग्रह किया, जहां उच्च गुणवत्ता की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियां आयोजित की जा रही हैं।

उन्होंने उनसे एक समृद्ध, जीवंत अर्थव्यवस्था, एक ऐसी प्रणाली का साक्षी बनने को कहा, जो भारत के लोगों का ध्यान रख रही है और उन्हें अच्छा भविष्य, जीवन की गुणवत्ता के साथ जीवन जीने के अवसरों में सुगमता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत आज 5जी थ्रस्ट – ग्रोथ, गुड गवर्नेंस, ग्रिट, जेनुइन ट्रस्ट और ग्रीन टेक्नोलॉजी में सबसे आगे है – जो स्थिरता को दर्शाती हैं।

गोयल ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट बहरीन में भारतीयों का सबसे बड़ा संगठित पेशेवर निकाय है, जिसमें 450 से अधिक सदस्य हैं।

उन्होंने कहा कि वे उच्च सत्यनिष्ठा, उच्च नैतिकता और कड़ी मेहनत के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ बहरीन की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट विश्व भर में और बहरीन में भारत के राजदूत हैं। उन्होंने उनके द्वारा किए जा रहे अद्भुत काम और विचारों के साथ उनके योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि बहरीन में हमारे राजदूत के रूप में, वे अपनी प्रतिबद्धता, समर्पण, अखंडता, कड़ी मेहनत और निष्ठा से भारत को गौरवान्वित करते हैं। उन्होंने नेतृत्व, स्थिरता, भू-राजनीति, मानव क्षमता, स्वस्थ जीवन – जो चीजें समसामयिक हैं और जो चीजें आवश्यक हैं, पर चर्चा आयोजित करने के लिए उनकी सराहना की।

### भारत का फोकस अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाले अवसंरचना पर

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अवसंरचना पर भारत का ध्यान अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहा है तथा इसे और अधिक गति प्रदान कर रहा है। गोयल ने तीसरे भारत ऋण पूंजी बाजार शिखर सम्मेलन 2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अवसंरचना की दिशा में सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों से व्यापक स्तर पर निवेश देश की ढांचागत क्षमताओं को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तपोषण का प्रतिस्पर्धी स्रोत उन लोगों से निवेश आकर्षित कर रहा है जो अधिक सुरक्षा की खोज में हैं। उन्होंने कहा कि शेयर बाजार भी पहली बार 4 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण का आंकड़ा छू रहा है और शीर्ष पांच वैश्विक बाजारों में से एक होने के कारण भारत के पास बड़े अवसर हैं। उन्होंने बताया कि देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और इस तिमाही में 7.6 प्रतिशत की दर से सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। गोयल ने यह उल्लेख करते हुए कि भारत दुनिया के एक विश्वसनीय भागीदार और एक जीवंत लोकतंत्र के रूप में बहुत उज्ज्वल भविष्य के शिखर पर खड़ा है जहां लोग कानून के शासन को स्वीकार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं, कहा, विश्व आज भारत पर भरोसा करता है। गोयल ने कहा कि अमृत काल में हम एक विकसित भारत का स्वप्न देखते हैं जहां हम विकसित और समृद्ध भारत की दिशा में अपनी यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक अपने 3.7 ट्रिलियन डॉलर में 30 ट्रिलियन डॉलर और जोड़ लेगा। उन्होंने कहा कि एक लचीला ऋण पूंजी बाजार नवोन्मेषण, उद्यमिता और अवसंरचना के विकास के लिए उत्प्रेरक होगा। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दशकों में व्यापक स्तर पर शहरीकरण होगा, जबकि श्रेणी 2 शहर भी महानगर बनने जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की आय बढ़ रही है, जिससे देश भर में व्यय करने की शक्ति बढ़ रही है।

एआई, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन जैसे भविष्य के सेक्टर हमारे भविष्य को शक्ति प्रदान करेंगे। हरित और टिकाऊ ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता होगी और पूंजी बाजार तथा ऋण बाजार हमारी ऊर्जा को निम्न कार्बन अर्थव्यवस्था में रूपान्तरित करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

# अल्गोरैंड टी-हब, नैसकॉम, टीआईई बैंगलोर साझेदारी के साथ भारत में वेब3 प्रतिबद्धता को मजबूत करता है

नई दिल्ली। आल्गोभारत, आलगोरैंड फाउंडेशन का भारत-केंद्रित पहल, ने आज एलगोरैंड इम्पैक्ट समिट पर कुछ उच्च-प्रोफाइल घोषणाएं की हैं, जो एक दो-दिवसीय घटना है जिसमें व्यापार नेताओं, नीतिनिर्माताओं, एनजीओओं, और डेवेलपर्स शामिल होते हैं ताकि वे चर्चा कर सकें कि ब्लॉकचेन कैसे दुनिया की कुछ सबसे असुलभ समस्याओं का समाधान करने में मदद कर सकता है।



ये साझेदारियाँ आलगोरैंड के दृष्टिकोण का एक विस्तार है जो बाजार, पूंजी और वित्तीय सेवाओं तक का अधिक पहुंच प्रदान करके, विशेष रूप से उन समृद्धि विभागों के लिए, जिनके पास पारंपरिक बैंकिंग बुनियादी संरचना की सीमित पहुंच है। स्टेसी वार्डन, आलगोरैंड फाउंडेशन की सीईओ, ने कहा, भारत की वैश्विक तकनीकी प्रगति में अद्भुत भूमिका ने हमें इस देश में विशिष्ट रूप से मौजूदगी स्थापित करने के लिए प्रेरित किया है। बस एक वर्ष में, हमारे रणनीतिक सहयोग और मुख्य खिलाड़ियों के साथ नवाचारी ब्लॉकचेन समाधानों ने वित्तीय समावेश की मुख्यधारा बनाई है, जिसमें संभावना है कि सेवाओं की लाखों जीवनों पर प्रभाव हो, जो सेवाओं की कमी से प्रभावित हैं। हम वैश्विक वेब3 इकोसिस्टम के विकास में योगदान देते हैं, हमारा भारत में सफर अभी तक शुरू हुआ है, जिसमें और भी बहुत कुछ करना है।

लॉकचेन प्रौद्योगिकियाँ बाजार, पूंजी, और वित्तीय सेवाओं तक का अधिक पहुंच प्रदान करके, गहरी समृद्धि ला सकती हैं। आलगोरैंड इम्पैक्ट समिट हमारे भारतीय वेब3 इकोसिस्टम में विश्वास की गवाही है। आलगोरैंड फाउंडेशन के उपाध्यक्ष और भारत देश प्रमुख अनिल काकानी ने कहा, जो हमारी पैशन को साझा करते हैं, उनके साथ साझेदारी करके, हम बाजार, पूंजी, और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में सबसे न्यायसंग सीधे प्रभाव को देखने के लिए उत्सुक हैं।

घोषणाएं शामिल हैं-

टी-हब के साथ पहले-इस-प्रकार की साझेदारी, जो एक तेलंगाना सरकार द्वारा नेतृत्व करने वाले प्रमुख तकनीकी इंक्यूबेटर है, स्टार्टअप लैब्स की शुरुआत करने के लिए, जो 20 उच्च-संभावना वाले Webx स्टार्टअप्स के लिए अंत से अंत तक मेंटरशिप प्रदान करेगा। NASSCOM के साथ साझेदारी, जिसके फ्यूचरस्किल्स प्राइम स्किलिंग हब के माध्यम से, मॉड्यूलर-आधारित प्रशिक्षण सामग्री और मूल्यांकन प्रदान करने के लिए, जिससे छात्रों और पेशेवरों की प्रशिक्षण और रोजगार की समर्थन की जा सके जो अपनी Webx डेवेलपर क्षमताओं को बना रहे हैं। TiE बैंगलोर के साथ एक साझेदारी, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय वेब3 इकोसिस्टम को रणनीतिक शिक्षा और प्रशिक्षण पहलों के माध्यम से बढ़ावा देना है। यह साझेदारी आलगोरैंड को बैंगलोर में स्टार्टअप, निवेशक और टेक समुदायों के साथ अपनी निगाह जमा करने में मदद करेगी।

मैन देशी के साथ सहयोग करने के लिए एक मिलान, जिसमें मैन देशी फाउंडेशन की महिला उद्यमिता के लिए एक ब्लॉकचेन-आधारित क्रेडिट स्कोर कार्ड और पहचान सिस्टम विकसित करना शामिल है। इस परियोजना का उद्देश्य है औरतों को वित्तीय इतिहास की अभावि की समस्याओं और ऋण की सीमित पहुंच के द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना। यह एक चयनित समूह के साथ महिला उद्यमिताओं के साथ चरणबद्ध दृष्टिकोण से लागू किया जा रहा है।

हमारे सहयोग के माध्यम से सेल्फ-एम्प्लॉय्ड वीमेन्स एसोसिएशन के साथ पहले पायलट का शुभारंभ किया गया है ताकि महिलाएं ब्लॉकचेन-आधारित समाधान के माध्यम से उच्च मूल्य के कार्बन क्रेडिट कमा सकें, जो बायोगैस डाइजेस्टर्स से नवीन गैस के उत्पादन पर डेटा को रिकॉर्ड करता है।

#### आलगोरैंड फाउंडेशन के बारे में

आलगोरैंड फाउंडेशन आलगोरैंड ब्लॉकचेन के वैश्विक वादे को पूरा करने के लिए समर्थित है, इसके सटीक मौद्रिक आपूर्ति अर्थशास्त्र, अणुसंचारित शासन, और स्वस्थ और समृद्धि क्षेत्र के लिए उत्तरदात्री होकर। MIT प्रोफेसर और ट्यूरिंग पुरस्कार विजेता एनक्रिप्टोग्राफर सिल्वियो मिकाली द्वारा डिज़ाइन किया गया, आलगोरैंड एक ऐसा ब्लॉकचेन है जो सीमित वैश्विक अर्थतंत्र के वादे पर पूरी तरह से खरा उत्तरदात्री है। यह पारंपरिक वित्त की गतिविधियों की गति में परियोजना प्राप्त करता है, लेकिन तुरंत स्थायिता, करीब शून्य लेन-देन लागत, और 24/7 आधार पर।

# एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ के इन्वेस्टिंग ऐप का एडब्लूएस पर विस्तार

नयी दिल्ली। इन्वेस्टमेंट सेवा प्रदाता एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ लिमिटेड ने अपना नया मोबाईल ट्रेडिंग ऐप एचडीएफसी स्काई का लॉन्च दुनिया के सबसे विस्तृत और व्यापक क्लाउड अमेज़न डॉटकॉम कंपनी, अमेज़न वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) पर कर दिया है।

एचडीएफसी स्काई विश्व में 7.5 करोड़ ग्राहकों और सभी एचडीएफसी ग्रुप कंपनियों, निवेशकों, और ट्रेडर्स को सेवाएं देता है, और शेयर, कमोडिटीज़, फ्यूचर्स, करेंसीज़, इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग्स (आईपीओ), म्यूचल फंड्स, एवं एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) की यूज़र-फ्रेंडली ट्रेडिंग संभव बनाता है। ट्रेडिंग को निवेशकों के लिए ज्यादा पारदर्शी और आसान बनाने के लिए एचडीएफसी स्काई फ्लैट प्राईसिंग मॉडल पर काम करता है, और ट्रेडर्स से एक निश्चित, पूर्व निर्धारित शुल्क लेता है, फिर चाहे वो कितनी भी राशि का निवेश करें या फिर कितनी भी बार विनिमय करें। एडब्लूएस को अपना प्राथमिक क्लाउड प्रदाता बनाकर एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ मोबाईल ट्रेडिंग पसंद करने वाले टेक्नॉलॉजी के जानकार एवं बढ़ते हुए रिटेल निवेशकों को एक सुरक्षित, स्थिर एवं लो लेटेंसी ट्रेडिंग सेवा प्रदान कर रहा है। एडब्लूएस पर निर्मित, एचडीएफसी स्काई निवेशकों को प्रति सैकंड हजारों विनिमयों की दर से स्टॉक मार्केट की पहुँच प्रदान करता है। एडब्लूएस के साथ एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ परिसर युक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर के मुकाबले अपने वार्षिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैनेजमेंट की लागत में 50 प्रतिशत की कमी लेकर आएगा।

रिटेल निवेशक भारत में कुल ट्रेडिंग बाजार के 36 प्रतिशत के बराबर हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ अपने परिसरयुक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ इन ट्रेड्स द्वारा निर्मित तेजी से बढ़ते विनिमयों के साथ विस्तार करना चाहता है। एचडीएफसी स्काई की स्थिर रूप से उच्च परफॉर्मेंस सुनिश्चित करने और ग्राहकों को सुगम एवं तीव्र ट्रेडिंग का अनुभव प्रदान करने के लिए, एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ ने अपने मुख्य वर्कलोड को अमेज़न इलास्टिक कंप्यूट क्लाउड (अमेज़न ईसी2) पर माईग्रेट किया। यह वेब सेवा क्लाउड में सुरक्षित और रिसाईज़ेबल कंप्यूट क्षमता प्रदान करती है। अमेज़न इलास्टिक कुबरनेट्स सर्विस (अमेज़न ईकेएस), जो कंपनियों को क्लाउड में कुबरनेट्स सर्विस शुरू करने, संचालित करने, और स्केल करने का लचीलापन देती है, इस सर्विस के साथ एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ ने ईक्विटीज़, डेरिवेटिव्स, कमोडिटीज़, आईपीओ, बॉन्ड्स, और यू. एस. इन्वेस्टिंग में नई मोबाईल ट्रेडिंग सेवाओं, जैसे एचडीएफसी स्काई का निर्माण किया, ताकि ग्राहक अपनी वैल्थ बढ़ा सकें।

# आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड से जुटायेगी 1,000 करोड़

नयी दिल्ली 01 दिसंबर (वार्ता) गैर बैंकिंग माईक्रोफाईनेंस कंपनी (एनबीएफसी-एमएफआई) आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस सिक्योर्ड बॉन्ड के अपने पहले सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 1,000 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाएगी। कंपनी का यह निर्गम चार दिसंबर को खुलेगा और 15 दिसंबर को बंद होगा।

कंपनी के ट्रेजरी प्रमुख मोहन कुमार ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि यह राशि व्यावसायिक वृद्धि और पूंजी निर्माण के लिए जुटायी जा रही है।

ये बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न प्रदान करेंगे। यह एनसीडी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध होगा। बॉन्ड 1,000 रुपये के अंकित मूल्य पर जारी किए जाएंगे और सभी श्रेणियों में आवेदन का न्यूनतम आकार 10,000 रुपये होगा।

उन्होंने कहा कि आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस 200 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी करेगा और उसके पास 800 करोड़ रुपये तक के ओवर-सब्सक्रिप्शन (कुल मिलाकर 1,000 करोड़ रुपये) बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू का विकल्प भी होगा। ये बॉन्ड 60 महीने की अवधि के लिए 10.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वाधिक कूपन दर प्रदान करते हैं। ये एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध हैं। ब्याज के भुगतान हर सीरीज़ के लिए मासिक और वार्षिक आधार पर उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा आईआईएफएल समस्ता अपनी 1,500 शाखाओं के द्वारा पूरे भारत में मजबूत स्थिति में मौजूद है।

यह सेवाओं की कमी वाले और उनसे वंचित लोगों की क्रेडिट की जरूरतों को पूरा करता है, जो मुख्यत: अपने विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ वंचित पृष्ठभूमि की महिला उद्यमियों पर केंद्रित है। इन बॉन्ड की मदद से एकत्रित किए गए फंड का उपयोग इन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने और व्यावसायिक वृद्धि लाने के लिए किया जाएगा। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस उन महिलाओं को किफायती और अभिनव वित्तीय उत्पाद प्रदान करता है, जो सदस्यों के रूप में पंजीकृत होती हैं, और समाज के वंचित वर्गों से संयुक्त दायित्व समूह में नियोजित होती हैं।

इनमें भारत के ग्रामीण, अर्द्धशहरी और शहरी इलाकों से किसान, कृषि मजदूर, सब्जी और फल विक्रेता, कपड़ा व्यापारी, दर्जी, शिल्पकार, और गृहणियाँ एवं औद्योगिक मजदूर आते हैं।

### पंजाब में गन्ने के एसएपी में 11 रु की वृद्धि

चंडीगढ़। गन्ना काश्तकारों को देश भर में से सबसे अधिक स्टेट एग्रीड प्राइस (एस. ए. पी.) मुहैया कराना जारी रखते हुये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को गन्ने के एसएपी में 11 रुपए की वृद्धि का एलान किया, जिससे किसानों को अपनी उपज का मूल्य 391 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यहां जारी एक बयान में कहा कि पंजाब में 11 रुपये को शुभ शगुन माना जाता है, इसलिये हमारी सरकार ने किसानों को यह तोहफ़ा देने का फ़ैसला किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब देश भर में से गन्ने का सबसे अधिक मूल्य दे रहा है, जिससे किसानों को काफी लाभ मिल रहा है। मान ने कहा कि उन्होंने किसानों के साथ हाल ही में हुई बैठक में वायदा किया था कि पंजाब गन्ने की कीमत में देश भर में से अग्रणी रहेगा और आज यह वायदा पूरा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गन्ना काश्तकारों को मूल्य देने में हमेशा पहले नंबर पर रही है और अब भी यह रुझान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब तक 380 रुपये प्रति क्विंटल एसएपी दे रही थी, जो हरियाणा की तरफ से हाल ही में 386 रुपये प्रति क्विंटल भाव देने के एलान तक सबसे अधिक थी। मान ने कहा कि राज्य सरकार ने अब इस कीमत को बढ़ाने का फ़ैसला किया है, जिससे पंजाब के किसानों को बेहद लाभ मिलेगा।

# जीडीपी बढ़ने से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

मुंबई। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दर के इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 6.2 प्रतिशत से बढ़कर अनुमान से अधिक 7.6 प्रतिशत पर पहुंचने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लगातार चौथे दिन छलांग लगाई।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 492.75 अंक अर्थात 0.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 67 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 67481.19 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 134.75 अंक यानी 0.67 प्रतिशत उछलकर 20267.90 अंक पट रहा।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.96 प्रतिशत की छलांग लगाकर 34,586.76 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत चढ़कर 40,565.96 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3872 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2141 में तेजी जबकि 1601 में गिरावट रही वहीं 130 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां हरे जबकि 21 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई में 18 समूहों के शेयर लाभ में रहे। इस दौरान कमोडिटीज 0.92, सीडी 0.37, ऊर्जा 0.65, एफएमसीजी 1.53, वित्तीय सेवाएं 0.66, हेल्थकेयर 0.34, इंडस्ट्रियल्स 0.88, आईटी 0.07, यूटिलिटीज 1.46, बैंकिंग 0.88, कैपिटल गुड्स 1.51, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.48, धातु 1.07, तेल एवं गैस 0.46, पावर 1.57, रियल्टी 1.32, टेक 0.11 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.51 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.74, जर्मनी का डैक्स 0.83 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.06 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान का निक्केई 0.17 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.25 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 193 अंक की तेजी के साथ 67,181.15 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 67,149.07 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर तक 67,564.33 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,988.44 अंक के मुकाबले 0.74 प्रतिशत चढ़कर 67481.19 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी 61 अंक बढ़कर 20,194.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,183.70 अंक के निचले जबकि 20,291.55 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,133.15 अंक की तुलना में 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,267.90 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की लाभ में रही कंपनियों में 3.28, एनटीपीसी 2.97, एक्सिस बैंक 2.71, एलटी 2.52, टाटा स्टील 1.56, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.44, एसबीआई 1.27, आईसीआईसीआई बैंक 1.19, रिलायंस 0.72, पावरग्रिड 0.67, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.65, टीसीएस 0.46 सन फार्मा 0.33 और बजाज फिनसर्व 0.27 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, विप्रो 1.34, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.27, मारुति 0.37, टेक महिंद्रा 0.29, एचडीएफसी बैंक 0.22, इंफोसिस 0.21, भारती एयरटेल 0.16, टाटा मोटर्स 0.08 और एचसीएल टेक के शेयर 0.04 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## शार्ट न्यूज

### प्रियांशु राजावत पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल में

लखनऊ। भारत के युवा बैडमिंटन स्टार प्रियांशु राजावत ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरुष एकल के सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में शुक्रवार को दो लाख 10 हजार अमेरिकी डालर की इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रेस्टो की जोड़ी भी महिला डबल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गयी। पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रियांशु ने वर्ल्ड जूनियर चैंपियन इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को सीधे गेम में 21-15, 21-16 से शिकस्त देकर एकल में भारतीय चुनौती कायम रखी। ओरलियांस मास्टर-2023 के विजेता प्रियांशु राजावत ने पहले गेम में प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरुआती पांच अंक जुटाए। प्रियांशु के 12-6 अंक से बढ़त बनाने के बाद अल्वी ने भी वापसी की और कुछ उम्दा शॉट खेले। यह गेम काफी रोमांचक रहा और प्रियांशु लगातार अंक जुटाते रहे और इस दौरान उन्होंने 43 रैली अपने नाम करते हुए पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच कड़ी टक्कर में प्रियांशु ने वर्ल्ड जूनियर चैंपियन के खिलाफ उम्दा कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन किया और एक-एक अंक के लिए हुई कड़ी मशक्कत के बाद 21-16 से गेम और मैच जीतते हुए पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली।

### वहाब रियाज की मदद के लिए पीसीबी ने की सलाहकार सदस्यों की नियुक्ति

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सेवानिवृत्त तीन खिलाड़ियों को मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज के सलाहकार सदस्यों के रूप में नामित किया है। पीसीबी ने मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज के सलाहकार सदस्य के रूप में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर कामरान अकमल, राव इफ्तिखार अंजुम और सलमान बट की नियुक्ति की पुष्टि की है। शुक्रवार को जारी आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि सलाहकार सदस्यों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू है और उनके पहले कार्यभार में 12 जनवरी से शुरु होने वाली न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला शामिल है। सलाहकार सदस्यों की यह तिकड़ी 2009 में पाकिस्तान के सफल आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप अभियान का हिस्सा थी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की शुरुआत में अकमल को पीसीबी की जूनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्हें आठ सदस्यीय चयन समिति का अध्यक्ष भी नामित किया गया था जो क्षेत्रीय और जिला टीमों को चुनने के लिए अंडर -13, अंडर -16 और अंडर -19 टीमों के लिए ट्रायल करेगी।

### हॉकी इंडिया का हरमनप्रीत पर भरोसा बरकरार

नई दिल्ली। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह 15 से 22 दिसंबर तक स्पेन के वालेंशिया में होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट 2023- 24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिए अहम होगा। इसमें भारत का सामना स्पेन,जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। यह हॉकी में भारत का चौथा स्वर्ण रहा। इससे पहले 1966, 1998 और 2014 में भारत ने सोना पर कब्जा जमाया था। वहीं, एशियाड में कुल मिलाकर भारतीय हॉकी टीम का यह 16वां पदक रहा। चार स्वर्ण के अलावा टीम इंडिया ने 1958, 1962, 1970, 1974, 1978, 1982, 1990, 1994, 2002 एशियाई खेलों में रजत जीता था, जबकि 1986, 2010 और 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पर कब्जा जमाया था। भारतीय टीम इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। उसने लगातार सात मैच जीते। भारत को पूल-ए में पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, सिंगापुर, जापान और बांग्लादेश के साथ रखा गया था।

### आई-लीग में हेराफेरी के लिए खिलाड़ियों से किया गया संपर्क, मामले की होगी जांच

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि कई आई लीग खिलाड़ियों से हाल ही में मैचों में हेराफेरी के लिए संपर्क किया गया। एआईएफएफ ने मामले की जांच का वादा किया है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह नहीं बताया कि उन्हें यह सूचना कैसे मिली, किन खिलाड़ियों से और किसने संपर्क किया लेकिन कहा कि महासंघ खेल में नैतिकता बना, रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एक बयान में कहा, 'हमें सूचना मिली है कि खिलाड़ियों से संपर्क किया गया। हम मामले की जांच करेंगे और जरूरी कदम उठाएंगे। हम इस खूबसूरत खेल और अपने खिलाड़ियों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस तरह का कोई प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिससे खिलाड़ियों या खेल को खतरा हो।' आईलीग 2023 सत्र अक्तूबर में शुरू हुआ और 13 टीमों की स्पर्धा में 40 से अधिक मैच हो चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, जो सूचना मिली है वो चार क्लबों से संबंधित है। हालांकि किसी क्लब या खिलाड़ियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। संभवत- यह संपर्क सीजन की शुरुआत में किया गया। एआईएफएफ के इंटिग्रिटी अधिकारी जावेद सिराज मामले को देख रहे हैं। यह भी माना जा रहा है कि एआईएफएफ कुछ संदिग्ध मैचों को भी अपनी जांच के दायरे में लेगी।

### पाकिस्तानी राष्ट्रपति का एचआईवी/एड्स के प्रसार को रोकने के लिए जागरुकता का आह्वान

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने मीडिया, प्रभावशाली लोगों और समुदायिक नेताओं सहित सभी हितधारकों से एचआईवी/एड्स के प्रसार को रोकने हेतु इसके बारे में जागरुकता उत्पन्न करने का आह्वान किया। यह जानकारी डॉन न्यूज ने शुक्रवार को दी। राष्ट्रपति ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक संदेश में कहा, हमें एचआईवी संक्रमण की रोकथाम, निगरानी प्रणाली स्थापित करने, इस बीमारी से जुड़े कलंक को कम करने, स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने और अपनी संस्थागत अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में अपने प्रयासों में तेजी लाने भी आवश्यकता है। शुक्रवार को समुदायों को नेतृत्व करने दें विषय के साथ विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एड्स को समाप्त करने की दिशा में प्रगति को आगे बढ़ाने में समुदायों की भूमिका को उजागर करना है। राष्ट्रपति अल्वी ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि एचआईवी महामारी को समाप्त करने के लिए सामुदायिक स्तर पर सामूहिक प्रयासों, दूरदर्शी सोच और सबसे हाशिए पर रहने वाली आबादी तक पहुंचने और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार लाने के लिए दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है।

### मैंने अभी तक एग्रीमेंट साइन नहीं किया है : द्रविड़

नई दिल्ली। टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने अपना कार्यकाल बढ़ाए जाने की खबरों पर कहा, मैंने अभी तक बोर्ड के साथ किसी एग्रीमेंट पर साइन नहीं किया है। राहुल द्रविड़ ने गुरुवार को बीसीसीआई की रिव्यू मीटिंग के बाद कहा- एक बार जब मुझे कागजात मिलेंगे, तो देखेंगे। एक दिन पहले बीसीसीआई ने भारतीय टीम के कोच स्टॉफ के कार्यकाल बढ़ाए जाने का ऐलान किया था, लेकिन द्रविड़ के बयान ने उस पर असमंजस ला दिया है। भारतीय बोर्ड आशीष नेहरा को भारतीय टी-20 का कोच बनाना चाह रहा था, लेकिन नेहरा ने भारतीय टी-20 टीम का कोच बनने से इनकार कर दिया। द्रविड के इस बयान से साउथ अफ्रीका दौरे पर भी उनके कोच बनने पर असमंजस की स्थिति है। हालांकि, बोर्ड ने कहा है कि द्रविड़ इस असाइनमेंट के दौरान टीम के साथ होंगे। वर्ल्ड कप फाइनल के साथ ही द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पहले माना जा रहा था कि द्रविड़ अपना कार्यकाल आगे जारी नहीं रखना चाहते हैं और साउथ अफ्रीका दौरे के लिए वीवीएस लक्ष्मण को कोच बनाकर भेजा जा सकता है। टीम इंडिया 10 दिसंबर 2023 से 7 जनवरी 2024 के बीच तीन टी-20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैचों के लिए साउथ अफ्रीका दौरे करेगी।

# भारत के दक्षिण अफ्रीकी दौर के लिए बीसीसीआई ने बनाये तीन कप्तान

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 को लेकर अलग-अलग कप्तान बनाते हुए तीनों प्रारूपों में गुरुवार को टीम की घोषणा की।

बीसीसीआई ने आज यहां हुई बैठक में यह घोषणा की गई। बोर्ड ने एकदिवसीय टीम के लिए केएल राहुल को कप्तान, टी-20 के लिए सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाया है। जबकि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी-20 और एकदिवसीय मुकाबले में नहीं खेलने का अनुरोध किया था। हालांकि बोर्ड ने टेस्ट टीम के रोहित शर्मा को कप्तान और जसप्रीत बुमराह को उप-कप्तान बनाया है।

10 दिसंबर से शुरु होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारत को तीन टी-20, तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट मैच खेलने हैं। बोर्ड ने टी-20 प्रारूप के लिए सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाया है। इस प्रारूप में उपकप्तान रवींद्र जडेजा होंगे। वहीं ऋतुराज गायकवाड़ तीनों प्रारूप में टीम का हिस्सा रहेंगे।

बीसीसीआई ने एकदिवसीय श्रृंखला के लिए युवा टीम पर भरोसा जताया है। इसमें रजत पाटीदार, रुतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा और रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाज़ों को शामिल किया गया है। साई सुदर्शन और रजट पाटीदार ने अब तक अंतरराष्ट्रीय डेब्य नहीं किया है। इस बार विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन भी मौका दिया गया है।

इसके अलावा टीम में युवा गेंदबाजों को ही मौका दिया गया है. हालांकि अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल की लंबे वक्त बाद वापसी हुई है। इसके अलावा 2023 एकदिवसीय विश्वकप



टीम का हिस्सा रहने वाले चाइनमैन स्पिनर कुलदीप भी टीम में शामिल हैं। वहीं मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और दीपक चाहर समेत चार गेंदबाज टीम का हिस्सा होंगे
दो टेस्ट के लिए भारत की टीम इस प्रकार है : - रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा।

### दक्षिण अफीका में एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार

रुतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और दीपक चाहर।

### टी20 मैचों के लिए भारत की टीम इस प्रकार है

यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा (उप-कप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और दीपक चाहर।

भारतीय टीम अपना पहला टी20 मैच दस दिसंबर को डरबन में खेलेगी जबकि 12 दिसम्बर को दूसरा टी-20 गकेबरहा में और तीसरा टी20 14 दिसंबर को जोहानसबर्ग में खेला जायेगा। 17 दिसम्बर को पहला वनडे जोहानसबर्ग में, 19 दिसम्बर को दूसरा वनडे गकेबरहा में और 21 दिसंबर को तीसरा वनडे पार्ल में खेला जायेगा। टेस्ट श्रृखंला की शुरुआत 25 दिसंबर को होगी जबकि दूसरा टेस्ट केपटाउन में तीन जनवरी को खेला जायेगा।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 20 रनों हरा कर सीरीज पर बनायी अजेय बढ़त



रायपुर। अक्षर पटेल के तीन विकेट और दीपक चाहर के दो विकेटों और रिंकू की 46 रनों की धैर्यपूर्ण आक्रामक पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को चौथे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 20 रनों से हराते हुए पांच मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बना ली है।

175 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने अच्छी शुरुआत की है। हेड और फिलिप की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया का पहला विकेट जोश फिलिप सात गेंद में आठ रन रूप में गिरा। उन्हें रवि बिश्नोई ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में 44 रन पर ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट गिरा है। ट्रेविस हेड 16 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाये। उन्हें अक्षर पटेल की गेंद पर मुकेश कुमार ने कैच आउट किया। सातवें ओवर मे 52 रन पर ऑस्ट्रेलिया का तीसरा विकेट गिरा है। एरोन हार्डी नौ गेंद में आठ रन बनाकर आउट हुए उन्हें अक्षर पटेल ने बोल्ड आउट किया।

बेन मैकडरमॉट 19 रन पर आउट होने वाले ऑस्ट्रेलिया के चौथे बल्लेबाज थे। अक्षर पटेल ने उन्हें बोल्ड किया।पांचवें विकेट के रूप में दीपक चाहर ने टिम डेविड को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। डेविड ने 20 गेंद में 19 रन बनाए।

## डॉमिनिका ने टी-20 विश्वकप की मेजबानी से पीछे हटा

रुसाउ। कैरेबियाई देश डॉमिनिका तय समय में जरूरी निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के हवाला देते हुए टी-20 विश्वकप 2024 के मैचों की मेजबानी से पीछे हट गया है। डॉमिनिका सरकार के यहां जारी बयान में कहा, हमें ठेकेदारों से जो समयसीमा मिली थी, उसके अनुसार हम तय समय पर स्टेडियम के निर्माण कार्यों को पूरा नहीं करा सकते थे। इसलिए हम टी-20 विश्व कप मैचों की मेजबानी से पीछे हट रहे हैं। यह फैसला सभी लोगों के हित में है। हम क्रिकेट वेस्टइंडीज को धन्यवाद और विश्वकप की मेजबानी के लिए शुभकामना भी देना चाहते हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भी डॉमिनिका सरकार के इस फैसले को स्वीकार किया है और आईसीसी को इसकी जानकारी दी है।

# हॉकी महिला जूनियर विश्वकप में जर्मनी ने भारत को हराया

सैंटियागो। एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्वकप में शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले में जर्मनी के हाथो भारत को 4-3 से हार का सामना करना पड़ा।

चिली के सैंटियागो में आज खेले गये मुकाबले में भारत की ओर से अन्नु ने 11वें मिनट में, रोपनी कुमारी ने 14वें मिनट में और मुमताज खान ने 24वें मिनट में गोल किये। वहीं जर्मनी की ओर से सोफिया श्वाबे ने 17वें मिनट में, लौरा प्लथ ने 21वें और 36वें मिनट में और कैरोलिन सेइडेल ने 38वें मिनट में गोल दागे।

भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में दबाव बनाते हुए जर्मनी की रक्षापंक्ति पर हमले जारी रखे। इन हमलों के बीच




भारत को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले और दूसरे पर अन्नु ने गोल करके टीम को बढत दिलाई। इसके तीन मिनट बाद रोपनी ने गोल करके पहले क्वार्टर में भारत की बढ़त 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी के लिए सोफिया ने दूसरे ही मिनट में फील्ड गोल किया और लौरा ने दूसरा गोल दाग कर स्कोर को 2-2 की बराबरी पर ला दिया। मुमताज ने हालांकि 24वें मिनट में गोल करके हाफटाइम तक भारत को फिर 3-2 की बढ़त दिला दी।

# इजराइल-हमास में सीजफायर के बाद फिर छिड़ी जंग

**इजराइली शहरों पर इस्लामिक जिहाद का हमला, 2 हाईवे बंद; दुबई में मोदी से मिले इजराइली राष्ट्रपति**

इजराइल-हमास के बीच हफ्तेभर के सीजफायर के बाद फिर जंग शुरू हो गई है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक गाजा में IDF ने बमबारी शुरू कर दी है। वहीं इजराइल के होलित इलाके में रॉकेट अलर्ट जारी किया गया है। IDF ने हमास पर सीजफायर का उल्लंघन करने के आरोप लगाए हैं।

कतरी मीडिया हाउस अलजजीरा के मुताबिक कई इजराइली शहरों पर सुबह इस्लामिक जिहाद के मिलिट्री विंग अल-कुद्स ने हमला कर दिया। इजराइल ने अटैक के चलते उत्तरी इजराइल में 2 हाईवे बंद कर दिए हैं। साथ ही बॉर्डर वाले इलाकों में खेती के काम पर भी रोक लगा दी गई है।

इजराइली सेना ने गाजा के लोगों को खान यूनिस इलाके को खाली करने का आदेश भी दिया है। इसके लिए अरबी भाषा में लिखे पर्चे गिराए गए हैं। वहीं, हमास ने कहा है कि इजराइल ने सुबह राफा के पास बमबारी की। इसमें दर्जनों फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। बीबीसी के मुताबिक सीजफायर के 3 घंटे के भीतर 32 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।



इधर, दुबई में चल रहे COP28 क्लाइमेट समिट के दौरान इजराइली राष्ट्रपति इसाक हेर्जोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। इस बीच हमास ने विश्व से अपील की है कि वो इजराइल को क्लाइमेट समिट में शामिल न होने दे।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास और बंधकों को नहीं छोड़ना चाहता था। इस वजह से सीजफायर को आगे नहीं बढ़ाया जा सका। हमास ने सभी महिलाओं को भी रिहा नहीं किया और इजराइल पर रॉकेट दागने शुरू कर दिए। 7 अक्टूबर को शुरू हुई जंग में इजराइल के 1200 जबकि गाजा में 14 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। सीजफायर खत्म होने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल से रवाना हो गए।

### सीजफायर के आखिरी दिन 8 इजराइली रिहा

7 दिन की सीजफायर में हमास ने 110 इजराइलियों को रिहा किया है। सीजफायर के आखिरी दिन 8 इजराइली बंधकों को आजाद किया गया। इनमें से 2 महिलाएं गुरुवार दोपहर में ही रिहा कर दी गई थीं। 6 बंधकों को शाम को रिहा किया गया। बदले में इजराइल ने 30 फिलिस्तीनियों को रिहा किया। इनमें 22 बच्चे और 8 महिलाएं शामिल हैं।

### हमास ने बच्चों के पैर मोटरसाइकिल के एग्जॉस्ट से जलाए

हमास की कैद से रिहा किए गए बच्चों ने दावा किया है कि आतंकियों ने उनकी पहचान करने के लिए उनके पैर जलाए। इसके लिए मोटरसाइकिल के एग्जॉस्ट का इस्तेमाल किया गया। सभी बच्चों को मोटरसाइकिल पर बैठाया और उनके पैर जलते हुए एग्जॉस्ट पर रखे गए। इजराइली मीडिया हाउस यरूशलम पोस्ट के मुताबिक 12 साल के यागिल और 16 साल के याकोव ने रिहाई के बाद ये बातें अपने परिवार वालों को बताई। उनके अंकल यानिव ने ये भी बताया की हमास ने ड्रग्स का इस्तेमाल कर उन्हें बार-बार एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किया। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री ने दोनों बच्चों की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर की हैं। उन्होंने लिखा की हमास के लड़ाके राक्षस हैं उन्हें खत्म करना ही होगा।

## भारतीय सिख परिवार से पाकिस्तान में लाखों की लूट

**लाहौर में पुलिस वर्दी में थे लुटेरे; गुरु नानक देव का प्रकाश-पर्व मनाने गए थे**

अमृतसर। पंजाब से गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाने व गुरुद्वारों के दर्शन करने पाकिस्तान गए सिख परिवार के साथ पाकिस्तान के पंजाब की राजधानी लाहौर में लूटपाट की गई। लुटेरे पुलिस की वर्दी में थे। उनसे 2 लाख 50 हजार भारतीय रुपए और 1 लाख 50 हजार पाक रुपए लूटे गए हैं। पाक पुलिस ने लूट की रिपोर्ट तो गुलबर्ग थाने में दर्ज कर ली, लेकिन डकैती की धारा नहीं जोड़ी गई है।

घटना को लेकर भारत सरकार की फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। SGPC ने जरूर रोष व्यक्त किया है। हालांकि पाकिस्तान अधिकृत पंजाब के कार्यवाहक सीएम नकवी के मामले में संज्ञान लेने की जानकारी मीडिया ने दी है। सिख जत्था अभी



पाकिस्तान मे ही है। जानकारी अनुसार पाकिस्तान में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों के दर्शन करने के लिए भारत से सिख श्रद्धालु अटारी बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान रवाना हुए थे। फिलहाल सिख जत्था पाकिस्तान के लाहौर में पहुंचा था। 29 नवंबर की शाम जत्थे के साथ गए कंवलजीत सिंह परिवार के साथ पाकिस्तान के लाहौर के गुलबर्ग में खरीदारी करने लिबर्टी मार्किट पहुंचे थे।

### दुकान से बाहर निकलते ही तानी बंदूक

पाक मीडिया से बातचीत करते हुए पुलिस अधिकारी एहतशाम हैदर ने कहा कि जब सिख परिवार एक दुकान से बाहर आया, तो पुलिस की वर्दी में दो लुटेरों ने उन्हें रोका और बंदूक की नोक पर नकदी और आभूषण लूट लिए।

लुटेरों ने सिख परिवार से आभूषणों के अलावा 250,000 भारतीय रुपए और 150,000 पाक रुपए लूटे हैं। वहीं, पाकिस्तान गए भारतीय जत्थे से बातचीत करते हुए पुलिस अधिकारी हैदर ने कहा कि मामला पुलिस उप महा निरीक्षक के संज्ञान मे है।

## ब्लिंकन इजरायल से रवाना

तेल अवीव। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजरायल की अपनी चौथी यात्रा के दौरान फिलिस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा गाजा पट्टी में संघर्ष विराम का उल्लंघन करने के कुछ मिनट बाद इजरायल से संयुक्त अरब अमीरात के लिए रवाना हुए। मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इजरायली प्रसारक कान ने कहा कि श्री ब्लिंकन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने, शेष बंधकों को मुक्त कराने की कोशिश करने और भविष्य में संघर्ष में कमी लाने की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को इजरायल का दौरा किया। इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम की अवधि आज सुबह 07 बजे (0500 जीएमटी) समाप्त हो गई।

## मोदी ने यूएई की जलवायु निवेश फंड की घोषणा का किया स्वागत

दुबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा प्रस्तावित जलवायु वित्तपोषण फ्रेमवर्क पहल और जलवायु निवेश फंड स्थापित करने की घोषणा का शुक्रवार को स्वागत किया और कहा कि इससे उपलब्ध, सुलभ और किफायती जलवायु वित्तपोषण संभव हो पायेगा। मोदी ने यहां यूएई की अध्यक्षता में आयोजित विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के ट्रांसफॉर्मिंग क्लाइमेट फाइनेंस सत्र को संबोधित करते हुए कहा, हम सभी जानते हैं कि भारत सहित ग्लोबल साउथ के तमाम देशों की जलवायु परिवर्तन में भूमिका बहुत कम रही है। पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव उनपर कहीं अधिक हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद ये देश जलवायु कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी बहुत ही ज़रूरी है। ग्लोबल साउथ के देशों की अपेक्षा है कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए विकसित देश उनकी अधिक से अधिक मदद करें। ये स्वाभाविक भी है और न्यायोचित भी है। मोदी ने कहा, अपनी जी-20 अध्यक्षता में, भारत ने सतत विकास और जलवायु परिवर्तन इन दोनो विषयों को बहुत ही प्राथमिकता दी है। हमने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य को अपनी अध्यक्षता का आधार बनाया और साझा प्रयासों से, कई विषयों पर सहमति बनाने में भी सफलता पाई।

## अंतरराष्ट्रीय एलजीबीटी आंदोलन प्रतिबंधित

मॉस्को। रूस ने अतरराष्ट्रीय एलजीबीटी आंदोलन पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा है कि यह एक चरमपंथी समूह है जिससे इस पर लंबी कार्रवाई आवश्यक हो जाती है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा प्रचारित रूढ़िवादी रूझान, जिसे प्राय: पश्चिमी उदारवादी मूल्यों के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई के रूप में चित्रित किया जाता है, यह यूक्रेन में आक्रमण के बाद और तेज हो गया है। पत्रकारों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कल मॉस्को में फैसला सुनाया लेकिन पीठ ने यह नहीं बताया कि इस फैसले से कुछ व्यक्ति या संगठन प्रभावित होंगे या नहीं। न्यायाधीश ओलेग नेफेदोव ने फैसला सुनाया कि अंतरराष्ट्रीय एलजीबीटी सार्वजनिक आंदोलन और उसके उपखंड चरमपंथी हैं और रूस में इसकी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया। एक पत्रकार एडा ब्लेकवेल ने कहा, सुनवाई बंद कमरे में हुई और इसमें कोई बचाव पक्ष मौजूद नहीं था। अदालत के बाहर 10 से भी कम लोग जमा हुए थे। मुझे उम्मीद थी कि समर्थन दिखाने के लिए ज्यादा लोग आएंगे, लेकिन बहुत ही कम लोग आए। इससे पता चलता है कि एलजीबीटी लोगों से संबंधित किसी भी चीज़ के बारे में बात करने से लोग कितना डरे हुए हैं। न्यायाधीश ने कहा कि आदेश को तुरंत लागू किया जाना चाहिए हालांकि कुछ एनजीओ ने कहा कि इसे लागू करने में देरी होगी।

## बड़े देश स्वार्थ छोड़कर, स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाएं : मोदी

दुबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक समुदाय का आज आह्वान किया कि जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उन्हें स्वार्थ प्रेरित सोच के अंधेरे से बाहर निकलना होगा और ऊर्जा संक्रमण, न्यायपूर्ण, समावेशी एवं समानतापूर्ण बनाने के लिए दूसरे देशों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सुलभ करके स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाना होगा। मोदी ने यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अध्यक्षता में आयोजित विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन (सीओपी-28) में विशेष संबोधन में इस आह्वान के साथ ग्रीन क्रेडिट पहल की घोषणा की और सभी देशों से इससे जुड़ने की अपील भी की। इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुटेरस भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने विश्व नेताओं को दो टूक शब्दों में नसीहत देते हुए कहा, पिछली शताब्दी की गलतियों को सुधारने के लिए हमारे पास बहुत ज्यादा समय नहीं है। मानव जाति के एक छोटे हिस्से ने प्रकृति का अंधाधुंध दोहन किया। लेकिन इसकी कीमत पूरी मानवता विशेषकर ग्लोबल साउथ के निवासियों को चुकानी पड़ रही है। सिर्फ मेरा भला हो, ये सोच, दुनिया को एक अंधेरे की तरफ ले जाएगी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# कुशीनगर सांसद द्वारा पडरौना रेलवे स्टेशन पर नये स्टेशन भवन का किया शिलान्यास

वाराणसी। (पीएमए) यात्रियों की सुविधा विस्तार के क्रम में पड़रौना रेलवे स्टेशन पर प्रात: 11:00 बजे से आयोजित एक समारोह से माननीय सांसद(कुशीनगर) श्री विजय कुमार दूबे द्वारा सुभाष चौक स्थित समपार फाटक संख्या-68 पर रोड अंडर ब्रिज (ऋ.क्क) के निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं पड़रौना रेलवे स्टेशन पर नये स्टेशन भवन तथा नवीनीकृत यात्री सुविधाओं के उन्नयन कार्यों का फलक अनावरण कर शिलान्यास किया गया । इस अवसर पर सम्मानित जन प्रतिनिधियों के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा),वाराणसी श्री रोशन लाल यादव, वरिष्ठ मंडलच इंजीनियर-2 श्री सत्यम कुमार सिंह,मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री अमित मणि त्रिपाठी,सहायक मंडल इंजीनियर श्री जी. बी. सिंह,सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री पी.एस.रावत एवं भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे ।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में माननीय सांसद, लोक सभा श्री विजय कुमार दूबे ने समारोह में पधारे सभी अतिथियों एवं जनता का स्वागत करते हुए पड़रौना रेलवे स्टेशन पर नये स्टेशन भवन तथा नवीनीकृत यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं पड़रौना ङ्क बड़हड़ागंज के मध्य सुभाष चौक,पड़रौना में पड़ने वाले समपार फाटक सं-68 क्कपर डबल लेन 2.5 मीटर ऊँचाई के रेल अंडर ब्रिज के निर्माण की स्वीकृती प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री, रेलमंत्री एवं रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया की उक्त समपार फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाने हेतु स्वीकृती मिली थी परन्तु ओवर ब्रिज के निर्माण से सड़क के दोनों छोर पर स्थित दुकानदारों एवं क्षेत्रीय जनता को आने-जाने में होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए मैंने इस समपार फाटक पर रेल अंडर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव रखा था जो आज पूरा हो गया । इसके साथ ही उन्होंने बताया की कुशीनगर क्षेत्र में पड़ने वाले समपार फाटकों पर दुर्घटनाओं को रोकने, जाम की समस्या को समाप्त करने एवं संरक्षित यातयात के लिए व्यस्ततम समपार फाटकों पर रेलवे ओवर ब्रिज अथवा रेलवे अंडर ब्रिज बनाने तथा अन्य समपार फाटकों पर सिमित ऊँचाई के सब-वे बनाने की मांग को रेलवे प्रशासन ने मंजूरी दे दी है जो आने वाले समय में क्रमबद्ध रूप से पूरा किया जायेगा।

उन्होंने बताया कुशीनगर जिले में पड़ने वाले सभी स्टेशनों पर यात्रियों सुविधा विकास के कई कार्य कराए गयें है । इसके साथ ही 4.46 करोड़ की लागत से पड़रौना स्टेशन के नये स्टेशन भवन का निर्माण कुशीनगर के आर्टिकल्चर को ध्यान में रखते हुए गौतम बुद्ध की प्रतिमा के साथ किया जा रहा है । पड़रौना स्टेशन के प्लेटफार्म सरफेस का सुधार किया जायेगा, सैलानियों के विश्राम के लिए यात्री प्रतीक्षालय एवं वी आई पी लाउन्ज का निर्माण किया जायेगा,बौद्ध आर्टिकल्चर के हिसाब से सर्कुलेटिंग एरिया का सुन्दरीकरण तथा सामान्य यात्री हॉल को विकसित किया जायेगा । यात्रियों एवं व्यापरियों की सुविधा हेतु बुकिंग काउन्टर,पार्सल/मॉल कार्यालय का पुनर्विकास की योजनाएँ स्वीकृत हुई है जिनपर शिलान्यास के बाद शीघ्र कार्यान्वयन किया जायेगा।

इसी क्रम में पड़रौना की जनता की माँग एवं मेरे प्रयासों के परिणाम स्वरूप रेलवे प्रशासन द्वारा जनता की सुविधा हेतु समपार फाटक सं-68 क्क पर डबल लेन रेल अंडर ब्रिज बन जाने से एक तरफ जहाँ कठकुइयाँ मोड़ होते हुए गोरखपुर एवं पड़रौना बाई पास से जटहाँ बाजार और तमकुही रोड होते हुए बिहार जाने वाले सड़क उपयोगकर्ताओं को बहुत सुविधा होगी । समपार फाटक संख्या-68 पर रोड अंडर ब्रिज (ऋ.क्क) के निर्माण से कुशीनगर जिले में पड़रौना, कठकुइयाँ,तमकुही रोड,कसयाँ रोड,जटहाँ बाजार एवं बांसी होकर आने-जाने वाले सड़क उपयोगकर्ताओं को बहुत सुविधा होगी । समपार फाटक बन्द करने से दुर्घटनाओं की सम्भावना समाप्त हो जाएगी और गाड़ियों का परिचालन सुरक्षित,संरक्षित एवं बाधारहित बन सकेगा । मैं पड़रौना रेलवे स्टेशन पर नये स्टेशन भवन तथा नवीनीकृत यात्री सुविधाओं के उन्नयन कार्यों के शिलान्यास एवं समपार फाटक संख्या-68 पर रोड अंडर ब्रिज (ऋ.क्क) के निर्माण के भूमि पूजन अवसर पर आप सभी को बधाई देता हूँ ।

इसके पूर्व माननीय सांसद एवं सम्मानित अतिथियों का स्वागत करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) श्री रोशन लाल यादव ने माननीय सांसद जी को अपना बहुमूल्य समय निकाल कर पड़रौना रेलवे स्टेशन पर नये स्टेशन भवन तथा नवीनीकृत यात्री सुविधाओं के उन्नयन कार्यों का शिलान्यास एवं समपार फाटक संख्या-68 पर रोड अंडर ब्रिज (ऋ.क्क) के भूमि पूजन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद किया।

उन्होंने बताया कि माननीय सांसद जी के प्रयासों एवं क्षेत्रीय जनता की मांग पर रेलवे द्वारा आम जनता एवं सड़क उपयोगकर्ताओं की सुविधा हेतु पडरौना ङ्क बड़हड़ागंज के मध्य सुभाष चौक,पड़रौना में पड़ने वाले समपार फाटक सं-68 क्कपर डबल लेन 2.5 मीटर ऊँचाई के रेल अंडर ब्रिज ( लागत लगभग 12.00 करोड़)के निर्माण की स्वीकृती प्रदान किया गया है। समपार फाटक बन्द करने से दुर्घटनाओं की सम्भावना समाप्त हो जाएगी और गाड़ियों का परिचालन सुरक्षित,संरक्षित एवं बाधारहित बन सकेगा ।

इसके साथ ही पड़रौना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों हेतु वर्तमान में मूलभूत सुविधाएँ पहले से ही उपलब्ध है । इसके साथ ही पड़रौना रेलवे स्टेशन पर 4.46 करोड़ की लागत से नये स्टेशन भवन का निर्माण, प्लेटफार्म सरफेस का सुधार,यात्री प्रतीक्षालय एवं वी आई पी लाउन्ज का निर्माण,सर्कुलेटिंग एरिया का सुन्दरीकरण तथा यात्री हॉल,बुकिंग काउन्टर,पार्सल/मॉल कार्यालय का पुनर्विकास किया जायेगा । इसके साथ ही पड़रौना रेलवे स्टेशन पर निर्बाध पानी की उपलब्धता के लिए आर.सी.सी.पानी की टंकी, ट्यूब वेल,वाटर बूथों के साथ पम्प हॉउस का प्रवधान करने एवं स्टेशन और सर्कुलेटिंग एरिया के ड्रेनेज सिस्टम के सुधार का कार्य करने की अत्याधुनिक सुविधाओं की योजना तैयार की गई है और चरणबद्ध तरीके से उनका कार्यान्वयन किया जायेगा। पड़रौना रेलवे स्टेशन पर नये स्टेशन भवन तथा नवीनीकृत यात्री सुविधाओं के उन्नयन कार्यों का शिलान्यास एवं समपार फाटक संख्या-68 पर रोड अंडर ब्रिज (ऋ.क्क) के निर्माण कार्य के भूमि पूजन अवसर पर आप सभी को बधाई देता हूँ ।

# शार्ट न्यूज

## आयुर्वेद में आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का संपूर्ण समाधान : धनखड़

नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि आयुर्वेद एक स्थायी और न्यायसंगत स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के वैश्विक आह्वान के साथ सहजता से जुड़ा हुआ है तथा इसमें आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का संपूर्ण समाधान है। धनखड़ ने केरल के तिरुवनंतपुरम में पांचवें वैश्विक आयुर्वेद महोत्सव के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद बीमारियों के इलाज से कहीं आगे है क्योंकि इसमें कल्याण और भलाई के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण शामिल है। धनखड़ ने कहा कि आधुनिक गैर-संचारी और जीवनशैली संबंधी बीमारियों में वृद्धि के बीच सस्ता, प्रभावकारी और संपूर्ण समाधान के रूप में आयुर्वेद की महत्वपूर्ण भूमिका है।रोकथाम, संतुलन और व्यक्तिगत देखभाल के लिए आयुर्वेद पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यह एक स्थायी और न्यायसंगत स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के वैश्विक आह्वान के साथ सहजता से मेल खाता है। धनखड़ ने कहा कि चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों के व्यापक उपयोग से भारत को स्वास्थ्य लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

## आयुष क्षेत्र में उद्यमिता विकसित करना सरकार की प्राथमिकता : सोनोवाल

नयी दिल्ली। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आयुष क्षेत्र में चिकित्सकों और अन्य पक्षों से नवाचार और सहयोग की भावना अपनाने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि युवा उद्यमियों के लिए आयुष क्षेत्र में स्टार्टअप स्थापित करने की अपार संभावनाएं और संभावनाएं हैं। सोनोवाल ने आज तिरुवनंतपुरम में पांचवें वैश्विक आयुर्वेद मेले का उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक आयुर्वेद महोत्सव प्रगति का एक प्रतीक है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वैश्विक मंच पर आयुर्वेद की ताकत को प्रदर्शित करता है। वैश्विक आयुर्वेद महोत्सव का आयोजन पांच दिसंबर तक केरल के तिरुवनंतपुरम में सेंटर फॉर इनोवेशन इन साइंस एंड सोशल एक्शन के सहयोग से किया जा रहा है। महोत्सव में दुनिया भर से शोधकर्ता, गणमान्य व्यक्ति और आयुर्वेद के लोग उपस्थित होंगे। इस अवसर पर विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन, आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा और आयुष मंत्रालय के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सोनोवाल ने कहा कि आयुष क्षेत्र के चिकित्सकों और अन्य पक्षों से नवाचार और सहयोग की भावना को अपनाने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि सरकार आयुष क्षेत्र में अन्य देशों में निवेश करने के इच्छुक लोगों को भी सुविधा प्रदान करेगी।

## कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग ने की श्रीअन्न की प्रशंसा

नयी दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन- डब्ल्यूएचओ और खाद्य एवं कृषि संगठन - एफएओ की 188 सदस्य देशों के अंतरराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता मानक-निर्धारण निकाय- कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग (सीएसी) ने श्रीअन्न पर भारत के मानकों की प्रशंसा की है और श्रीअन्न के लिए वैश्विक मानकों के विकास के लिए भारतीय प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि इटली के रोम में आयोजित सीएसीके 46वें सत्र के दौरान भारत ने आठ गुणवत्ता मानकों का उल्लेख करते हुए 15 प्रकार के श्रीअन्न के लिए एक व्यापक समूह मानक तैयार किया है, जिसे अंतरराष्ट्रीय बैठक में जोरदार सराहना मिली है। कोडेक्स के पास वर्तमान में ज्वार और बाजरे के लिए मानक हैं। भारत के लिए दालों के मामले में, विशेष रूप से फिंगर बाजरा, बार्नयार्ड बाजरा, कोडो बाजरा, प्रोसो बाजरा और लिटिल बाजरे के समूह मानकों के रूप में श्रीअन्न के लिए वैश्विक मानकों के विकास के लिए एक प्रस्ताव रखा। रोम में एफएओ मुख्यालय में सत्र में सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया गया, जिसमें यूरोपीय संघ (ईयू) सहित 161 सदस्य देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

## सीमाओं को सुरक्षित रखने वाले वीर जवान देश के विकास की नींव है : शाह

नयी दिल्ली/रांची। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को झारखंड के हज़ारीबाग में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 59वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने वाले वीर जवान देश के विकास की नींव हैं। शाह ने कहा कि जीवनपर्यन्त कर्तव्य बीएसएफ का सिर्फ घोषवाक्य नहीं है बल्कि आज तक 1900 से अधिक सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर इस वाक्य को चरितार्थ भी किया है। उन्होंने कहा कि लाखों सीमा प्रहरियों ने अपने जीवन का स्वर्णिम काल कठिनतम परिस्थितियों में परिवार से दूर रहकर बिताया है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति के रूप में बीएसएफ ने जिस तरह से देश की दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा की है, उससे पूरा देश बीएसएफ के इन वीर जवानों पर गर्व करता है। इस अवसर पर बीएसएफ महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया था, एक सीमा पर एक ही सुरक्षा बल की तैनाती। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के तहत पाकिस्तान और बंगलादेश की सबसे दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी बीएसएफ को मिली, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया है।

## हमीरपुर में दुष्कर्म के आरोपी दो नाबालिग भेजे गये बालसुधार गृह

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में तीन दिन पहले कोचिंग छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी दो बालकों को शुक्रवार शाम गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह चित्रकूट भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तीन दिन पूर्व एक गांव की नाबालिग छात्रा सुबह घर से कोचिंग जा रही थी कि तभी गांव निवासी शिवांशु सिंह और आर्यन सिंह ने उसे रास्ते में रोककर बाइक में बैठा लिया और इंगोहटा छानी मार्ग पर बंद पड़ी गल्ला मंडी ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। उन्होने बताया कि घर वापस लौटी छात्रा ने मां को आपबीती बताई। मां के उलाहने देने पर दोनों आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की और धमकी देकर भगा दिया।

# ईसाई धर्म प्रचार में 42 पर मुकदमा दर्ज , 9 गिरफ्तार

### जिले में सक्रिय हो चुका है एक बार पुन: धर्मान्तरण

सोनभद्र । आदिवासी गिरिवासी वनवासी बहुल जिले में धर्म परिवर्तन का बड़ा मामला सामने आया है। गरीब परिवारों को तरह-तरह के प्रलोभन देकर ईसाई बनाने के आरोप में पुलिस ने चोपन थाने में 42 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है जिसमें से नौ (09) आरोपी गिरफ्तार भी किए गए हैं। उनके पास से भारी मात्रा में धर्म प्रचार से संबंधी साहित्य व अन्य सामग्री बरामद हुई है। दावा किया जा रहा है कि अभी बड़ी संख्या में अन्य लोग भी इस कार्य में संलिप्त है। पुलिस उनकी तलाश में सरगर्मी से जुट गई है।

चोपन के सिंदूरिया रोड निवासी नरसिंह त्रिपाठी ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर जिले में अनैतिक रूप से धर्म परिवर्तन कराने की शिकायत की थी। उनका आरोप था कि कुछ लोग गरीब,



आदिवासी व कम पढ़े-लिखे परिवारों की मजबूरी का लाभ उठाते हुए उन्हें तरह-तरह का प्रलोभन देकर ईसाई बना रहे हैं।

वर्ष 2011 में चेन्नई के टेनामेट थाना क्षेत्र निवासी जयपभू रेणुकूट के जेम्स टीसी लूई चर्च आया और फिर चोपन के पटवध में जमीन खरीदकर यहीं बस गया। वह गांव-गांव जाकर धर्म परिवतर्न कराने में लिप्त है। उसके अलावा भी कई अन्य लोग शामिल हैं। बड़ी संख्या में लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा चुका और लगातार यह कार्य जारी है।

एसपी के निर्देश पर पुलिस ने जांच शुरू की तो बड़ा मामला सामने आया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जयप्रभू, आंध प्रदेश के विजयवाड़ा निवासी चेक्का इम्मैनुएल, उसकी पत्नी के. सौजन्या, फादर पारस, शंखलाल भारती, संतलाल गोंड सहित 42 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

शुक्रवार को पुलिस ने जय प्रभू, मुसही निवासी अजय कुमार, छोटू उर्फ रंजन, सोहन उर्फ रंजीत, चेक्का इमैनुएल, तियरा कलां निवासी राजेंद्र कोल, पड़री कला निवासी परमानंद, धर्मदासपुर निवासी प्रेमनाथ प्रजापति, बबुरी निवासी रामप्रताप को गिरफ्तार कर लिया।

चोपन एसओ विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों के पास से ईसाई धर्म प्रचार से जुड़े साहित्य, बाइबिल, सीडी, ऑडियो टेप, लैपटॉप सहित प्रचार सामग्री भारी मात्रा में मिली है। आरोपियों को पूछताछ के बाद कोर्ट के लिए चालान किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अन्य की तलाश की जा रही है।

# मोदी के मार्गदर्शन से सफल रहा सिलक्यारा अभियान : धामी

नयी दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तरकाशी के सिलक्यारा की सुरंग में फंसे मजदूरों को सकुशल बाहर निकलने का अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त मार्गदर्शन के कारण ही सफल हुआ है।

धामी ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुरंग हादसे में 41 श्रमिकों को 17 दिन बाद सकुशल बाहर निकालने को एक बड़ी उपलब्धि बताया और इस सफलता का श्रेय मोदी के मार्गदर्शन को दिया।

उनका कहना था कि केंद्र सरकार की तरफ से भेजी गयी विशेषज्ञ दल की बदौलत हम अभियान में कामयाब हो सके।

मोदी यदि पर्याप्त संसाधन और मानवीय सहायता उपलब्ध नहीं करते तो यह अभियान सफल नहीं हो पाता। उन्होंने कहा,दीपावली के दिन 12 नवम्बर सुबह यह हादसा हुआ। शाम को मोदी ने फोन करके मुझसे घटना की पूरी जानकारी ली और कहा कि सभी 41 श्रमिकों को किसी भी कीमत पर सकुशल बाहर निकालना है।

उनकी प्रेरणा से राज्य सरकार मजबूती के साथ बचाव अभियान में जुटी और बचाव में लगी टीमों का मनोबल बढ़ा। प्रधानमंत्री ने हमे आश्वस्त किया कि मिशन को अंजाम तक पहुंचाने में संसाधनों और विशेषज्ञों की कोई कमी नहीं रहेगी। शुरू से लेकर अंत तक प्रधानमंत्री जी ने मार्गदर्शन किया और पल-पल की जानकारी लेते रहे।

धामी ने कहा मोदी ने सुरंग से सकुशल बाहर निकाले गए श्रमिकों से फोन पर बात की और उनका हौसला बढ़ाया।

# कैंप के माध्यम से लोगों को किया जायेगा लाभान्वित

आजमगढ़ । (पीएमए) शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर से किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड सठियांव में प्रथम पाली में ग्राम पंचायत सठियांव एवं द्वितीय पाली में मुहब्बतपुर, बिलरियागंज में प्रथम पाली में पटवध कौतुक एवं द्वितीय पाली में तेन्दुआ तेजपुर, मिर्जापुर में प्रथम पाली में मोहनपुर एवं द्वितीय पाली में बिजहा मैनुद्दीनपुर, मुहम्मदपुर में प्रथम पाली में आवंक एवं द्वितीय पाली में सिरसाल, जहानागंज में प्रथम पाली में मन्दे एवं द्वितीय पाली में मसुआ, अतरौलिया में प्रथम पाली में भोराजपुर कलां हैदरपुर खास एवं द्वितीय पाली में छितौनी खास बौड़रा लछिरामपुर, पवई में प्रथम पाली में जल्दीपुर एवं द्वितीय पाली में सरायपुल, अहिरौला में प्रथम पाली में खुरासो एवं द्वितीय पाली में समशाबाद, तरवां में प्रथम पाली में ऐरा बुजुर्ग एवं द्वितीय पाली में ऐरा खूर्द, पल्हनी में प्रथम पाली में भदुली एवं द्वितीय पाली में बूदैठा, फूलपुर में प्रथम पाली में बूढ़ापुर बदल एवं द्वितीय पाली में चमावां, हरैया में प्रथम पाली में जमुवा सागर एवं द्वितीय पाली में सरगहा सागर, मार्टीनगंज में प्रथम पाली में नरईसुल्तानपुर एवं द्वितीय पाली में औरंगाबाद, पल्हना में प्रथम पाली में भोजपुर एवं द्वितीय पाली में ग्राम पंचायत असौसा (विद्यापुर) में वैन भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

# पांच दिवसीय नमो कबड्डी प्रतिस्पर्धा का हुआ आगाज

**सोनभद्र ।** नमो कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ विकासखण्ड कर्मा के कठपुरवा स्टेडियम में निर्धारित समय पर भाजपा जिलाअध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यादवेंद्र दत्त द्विवेदी जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा तथा संचालन अनिल सिंह महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा ने किया। नमो कबड्डी प्रतोयोगिता में जनपद की 14 टीमें नामांकित रहीं जिनमें टीम एवं कप्तान रहे खैरपुर ए से सुरेंद्र कुमार पटेल, खैरपुर बी से शैलेश कुमार, परही से सतेंद्र कुमार, साईनाथ होलिस्टिक हॉस्पिटल हिन्दुआरी से अतुल कुमार सिंह, शिवखरी से विनोद पटेल, सरौली से रोहित गिरी, कुशी से अमित कुमार, कठपुरवा ए से सूरज, कठपुरवा बी से सुजीत, कठपुरवा सी से हिमांशु, मदार ए से बृजेश, मदार बी से सनी कुमार, जोगिनी से संतोष पटेल, महोखर से गोलू व अन्य टोली के साथ कप्तान की सहभागिता रही। रेफरी आशीष पटेल, राकेश सिंह, आनंद दीक्षित, विनोद यादव रहे जबकि




संचालन लालचंद्र वर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा नंदलाल गुप्ता ने क्रीड़ांगन परिसर में मौजूद समुदाय को संबोधित करते खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा किनमो कबड्डी प्रतियोगिता जनपद के प्रत्येक विकासखण्ड में आयोजित कराया जायेगा जिसका नेतृत्व भाजपा किसान मोर्चा करेगा।भारतीय जनता पार्टी द्वारा खेलो इण्डिया के तहत अपने प्राचीन खेल को बढ़ावा देने के लिये देश के समस्त जनपदों में प्रतिस्पर्धा आयोजित होंगी कबड्डी प्रतियोगिता के रूप में। यादवेंद्र दत्त द्विवेदी जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा ने अपने उद्बोधन में बताया कि किसान मोर्चा द्वारा सम्पूर्ण भारत के प्रत्येक राज्य के समस्त जनपदों में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में। प्रतिस्पर्धा में जनपद की विजेता टीम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा लखनऊ में सम्मानित किया जाना सुनिश्चित है। सोनभद्र जनपद में जनपद स्तरीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कठपुरवा स्टेडियम में किया गया है जिसमें जनपद की 32 टीम सहभागिता करना अपेक्षित है। आयोजक कमेटी नमो कबड्डी के जिला संयोजक राजेश मिश्रा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, स्वागत संयोजक गोपाल सिंह वैद्य घोरावल विधानसभा प्रभारी, मॉनिटरिंग सेल संयोजक दिलीप चौबे जिला उपाध्यक्ष, स्वागत संयोजक मीनू चौबे जिला उपाध्यक्ष, स्थल संयोजक ई. अभयकांत दुबे जिलामंत्री, डॉ प्रसन्न पटेल वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, प्रीति वर्मा, रामप्रवेश यादव, बलेंद्र सिंह पटेल जिला कार्यसमिति सदस्य, बृजेश पाण्डेय जिला कोषाध्यक्ष, विपिन मिश्र मण्डल अध्यक्ष कर्मा, संतोष पटेल मण्डल उपाध्यक्ष घोरावल, कमलेश पाण्डेय, सूर्यदेव पाण्डेय, अर्पित दुबे की सक्रिय समुपस्थिति रही तो कार्यक्रम में प्रमुखरूप से दयाशंकर पाण्डेय प्रभारी कर्मा मण्डल भाजपा, धर्मेंद्र शर्मा कर्मा मण्डल अध्यक्ष भाजपा, उदय नाथ मौर्य जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अंकुर सिंह मण्डल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, धर्मेंद्र सिंह व अन्य क्रीड़ा प्रेमी व गणमान्य जनों की सार्थक मौजूदगी रही। इस आशय की जानकारी ई. प्रकाश पाण्डेय जिला मीडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा ने दी।

# एनजीटी के न्यायिक सदस्य डॉ अफरोज अहमद की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक सम्पन्न

### बैठक में जिलाधिकारी एस राजलिंगम, डीएफओ वाराणसी तथा मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल भी उपस्थित रहे

वाराणसी। (पीएमए) कमिश्नरी सभागार में एनजीटी के न्यायिक सदस्य डॉ अफरोज अहमद की अध्यक्षता में वाराणसी के जिला पर्यावरणीय समिति एवं अन्य पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित बैठक आयोजित हुई जिसमें उन्होंने पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय रखते हुए जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए एनजीटी के नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली।

बैठक में वाराणसी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, बायो मेडिकल वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, खतरनाक अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण, कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट, इ-वेस्ट प्रबंधन, उत्प्रवाह शुद्धीकरण संयंत्र के संचालन तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण के विभिन्न वादों / आदेशों के अनुपालन के संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने कोयले के स्थान पर पीएनजी अपनाने का सुझाव दिया। रमना एसटीपी के बारे में विस्तार से जानकारी ली जिसपर क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 100 टन कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है। डॉ अहमद ने एनजीटी के आदेश 606 के अनुसार एसटीपी को तीन भाग में रखने का सुझाव दिया जिसमें इंटरप्रिटेशन सेंटर, जैव विविधता पार्क तथा तीसरा भाग उसके फैलाव हेतु रखने का सुझाव दिया। शहर के बाहर अच्छे से नदी के जलग्रह एरिया को रोकने हेतु मेढ़ो पर पेड़ लगाने, पिलर लगाने हेतु भी निर्देशित किया।

उन्होंने बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के निस्तारण की वर्तमान में जानकारी लेने हेतु 24 घण्टे के अंदर प्रोफेशनल तरीके से निस्तारण करने हेतु भी निर्देश किया। एग्रोफॉरेस्टरी तथा अर्बन फॉरेस्टरी अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने उद्योग बंधुओं के साथ बैठक करके उनको पर्यावरण संरक्षण हेतु उनकी सीएसआर तथा सीईआर फंड का इस्तेमाल करने को प्रेरित करने हेतु भी निर्देशित किया। बनारस को पर्यावरण के हिसाब से ऐसा बनाया जाये कि लोग उदारहण के रूप में प्रयोग करें।

नदियों के कैचमेंट एरिया को बचाने, कीटनाशकों के प्रयोग को गंगा में मिलने से रोकने तथा नदी किनारे हरियाली को बढ़ावा देने हेतु धार्मिक लोगों को इसमें शामिल करने हेतु भी सुझाव दिया।

बैठक में डॉ. अफरोज अहमद ने संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों से कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने हरित विकास पर विशेष सुझाव देते हुए कहा की जनपद में मुख्य बिंदुओं को चिह्नित करके अच्छा प्लान तैयार करें ताकि हरित विकास उच्च स्तर पर हो सके। उन्होंने खनन एवं निर्माण कार्य आदि के कार्यों में प्रदूषण निस्तारण को बेहतर ढंग से करने हेतु भी निर्देशित किया।

# बुलंदशहर में ट्रक लुटेरे गिरफ्तार

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश की बुलंदशहर पुलिस ने 20 दिन पूर्व हुई ट्रक लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20 लाख रुपए कीमत के सभी 170 कार्टून बरामद करने का दावा किया है। सहायक पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि 20 नवंबर को कोतवाली देहात क्षेत्र के गुलावठी रोड पर एक ट्रक संदिग्ध अवस्था में खड़े होने की पुलिस को सूचना मिली थी जिसमें जांच करने पर पता चला कि उक्त ट्रक गाजियाबाद निवासी मयंक प्रताप सिंह ने बुक कर किचन परचून व सपोर्ट का सामान भर कर गाजियाबाद से मधुबनी बिहार के लिए गत 13 नवंबर को रवाना किया था लेकिन सामान वहां नही पहुंचा, ट्रक के चालक व परिचालक सामान को लेकर फरार हो गये जिसके संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

# कॉलेज में स्वयं सेविकाओं ने किया श्रमदान

### महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन

**कपिल शर्मा । गौरवशाली भारत**

नाँगल चौधरी। राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वमं सेवा योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचार्य राष्ट्रपाल यादव की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने एनएसएस की छात्राओं को स्वच्छता से संबंधित बातें बताई। शिविर के दौरान उन्होंने कहा कि, अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए हमें अपने घरों, कार्यालयों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए। साफ सुथरा वातावरण न केवल अच्छा दिखता है बल्कि, हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। प्राचार्य ने कहा कि, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान का





मुख्य उद्देश्य भारत को साफ एवं स्वस्थ्य बनाना है। हमें लोगों में इसके प्रति जागरूकता लानी है। जिससे लोग स्वस्थ एवं स्वच्छ रह सके। क्योंकि हमारा देश ही हमारी पहचान है। इस लिए देश को अपना घर समझें और उसकी सफाई में भी सदैव अपना योगदान देते रहे। इस कैम्प की देखरेख एनएसएस प्रभारी डॉ. पूनम तंवर, और डॉ. सुशीला यादव के संचालन में किया गया। इस कैम्प में एनएसएस की दोनों यूनिट की 200 स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान किया। इस अवसर पर डॉ. ममता यादव, डॉ. हरनाम यादव, डॉ. सुदेश, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. पिंकी प्रजापत आदि स्टाफ मौजूद रहे।